* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 39 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 5 जुलाई 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



अमरनाथ यात्रा के पहले दिन 12,348 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# मुहर्रम पर बिहार पुलिस अलर्ट 13719 जुलूसों पर रहेगी पैनी नजर

## 17 संवेदनशील जिलों में अत्यन्त कड़े प्रबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इन दिनों अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार एक्शन में है। वहीं, आगामी त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए भी प्रशासन पूरी तरह चौकस है। इसी सिलसिले में मुहर्रम को लेकर शुक्रवार को मुख्यालय के लॉ एंड ऑर्डर एडीजी पंकज दाराद ने प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के मौके पर मैं आमजन से अपील करता हूं कि पर्व को अमन और भाईचारे के साथ मनाएं।

**13 हजार से अधिक ताजिया जुलूस निकलेंगे**

एडीजी पंकज दाराद ने जानकारी दी कि इस बार बिहार में कुल 13,719 ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी ज्यादा है। उन्होंने बताया कि सभी जुलूस लाइसेंस प्राप्त हैं। मुहर्रम के समय सांप्रदायिक तनाव की आशंका बनी रहती है, हालांकि पिछले साल केवल कुछ छोटे विवाद ही हुए थे। इस बार पुलिस की प्राथमिकता रहेगी कि कोई भी अप्रिय घटना न हो और पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। एडीजी ने कहा कि मुहर्रम के लिहाज से पूरा राज्य संवेदनशील है, लेकिन विशेष रूप से सीतामढ़ी,




बिहार पुलिस मुख्यालय

कटिहार, पूर्णिया, सिवान, गोपालगंज, भागलपुर, बांका, नालंदा, मुजफ्फरपुर, अररिया, औरंगाबाद, बगहा, दरभंगा, मधुबनी, मधेपुरा, रोहतास और पटना जिले अतिसंवेदनशील श्रेणी में हैं। उन्होंने बताया कि आम तौर पर जबरन चंदा वसूली और जुलूस के दौरान दूसरे धर्म के धार्मिक स्थलों के पास भड़काऊ नारेबाजी से स्थिति बिगड़ती है।

**जुलूस मार्ग का किया जाएगा भौतिक निरीक्षण**

पंकज दाराद ने कहा कि पूरे राज्य में मुहर्रम को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मिश्रित आबादी वाले इलाकों में शांति समिति की बैठकें कराई जाएं। साथ ही, असामाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के कोई भी जुलूस नहीं निकल पाएगा। इसके अलावा, सभी जुलूस मार्गों का स्थल निरीक्षण किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर**

एडीजी ने बताया कि जिन रास्तों पर जुलूस निकलेंगे, वहां अगर कोई अवरोध या परेशानी की आशंका है तो उसका समाधान पहले ही कर लिया जाएगा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। साथ ही, सोशल मीडिया पर भी अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। किसी भी भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट पर त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मां के साथ जेलों में बंद 228 बच्चों को मिले शिक्षा का अधिकार

■ पटना हाई कोर्ट ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने राज्य की जेलों में अपनी माताओं के साथ बंद एक से छह वर्ष की उम्र के बच्चों को शिक्षित करने के मामले पर सुनवाई की। एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने संतोष उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, कारा निरीक्षक एवं बालसा (बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) को यह स्पष्ट करने को कहा कि इन बच्चों को किन स्कूलों में भेजा जा रहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकास कुमार पंकज ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2002 में राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें कैदी महिलाओं के बच्चों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। लेकिन आज भी जेलों में इन बच्चों के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं है। कोर्ट ने इन सभी बिंदुओं पर राज्य सरकार, आईजी कारा और बालसा को विस्तृत जवाब देने का निर्देश दिया है। साथ ही अगली सुनवाई में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। पूर्व




में कोर्ट ने जेलों में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने के मामले में भी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इन बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को दिया था। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को पूर्व की सुनवाई के अनुसार स्थिति स्पष्ट करते हुए जवाब देने को कहा था। न्यायालय ने शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी को हर संभव सहयोग करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने राज्य की विभिन्न जेलों में अपनी माताओं के साथ बंद 1 से 6 वर्ष के बीच के 103 बालकों और 125 बालिकाओं की शिक्षा की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया था। कोर्ट को अधिवक्ता विकास कुमार पंकज ने बताया कि राज्य की जेलों में कुल 50,682 पुरुष और 2,350 महिला विचाराधीन बंदी हैं। वहीं 6,995 पुरुष और 212 महिला सजायाफ्ता बंदी हैं। कोर्ट को यह भी बताया गया कि सबसे अधिक नाबालिग बच्चे भागलपुर महिला मंडल कारा और नवादा मंडल कारा में 16-16 हैं। कटिहार मंडल कारा में 14, गया केंद्रीय कारा में 13, बेतिया मंडल कारा में 10, बेऊर आदर्श केंद्रीय कारा में 9, मुज़फ्फरपुर, पूर्णिया केंद्रीय कारा, सिवान, आरा, सीतामढ़ी और जहानाबाद मंडल कारा में 8-8, तथा दरभंगा मंडल कारा में 7 बच्चे अपनी माताओं के साथ बंद हैं। पूरे प्रदेश की जेलों में इस प्रकार कुल 103 बच्चे और 125 बच्चियां, यानी कुल 228 नाबालिग, अपनी माताओं के साथ बंद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नबिटा ब्यूरो।** पलामू में शुक्रवार को सड़क हादसे में पिकअप वैन सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 37 लोग जख्मी हो गए। घटना छतरपुर स्थित फोरलेन नेशनल हाईवे-98 सड़क पर कउवल गांव के पास हुई। बिहार जा रही पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे यह हादसा हुआ। पिकअप पर 40 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वैन का ड्राइवर नशे में था और गाड़ी की स्पीड काफी ज्यादा थी। सभी लोग गढ़वा के रंका और रमकंडा के आस पास के गांव के रहने वाले हैं। सभी बिहार के सासाराम के करगहर गांव में धान रोपने जा रहे थे। इसी बीच सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप का ड्राइवर नशे में था और तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। इससे गाड़ी अनियंत्रित होकर दाहिने साइड डिवाइडर पर चढ़ गई और सड़क पर पलट गई।

### ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के दानापुर रेल मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन पर एक दुर्घटना सामने आई है। बिहटा स्टेशन के डाउन मेन लाइन पर चलती ट्रेन से गिरकर एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बिहटा जीआरपी थाने को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र लगभग 70-75 वर्ष आंकी गई है। मृतक ने उजला धोती-कुर्ता पहन रखा था और उसके पास एक पीला गमछा था। पुलिस ने उसके कुर्ते की जेब से कुछ रुपए बरामद किए हैं। हालांकि, उसके पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन नहीं मिला। घटनास्थल से केवल मृतक की चप्पलें ही बरामद हुई हैं। फिलहाल रेल पुलिस ने शव को थाने ले गई है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शादीशुदा युवक-युवती की फंदे से लटकी मिली लाश

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह में शुक्रवार को एक युवक-युवती का शव पेड़ से लटका मिला। घटना पीरटांड़ के हरलाडीह ओपी क्षेत्र के ग्राम कुंडको की है। युवती शादीशुदा है और युवक उसके पति का रिश्तेदार है। युवती ने दो साल पहले घर से भाग कर शादी की थी। मृतका के परिजनों ने प्रेम-प्रसंग में सुसाइड की आशंका जाहिर की है। मृतकों की पहचान इमामुल हांसदा (25) और रानी कुमारी (23) के रूप में की गई। इमामुल हांसदा गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पचरुखी निवासी चंदोलाल हांसदा का पुत्र था। वहीं, रानी कुमारी हरलाडीह ओपी क्षेत्र के ग्राम कुंडको स्थित कुलखी टोला निवासी स्व गोबिंद हांसदा की बेटी थी।

# 71वीं बीपीएससी की परीक्षा तिथि में हुआ बदलाव

■ 10 सितंबर के बदले अब होगी 13 सितंबर को परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीपीएससी 71वीं परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले परीक्षा 10 सितंबर 2025 को होनी वाली थी। वहीं अब परीक्षा 13 सितंबर को होगी। 71वी संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए 4,70,510 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। प्रीलिम्स परीक्षा में 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सभी ऑब्जेक्टिव टाइप होंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को दो घंटे का समय मिलेगा। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी होंगी। वेकैंसी के 10 गुना उम्मीदवारों को इसमें पास किया जाएगा। प्रीलिम्स परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को मेंस में शामिल होने दिया जाएगा। यह परीक्षा तीन विषयों की होगी। इसमें दो अनिवार्य विषय होंगे, पहला सामान्य हिंदी जो 100 अंकों का होगा। इस विषय में 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। हालांकि मेरिट लिस्ट में इसके नंबर नहीं जुड़ेंगे। दूसरा सामान्य अध्ययन (पेपर 1 और पेपर 2) प्रत्येक पेपर 300 अंकों का होगा। इसमें अलावा हर अभ्यर्थी को एक वैकल्पिक विषय चुनना होगा। जिसका




पेपर 300 अंकों का होगा। प्रत्येक विषय की परीक्षा 3 घंटे की होगी। मुख्य लिखित परीक्षा में पास होने के बाद अभ्यर्थी इंटरव्यू दे सकेंगे। यह कुल 120 अंकों का होगा। उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। मुख्य परीक्षा के 900 अंक और इंटरव्यू के 120 अंक, कुल 1020 अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयारी की जाएगी। आरक्षण कैटेगरी वाइज रिजल्ट जारी किया जाएगा। अगर कुछ अभ्यर्थियों के एक जैसे मार्क्स होंगे तो इस स्थिति में जिस अभ्यर्थी के ज्यादा अंक होंगे, उसे ऊपर रखा जाएगा। अगर मुख्य परीक्षा में भी अंक समान होंगे, तो वैकल्पिक विषय के नंबर देखे जाएंगे।

## तेजप्रताप-ऐश्वर्या तलाक मामले में 8 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव और ऐश्वर्या राय के तलाक मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सिविल कोर्ट में सुनवाई के दौरान अगली सुनवाई की तिथि 8 अगस्त दी गई है। इस दिन शाम 4 बजे फिर से दोनों पक्ष के वकील बैठेंगे और सेटलमेंट पर बात करेंगे। कोर्ट चाहता है कि इस मामले को जल्द से जल्द निपटा लिया जाए। अगर इसके बाद भी सुनवाई की नौबत आती है, तो दोनों पक्षों के वकील के साथ ऐश्वर्या और तेज प्रताप भी कोर्ट में शामिल होंगे। 13 दिन पहले पहले सिविल कोर्ट में तलाक मामले की सुनवाई नहीं हो पाई थी। कोर्ट ने 4 जुलाई की तारीख सुनवाई के लिए तय की थी। तेजप्रताप यादव के वकील जगन्नाथ सिंह ने सुनवाई के बाद कहा,'हमने कोर्ट से कहा कि दोनों पक्षों के वकील और जज चैम्बर में बैठकर बात करेंगे।

# दो लाख का इनामी कुख्यात गुड्डू सिंह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में अपराध का पर्याय बन चुके कुख्यात अपराधी गुड्डू सिंह उर्फ फाइटर की गिरफ्तारी से बिहार पुलिस ने राहत की सांस ली है। परबत्ता थाना क्षेत्र में कई संगीन आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाला गुड्डू सिंह लंबे समय से पुलिस और एसटीएफ के लिए चुनौती बना हुआ था। इस पर 2 लाख का इनाम रखा गया था। गुड्डू सिंह का नाम हाल ही में हुए बाबूलाल यादव हत्याकांड में मुख्य आरोपित के रूप में सामने आया था। 16 मई को परबत्ता थाना क्षेत्र के जानकीचक वार्ड नंबर-21 में बाबूलाल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गुड्डू सिंह फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। गुड्डू सिंह की गिरफ्तारी की यह



पहली कोशिश नहीं थी। बीते जून में खगड़िया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह श्रीरामपुर ठुठी गांव में अपने सहयोगियों के साथ मौजूद है। जब पुलिस ने छापेमारी की, तो गुड्डू सिंह ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इस मुठभेड़ में गुड्डू सिंह के दो सहयोगी सेंटु कुमार और राकेश कुमार, हथियारों के साथ गिरफ्तार किए गए थे। वहीं अब बिहार एसटीएफ और परबत्ता थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने आखिरकार गुड्डू सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## गोलीबारी में तीन की मौत, 3 की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** सीवान में शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई अंधाधुंध गोलीबारी से हड़कंप मच गया। घटना मलमलिया थाना क्षेत्र के कौड़िया पुल के पास की है, जहां अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस गोलीबारी में 6 लोग घायल हो गए जिनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि अन्य 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मलमलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भगवानपुर थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा कि आपसी वर्चस्व को लेकर के दो पक्ष में गोलीबारी हुई है जिसमें तीन लोग लोगों की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान मुन्ना सिंह, कन्हैया कुमार और रोहित कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बाबा चिमनी मालिक का विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर आज कुछ लोग कौड़िया पुल के पास खड़े थे। तभी अचानक बाइक सवार अज्ञात अपराधी हथियारों से लैस होकर आए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

# एलआइसी ने शुरू की दो नई योजनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी (प्रभारी) सतपाल भानु ने शुक्रवार को दो नई योजनाएं शुरू की। एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) और एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (योजना 911)। सीईओ ने बताया कि शुरू की गई दो नई योजनाएं बचत और सुरक्षा का संयोजन हैं और इन्हें विशेष रूप से हमारे जीवन चक्र की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने



के लिए पर्याप्त धनराशि जुटाने के लिए डिजाइन किया गया है। एलआईसी की नव जीवन श्री (योजना 912) का उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवा पीढ़ी की सभी जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने सपनों, लक्ष्यों, जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहते हैं और साथ ही सुरक्षा भी प्रदान करना है। वहीं एलआईसी की नव जीवन श्री सिंगल प्रीमियम (योजना 911) पॉलिसी का उद्देश्य जीवन बीमा प्रदान करने के साथ-साथ कोष (कॉर्पस) का निर्माण करना है। वर्तमान परिवेश में जब ब्याज दरें बहुत अस्थिर हैं, ये दोनों प्लान पॉलिसी अवधि के दौरान गारंटीड एडिशन प्रदान करते हैं।

## बरगद का विशाल टहनी गिरने से बाइक सवार चाचा-भतीजा की मौत

**टिकारी (गयाजी)/ नबिटा संवाददाता।** शुक्रवार को टिकारी पंचानपुर मुख्य पथ स्थित कॉलेज मोड़ के निकट हीरो शोरूम के समीप बरगद का विशाल टहनी के अचानक गिर जाने से दो बाइक सवारों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं दो अन्य लोग घायल हो गये। मृतक आपस में चाचा-भतीजा थे। घटना शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के लगभग हुई। मृतक की पहचान टिकारी थाना क्षेत्र के शिवनगर पंचायत के डिहुरि गांव के स्व. चरित्र पासवान के 45 वर्षीय पुत्र नागेन्द्र पासवान व उसी गांव के श्याम सुंदर पासवान के 36 वर्षीय पुत्र पिंटू पासवान के रूप में हुई है। वहीं घायलों में डिहुरी गांव के ही अरुण पासवान का पुत्र 25 वर्षीय निवास कुमार व पंचानपुर थाना क्षेत्र के कसमा ग्राम निवासी महेंद्र प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई। दोनो का इलाज स्वजनों द्वारा क्षेत्र के निजी अस्पताल में कराया गया। घटना की सूचना पाकर टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार व सीओ मयंक शेखर दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से पेड़ की डाल में फंसा शव को बाहर निकाला गया। घटना के बाद पहुंचे शिवनगर मुखिया सुबोध सिंह ने मृतक के परिजनों को तत्काल पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार व प्राकृतिक आपदा के तहत चार-चार लाख रुपया देने की मांग की। सीओ श्री शेखर द्वारा अधिकारियों से बात कर चार-चार लाख रुपये का चेक व बीस- बीस हजार रुपये की मदद योजना के तहत दी। घटना के लगभग तीन घण्टे के बाद पुलिस द्वारा सड़क पर पड़े दोनो शवों को अपने कब्जे में लिया गया व पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा गया।

बिहार-झारखण्ड का अपना हिन्दी अखबार

NBT नवबिहार टाइम्स

गौरवपूर्ण 36 वर्ष

नवबिहार टाइम्स के 36 वें स्थापना दिवस पर

सम्मान-सह सांस्कृतिक समारोह

तिथि एवं समयः 6 जुलाई 2025 (रविवार), संध्या 6.30 बजे से

स्थान-नगर भवन, औरंगाबाद

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

संपर्क सूत्र : 7295863300, 6206165107

विनीतः डॉ. कमल किशोर
संपादक-प्रकाशक

# सीएम नीतीश कुमार ने किया बापू टावर में नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का उद्घाटन


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गर्दनीबाग स्थित बापू टावर के छठे तल पर नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने बापू टावर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल तल पर बनाये गये ओरिएंटेशन हॉल को भी देखा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बापू टावर के भूतल, तीसरे और पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया।



नवनिर्मित बापू टावर के विभिन्न तलों और निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने के लिए कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें और अन्य संरचनाओं की भी जानकारी ली। बापू टावर के प्रदर्शों का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बापू टावर बहुत ही भव्य बना है, यह लोगों के लिये दर्शनीय है। बापू टावर में आकर बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी को जानने और समझने में सहूलियत होगी। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव और बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है ताकि आम लोग यहां आकर उसे देख और समझ सकें। इस परिसर को हरा-भरा और व्यवस्थित बनाया गया है। इसको इसी तरह मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भ्रमण पर आये स्कूली बच्चों से भी मिले और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप सब बापू टावर को देखिये, यह बहुत अच्छा बना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनी से जुड़े कार्यों और गतिविधियों को देखिये और समझिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात, नए भवन का प्रस्ताव सौंपा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुक्रवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के लिए एक नए भवन के निर्माण संबंधी प्रस्ताव सौंपा गया। यह प्रस्ताव पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन द्वारा मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। प्रस्ताव में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के समीप स्थित खाली भूमि पर नए भवन के निर्माण का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संबंध में सकारात्मक रुख दिखाते हुए अपने अधिकारियों को भवन निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्षद अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद को आधुनिक और कार्यक्षम भवन मिलने से धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक संगठित रूप से संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने इस पुण्य कार्य में सहयोग देने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोटिशः आभार प्रकट किया। इस निर्णय से धार्मिक न्यास पर्षद की कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी और राज्य में धार्मिक स्थलों के प्रबंधन व विकास की दिशा में एक नई शुरुआत मानी जा रही है।

## चुनाव आयोग भाजपा की संस्था बन चुकी है : लालू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करने के लिए शुक्रवार को पटना होटल मौर्या राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद, विधायक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए। लालू प्रसाद यादव ने सभी सदस्यों को पार्टी के लिए पूरी मजबूती से काम करने का निर्देश दिया। बैठक में राजनीतिक, विदेशी, सामाजिक और आर्थिक प्रस्ताव पेश किए गए। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पास किया गया। इन प्रस्तावों को शनिवार को होने वाले खुले अधिवेशन में भी लाया जाएगा जहां सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें स्वीकार किया जाएगा। इस दौरान मतदाता सूची संशोधन मुद्दे



को लेकर लालू यादव ने कहा कि बिहार आंदोलन की भूमि है और किसी भी हालत में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की संस्था बन चुकी है जो लोगों के नाम काटना चाहती है। हम किसी भी हालत में चुनाव आयोग के इस काम को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय करने और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। तेजस्वी ने पहले ही हर बूथ पर कम से कम दो सक्रिय कार्यकर्ताओं की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। लालू प्रसाद यादव ने भी नेताओं से एकजुट होकर जनता के मुद्दों, जैसे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बिजली राहत को उठाने को कहा। वहीं राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि यह बैठक चुनावी साल में पार्टी की दिशा तय करने के लिए बुलाई गई है। आज और कल राष्ट्रीय परिषद के साथ खुले अधिवेशन में लालू और तेजस्वी अपने नेताओं को मार्गदर्शन देंगे। इस बैठक में बिहार चुनाव की रणनीति को लेकर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही पार्टी को बूथ स्तर पर कैसे मजबूत किया जाए। इसको लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में तेजस्वी यादव को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। राजद विधायक डॉ. मुकेश रौशन ने कहा कि आज और कल की बैठक पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण केन्द्र सरकार का तुगलकी फरमान : कृष्णा अल्लावरु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग के द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष आयोग पर लगातार हमलावर बना हुआ है। इसी कड़ी में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा है। सदाकत आश्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें चुनाव आयोग से थोड़ी बहुत उम्मीदें बची थीं, लेकिन कल के बाद वो भी खत्म हो गई है। अल्लावरु ने सीधे केन्द्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह केन्द्र सरकार तुगलकी फरमानों की सरकार है। इन्होंने कई तुगलकी फरमान जारी किए हैं- नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, जब हमारी सेना पाकिस्तान पर भारी पड़ रही थी, तब सीजफायर और अब 'वोट बंदी'। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है, यह सीधे-सीधे तुगलकी फरमान है। अल्लावरु ने कहा कि चुनाव आयोग के इस फैसले से बिहार के करोड़ों मतदाताओं का मतदान अधिकार छिन सकता है। करोड़ों मतदाताओं के पास उस प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं हैं जिसे वे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान पेश कर खुद की नागरिकता का प्रमाण दे सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जिस तरह से 25 दिन में पूरी चुनावी प्रक्रिया को कर रहा है, उससे करोड़ों लोगों का मतदान अधिकार छिन जाएगा।

## पीएम नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को फिर आयेंगे बिहार

### मोतिहारी के गांधी मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। इस बार वह पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन और भाजपा संगठन दोनों ही स्तर पर हलचल तेज हो गई है। इसी सिलसिले में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को मोतिहारी गए। दरअसल विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी हलचल तेज है। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर पीएम मोदी का विशेष ध्यान है। यही वजह है कि इस चुनावी साल में प्रधानमंत्री लगातार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी के संभावित आगमन की सूचना से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त उत्साह देखा जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री क्षेत्र को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी अपने इस दौरे में महिलाओं के लिए भी कोई बड़ी योजना या पैकेज घोषित कर सकते हैं। वहीं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना विकास कार्यों का शिलान्यास भी संभावित है। पीएम मोदी के संबोधन में चंपारण के ऐतिहासिक महत्व, विकास कार्यों और आगामी योजनाओं पर विशेष जोर रहेगा। माना जा रहा है कि यह दौरा चुनावी दृष्टिकोण से काफी अहम होगा जिससे भाजपा की तैयारियों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई है। सुरक्षा, यातायात और सभा स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर गहन मंथन चल रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि चंपारण महात्मा गांधी के सत्याग्रह आंदोलन की भूमि रही है और प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले भी कई बार इसके ऐतिहासिक महत्व को अपने संबोधनों में रेखांकित कर चुके हैं। ऐसे में उनका यह दौरा न सिर्फ राजनीतिक, बल्कि भावनात्मक रूप से भी लोगों से जुड़ने का माध्यम माना जा रहा है। जनसभा में लाखों की संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है जिसे देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा एजेंसियों की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं। जनसभा के सफल आयोजन के लिए हर स्तर पर तैयारियां शुरू हो गईं हैं।

## असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने खटखटाया महागठबंधन का दरवाजा


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन इस बार अकेले दम पर बिहार विधानसभा चुनाव में उतरने से डर रही है। यही वजह है कि एआईएमआईएम ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई है। इसी सिलसिले में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी को एक खुला पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि पार्टी को महागठबंधन में शामिल किया जाए। अख्तरुल ईमान ने अपने पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा है कि अगर राज्य में धर्मनिरपेक्ष मतों का बिखराव रोका जाना है तो एआईएमआईएम को महागठबंधन का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह तर्क दिया कि यदि विपक्षी वोटों का बंटवारा जारी रहा तो इसका सीधा लाभ सांप्रदायिक ताकतों को मिलेगा, जिसे आने वाले विधानसभा चुनाव में हर हाल में रोका जाना चाहिए। ईमान ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इससे पहले 2020 के विधानसभा चुनाव और हालिया 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान भी एआईएमआईएम ने महागठबंधन का हिस्सा बनने की कोशिश की थी।

## एकेडमिक व्यवस्था को मजबूत बनाना ही हमारी प्राथमिकता : प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को प्रभार ग्रहण किया। प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो व कुलसचिव प्रो. एनके झा ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि एकेडमिक व्यवस्था को सुचारू बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा व परिणाम व्यवस्था की समीक्षा कर उसे दुरुस्त बनाया जाएगा। शिक्षक छात्र व कर्मचारियों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उसे दूर करने



की कोशिश होगी। इसके लिए जल्द ही विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक भी बुलाई गई है। उनसे समस्या के साथ-साथ सुझाव लिया जाएगा। इस आधार पर बेहतर व्यवस्था बनाने की कवायद होगी। कुलपति के साथ उनकी पत्नी मीना कुमारी भी मौजूद थी। बाद में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी लोगों को समय पर आना होगा। विलंब से आने की प्रवृति नहीं चलेगी। साथ ही कहा कि तीन दिन से ज्यादा कोई भी फाइल किसी टेबुल पर रुकना नहीं चाहिए। अगर फाइल को अकारण रोका गया तो जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई होगी। प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि विवि के क्लास रूम को स्मार्ट बनाया जाएगा। शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए स्वयं पोर्टल के साथ-साथ विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्मार्ट कक्षाओं का संचालन होगा। मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनोज कुमार, प्राक्टर प्रो. मनोज कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज डॉ कृष्णनंदन प्रसाद, प्रो अबू बकर रिजवी, कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्राचार्य प्रो इंद्रजीत राय, अरविंद महिला कॉलेज साधना ठाकुर, गंगा देवी की रिमझिम शील, जेडी विमेंस की मीरा कुमारी सहित कई कॉलेजों के प्राचार्य सहित हजारों लोग बधाई देने के लिए पहुंचे।

## रबी फसलों के लिए 2.30 लाख क्विंटल रॉ बीज का संग्रहण : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य बीज निगम द्वारा बसंतीय (रबी) वर्ष 2024-25 में निगम के निबंधित बीज उत्पादक किसानों, राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों एवं प्रमाणित गेहूं बीज उत्पादन योजना के अंतर्गत कुल 2,30,816 क्विंटल रॉ बीज का संग्रहण किया गया है। यह संग्रहण राज्य के किसानों को बेहतर बीज आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि शारदीय (खरीफ) मौसम की फसलों जैसे धान, संकर धान, संकर मक्का, अरहर, सोयाबीन, अरण्डी आदि फसलों के बीज की आपूर्ति एवं वितरण सभी जिलों में सक्रिय रूप से किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए जिससे खेती की शुरुआत समय पर और सुचारु रूप से हो सके। श्री सिन्हा ने आगे बताया कि बसंतीय (रबी) फसलों के लिए संग्रहित रॉ बीज के प्रसंस्करण कार्य की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष राज्य के 8 जिलों में अधिष्ठापित मिनी प्लांट्स पर भी बीज प्रसंस्करण का कार्य किया जाएगा।

## बिहार में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। खासकर महिलाओं को लुभाने के लिए कांग्रेस ने बड़ी घोषणा की है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी बिहार में पांच लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। इन सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल गांधी की तस्वीर, 'नारी न्याय' का नारा और 'माई बहिन मान योजना' का जिक्र होगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शुक्रवार को सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। इसमें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी मौजूद थे। दरअसल, प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक बुलाई थी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ रणनीति साझा की। वही अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत 5 लाख महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए जाएंगे। इन सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर और 'नारी न्याय, महिला सम्मान' का स्लोगन छपा है। उन्होंने बिहार के सभी जिलाध्यक्षों को इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। राजेश राम ने इस योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सैनिटरी पैड के पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर है। साथ ही कांग्रेस की माई बहिन मान योजना का भी प्रचार है जिसमें महिलाओं को 2500 रुपए महीना मिलेगा। सैनेटरी पैड के पैकेट पर इस योजना का पूरा विवरण है। उन्होंने कहा कि 'माई बहिन मान योजना' के तहत हम घर-घर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 5 लाख महिलाओं को मुफ्त सेनेटरी पैड बांटने का अभियान शुरू किया है। राजेश राम ने कहा कि महिला कांग्रेस की ओर से सेनेटरी पैड अभियान को और विस्तार देने की योजना है जिसमें भविष्य में और अधिक महिलाओं को शामिल किया जा सकता है।

## स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता हो रहे हैं जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार में बिजली इस्तेमाल करने का तरीका धीरे-धीरे बदल रहा है। राज्य की वितरण कंपनियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने से कई घरों और छोटे व्यवसायों को रोजमर्रा में इसका सीधा फायदा मिल रहा है। अब लोग जितनी बिजली खर्च कर रहे हैं उसे ठीक से नाप पा रहे हैं और भुगतान की प्रक्रिया भी आसान हो गई है। पटना के पटेल नगर में कपड़ों की दुकान चलाने वाले अविनाश कुमार कहते हैं कि उनके दुकान में लगा स्मार्ट मीटर सब कुछ आसान बना रहा है। वे बताते हैं अब मैं देख सकता हूं कि कितनी बिजली खर्च हुई, कितना पैसा कटा और कब कटा। बिल देखने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है, सब कुछ यहीं सामने है। समस्तीपुर के रहने वाले अमित कुमार ने भी कुछ ऐसा ही अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले मुझे जानकारी के लिए इंतजार करना पड़ता था और मेरे पास ज्यादा कंट्रोल नहीं था, लेकिन अब सारी जानकारी पहले से मिल जाती है, कितना खर्च करना है, क्या बचाना है। पटना की रहने वाली डॉ. रेनू बाला जो साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तहत स्मार्ट मीटर लगाने वालों में सबसे पहले शामिल हुई थीं, समय पर अपडेट मिलने और भुगतान में आसानी को सबसे बड़ी सुविधा मानती हैं।

## गर्भवती महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर : मंगल पांडेय

### अब महीने में 2 की जगह 3 दिन होगा पीएमएसएमए दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में प्रसव कक्ष की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सेज की उपलब्धता एवं उनके क्षमतावर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत संभावित जोखिम एवं जटिल प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा



रहा है। इसी क्रम में अब हर महीने तीन दिन यानी 9, 15 और 21 तारीख को पीएमएसएमए दिवस आयोजित किया जाएगा। अभी तक महीने में दो दिन यानी 9 एवं 21 तारीख को पीएमएसएमए दिवस आयोजित किया जा रहा था। इस पहल से प्रसव के दौरान अधिक से अधिक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम से उन्हें सुरक्षित रखने में सफलता मिलेगी। श्री पांडेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर लगभग 9 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं शामिल हुई थीं। इसे ध्यान में रखते हुए अब महीने में तीन बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस आयोजित करने का फैसला लिया गया है। ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला को समय और सावधानी के साथ उचित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा मिल सके। इससे न केवल जांच का स्तर सुधरेगा, बल्कि समय पर उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की पहचान कर जरूरी चिकित्सा सुविधा भी मुहैया कराई जा सकेगी।

## इनरह्वील क्लब पाटलिपुत्रा की नई कमिटी गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। साथ ही समाजसेवा के विभिन्न कार्यों से अपने कार्यकाल की प्रेरणादायक शुरुआत की। नई कमेटी में सितु गांधी अध्यक्ष, अपर्णा भारती को उपाध्यक्ष, निलांजना भट्टाचार्य सेक्रेटरी, रुचिका अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सुधा बिदसरिया आई.एस.ओ और रेखा सिंह को संपादक बनाया गया है। कार्य की शुरुआत गुरुद्वारा में अरदास के साथ हुई। इसके बाद वहां सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का




उद्घाटन कर महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर एक अहम कदम उठाया गया। डॉक्टर्स डे पर रेडक्रॉस सोसाइटी में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरएन सिंह सहित डॉ. बीबी सिन्हा, डॉ. सरिता सहाय, डॉ. निमिशा और डॉ. मंजु अग्रवाल समेत अन्य डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर फ्री डेंटल चेकअप और डेंटल किट वितरण के साथ-साथ पौधारोपण भी किया गया जिससे पर्यावरण जागरूकता का संदेश भी दिया गया। सीए डे के मौके पर क्लब ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट सुबोध गोयल को उनके कार्यालय में सम्मानित कर प्रोफेशनल्स के योगदान को सराहा। इसके अतिरिक्त मां ब्लड सेंटर में ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन हुआ।

## रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र अद्विका ने रक्तदान, पौधरोपण व स्वास्थ्य शिविर से की नए सत्र की शुरुआत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र अद्विका ने नए सत्र की शुरुआत समाजसेवा के पुनीत कार्यों के साथ की। क्लब की अध्यक्ष बबिता बीदासरिया के नेतृत्व में यह सत्र मां वैष्णो देवी संस्थान में आयोजित रक्तदान शिविर से प्रारंभ हुआ। दोपहर 12 बजे दानापुर स्थित उसरी ग्राम में एक तालाब को गोद लेने की पहल के साथ पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उसी गांव में ग्रामीणों के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। उसमें निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों को सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति आभार जताया गया। इस पुनीत कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी वीणा जैन ने किया।

## प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्षों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में जिलाध्यक्षों एवं केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि बिहार के विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और ऐसे में हम सबको एकजुट होकर पूरी मजबूती से जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों के अनुरूप बेहतर कार्य करना है। इस बैठक के उपरांत हमें क्षेत्र में वोटर पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग के द्वारा जारी निर्देशों में अपने पार्टी के समर्थकों और मतदाताओं का अधिक से अधिक पंजीकरण और सत्यापन



सुनिश्चित करना है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि पार्टी द्वारा चिन्हित मजबूत सीटों पर हमें बेहतर चुनाव रणनीति और प्रबंधन के तहत काम करना है। जनता की समस्याओं को मजबूती से विस्तृत फलक पर रखना है और उनका निदान करना है। साथ ही उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों को मतदाता पुनरीक्षण की व्यापक जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। बैठक को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संबोधित करते हुए कहा कि वोटर पुनरीक्षण के नाम पर युवाओं, रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर लोगों, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और बाढ़ ग्रस्त जनता को मताधिकार से रोकने की चुनाव आयोग की जो कवायद चल रही है उसको प्रत्येक जिले में न्यूनतम करने के लिए सभी जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को कमर कस कर लड़ना होगा।

CMYK

# मंत्री जयंत राज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक

## क्षेत्र का आर्थिक विकास एवं सामाजिक विकास हो : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** भवन निर्माण विभाग बिहार-सह-प्रभारी मंत्री जयंत राज की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना का सफल एवं त्वरित क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराया जाने वाले योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारण हेतु जिला स्तरीय संचालन समिति बैठक की गयी जिसमें निवेदिता सिंह, सदस्य बिहार विधान परिषद्, मुरारी प्रसाद गौतम विधायक 207 - चेनारी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा अन्य जन प्रतिनिधिगण के प्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी रोहतास, पुलिस अधीक्षक रोहतास, उप विकास आयुक्त, जिला पी0एम0यू0 लीड, जिला क्षेत्रीय सम्नवयक-सामाजिक इत्यादि उपस्थित हुए। बैठक में निदेश दिया गया कि नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम तथा सभी कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, नगर परिषद संबंधित जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर अपने क्षेत्र अन्तर्गत कराये जाने वाले मुख्य कार्यों की सूची यथा सड़कों का निर्माण, सड़कों के बीच आवश्यकतानुसार पुल-पुलियों, कल्भर्ट का निर्माण, चयनित सड़कों के साथ जल निकासी हेतु नाले एवं नालियों का निर्माण, जल जमाव की समस्या का निराकरण, नागरिक सुविधा अन्तर्गत झीलों, तालाबों, घाटों, पार्कों इत्यादि का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण इत्यादि अन्य बड़े योजना को लिया जाय। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस महत्वाकांक्षी योजना से जिला के सभी नगर निकायों में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत ऐसी सभी योजनायें ली जाये जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास एवं सामाजिक विकास हो सके। साथ ही क्षेत्र का आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा सके। इससे शहर के लोगों को अन्यत्र जगह पर आने-जाने में सुविधा होगी, शहर का सौदर्यीकरण में मदद मिलेगा, शहर वासियों के जीवन शैली में सुधार होगा तथा शहर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और शहर का चहुंमुखी विकास होगा।

# चोरी की घटना का नहीं हुआ उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के इटिम्हां गांव स्थित डिहरी बिक्रमगंज मुख्य एसएच पर मथुरा मार्केट में स्थित दो गहने की दुकान में शटर तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा भारी संख्या में सोने चांदी के गहने बरतन समेत लगभग दस लाख की सामग्री चुरा कर फरार होने के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। घटना 20 जून की मध्य रात्रि की है, लेकिन अभी तक पुलिस अपराधियों की टोह नहीं लगा पाई है। शुक्रवार देर रात्रि की बताई जाती है। वह और उनके पिता रामकुमार प्रसाद ने एसपी रोहतास से घटना के उद्भेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा है कि घटना को 15 दिन बीत गये, लेकिन पुलिस केवल कार्रवाई के नाम पर अनुसंधान जारी रहने की बात कह रही है। उक्त कार्यशैली से चोर उचक्कों का मनोबल बढ़ेगा। बताते चलें कि विगत 20 जून की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने उक्त मुख्य सड़क पर स्थित एक ही परिवार के दो दुकान रवि ज्वेलर्स में भीषण चोरी कर दस लाख के गहने उड़ा ले गए थे और बगल की दुकान मां लक्ष्मी गहना एवं बरतन दुकान में चोरी का असफल प्रयास किया था।

# सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की एकमात्र पार्टी भाजपा : सत्यनारायण यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा मंडल डिहरी नगर दक्षिणी बूथ सशक्तीकरण की बैठक पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव के आवास पर हुई। बैठक में पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने कहा कि सब का साथ सबका विकास और सबके विश्वास के लिए एक मात्र पार्टी भाजपा है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के साथ बिहार के विकास को कृतसंकल्पित है। सभी के रोजगार को लेकर विभिन्न योजनाएं चल रही है। गरीबों को मुफ्त अनाज का सीधे लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया के कारण देश आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनी। देश में अस्त्र-शस्त्र ही नहीं मिसाइल का निर्माण देश में हो रहा। नौजवान, किसानों के लिए भी कई योजनाएं का लाभ सीधे दिया जा रहा है। कही बिचौलिए नहीं है। गरीबों को आवास का लाभ दिया जा रहा है।

पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास किया। सड़क बिजली समेत बेहतर प्रशासन दिया। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने कहा कि हम लोगों का सौभाग्य है कि हमें विश्व की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी में कार्यकर्ताओं के रूप में काम करने का अवसर मिला है आज जब एक नई पीढ़ी आगे बढ़ रही है तो हमारा कर्तव्य है कि सच्चाई से हम उनको परिचित कराएं हकीकत क्या है उन्हें बताएं अगर बिहार को कोई बदनाम करता है तो वह बिहार को बेहतर और नया भविष्य दे सकता है। उन्होंने कहा कि केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ही बिहार का विकास कर सकती है। इसलिए केंद्र में मोदी और प्रदेश में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार जरूरी है। कार्यक्रम से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संचालन प्रभात शेखर सिंह ने किया। केंद्रीय टीम दिल्ली से आए ट्रेनर निश्चल दबे व चंदन सिंह ने कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी तथा डिहरी विधानसभा डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क करने तथा प्रशिक्षित करने की बात कही। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ भोला, प्यारेलाल ओझा, बबल कश्यप, सुनील पाठक, पंकज गुप्ता, रवि पासवान, कुंवर सिंह, संजय गुप्ता, विशाल आनंद, अनमोल पांडे, दिनेश सिंह, आदि मौजूद थे।

# जयंती पर बच्चों के बीच जूते व मोजे का वितरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में मिडिल स्कूल जहानाबाद में लीलावती चतुर्वेदी स्मृति पुस्तकालय के तत्वावधान में पूर्व शिक्षिका लीलावती चतुर्वेदी की जन्म जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उनके ज्येष्ठ पुत्र राजीव रंजन चतुर्वेदी सहायक प्राध्यापक नालंदा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा एक से तीन तक के कुल 70 बच्चों के बीच जूता व मोजा का वितरण किया। हेडमास्टर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि स्वर्गीय लीलावती चतुर्वेदी की स्मृति में स्कूल में एक पुस्तकालय का संचालन उनके पुत्रों प्रभात रंजन तथा राजीव रंजन चतुर्वेदी के द्वारा किया जाता है। प्रत्येक वर्ष चार जुलाई को कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागृति पैदा किया जाता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत वार्ड संख्या आठ के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद सह अध्यक्ष विद्यालय शिक्षा समिति कालिंदी देवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# जेडीयू कार्यकर्ता साइकिल रैली के माध्यम से करेंगे मतदाता पुनरीक्षण का प्रचार-प्रसार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** जेडीयू जिला कार्यालय भभुआ में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिला संगठन प्रभारियों, युवा जिलाध्यक्ष, मीडिया जिलाध्यक्ष, विधानसभा प्रभारियों एवं बीएलए -01 की वर्चुअल बैठक की गई। बैठक प्रदेश कार्यालय पटना से प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की अध्यक्षता में सभी जिलाध्यक्ष के साथ वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी 8 जुलाई को जनता दल (यू) द्वारा प्रदेश की सभी पंचायतों में साइकिल रैली के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर कैंपेन के माध्यम से आम लोगों को चिह्नित कर उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी और फॉर्म भरवाने से लेकर नाम जुड़वाने तक पूरी सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में भभुआ विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल, चैनपुर विधानसभा प्रभारी उत्तम तिवारी, जिला संगठन प्रभारी परशुराम टाटी, बीएलओ 1 लियाकत अंसारी, मुन्ना पटेल, युवा जिला अध्यक्ष त्रिलोक पटेल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# मशाल प्रतियोगिता को सफल बनाने का निर्णय

## कुदरा संसाधन केंद्र में शारीरिक शिक्षकों व समन्वयकों के साथ हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कुदरा संसाधन केंद्र में शुक्रवार को प्रखंड के शारीरिक शिक्षकों व कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयकों की बैठक हुई जिसमें मशाल प्रतियोगिता को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुकेश मणि ने की। बीईओ ने उपस्थित शिक्षकों व समन्वयकों को प्रतियोगिता के सफलता के लिए कई टिप्स दिये। प्रतियोगिता का आयोजन शहर के निशान सिंह स्टेडियम व टेन प्लस टू हाई स्कूल हाई में होगा। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बॉलीबॉल, फुटबॉल, कब्बडी इत्यादि शामिल होंगे। पांच से आठ जुलाई तक चलने वाले प्रतियोगिता में अंडर 14 व अंडर 16 के बालक व बालिकाएं भाग लेंगी। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राम प्रकाश साह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार समेत कई शिक्षकों को जिम्मेवारियां दी गई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा एस0ए0 कन्स्ट्रक्शन, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत अधौरी मोड़ आर0ई0ओ0 रोड से गरनाहा पहाड़ भाया गड़ई टोला तक पथ निर्माण कार्य आपको आवंटित की गई है, जिसका एकरारनामा करने हेतु इस कार्यालय का पत्रांक 2309 दिनांक 15.10.2024 एवं पत्रांक 292 दिनांक 06.02.2025 द्वारा सूचना देने के बावजूद आपके द्वारा अभी तक न तो अग्रधन की राशि जमा की गई है, और न ही एकरारनामा की दिशा में कोई कारवाई की जा रही है, जो खेद का विशय है।

अतः आपको अंतिम स्मार करते हुए निर्देश दिया जाता है कि सात दिनों के अन्दर अपने निविदा संबंधित मूल कागजातों एवं Work Programme के साथ एकरारनामा करने हेतु कार्यालय में उपस्थित हों, अन्यथा आपको आवंटित कार्य रद्ध करने हेतु अनुशंसा करते हुए आपका जमा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी। इसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होगे।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 356557 Rural Work Department(25-26).D


# नल-जल योजनाओं को दुरुस्त करने के लिए मंत्री से गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड क्षेत्र के कई नल-जल योजनाएं बंद पड़ी है जबकि कई योजनाओं से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक जन विकास अभियान समिति के संयोजक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ टुनटुन सिंह ने पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में प्रखंड क्षेत्र में बंद पड़े व खराब नल-जल योजनाओं की जांच कर उसकी मरम्मत की गुहार लगाई गई है। धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंत्री ने जल्द ही बंद पड़े व खराब नल-जल योजनाओं की जांच कराकर जल्द ही ठीक करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशानी उठानी न पड़े।

# 16 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 16 आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एससीएसटी एक्ट, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास, चोरी, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण नोखा थाना क्षेत्र के दो आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।

# भाजपा कार्यसमिति के अध्यक्ष बनाये जाने पर अखिलेश कुमार को दी शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

सासाराम। शिक्षा के क्षेत्र में बिक्रमगंज अनुमंडल को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलानेवाले महान शिक्षासेवी, अनाथों के जीवन में आशा की नई किरण बिखेरनेवाले 'अनाथों के नाथ' की उपमा से विभूषित, अपनी जिद से जीत तक का सफर तय करनेवाले महान लेखक एवं स्पीकर, बिहार के गौरवशाली अतीत को पुनर्स्थापित करने की अभिलाषा को दिल में दबाए राजनीति में भी अपने कार्य और व्यक्तित्व की अलग छाप छोड़नेवाले भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अखिलेश कुमार को बिहार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर ढेर सारी शुभकामनाएं। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा को सशक्त बनाने और विकसित भारत के संकल्प को दुहराया गया। साथ ही 2025 विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अखिलेश कुमार ने बताया कि खुशी और गर्व मिश्रित इस पल को पाकर पार्टी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूं। मुझ पर विश्वास जताने के लिए प्रदेश अध्यक्ष का आभार। हम सभी कार्यकर्ता भाजपा और बिहार को सशक्त बनाते हुए विकसित भारत के अपने संकल्प के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# विजयसभा में तब्दील हो गया वरिष्ठ नागरिकों का धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** वरिष्ठ नागरिकों की लम्बित मांगों को ले नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। वृद्धापेंशन बढ़ाकर 11 सौ किए जाने पर सरकार का आभार जताने के लिए बाद में धरना विजयसभा में तब्दील हो गया। धरनार्थियों को सम्बोधित करते हुए संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने पेंशन बढ़ाने का स्वागत करते हुए कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद यह सफलता मिली है। कहा कि केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों की रेल किराये में मिलने वाली छूट को पुनः बहाल करने की मांग पर टाल-मटौल कर रही है वही किराये में वृद्धि भी कर दिया गया है। कहा कि जब वरिष्ठ नागरिकों की उम्र 60 साल निर्धारित है तो आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना में सिर्फ 70 साल पार वालों को ही शामिल कर उनमें भेदभाव किया जा रहा है जो कि गलत है। सीनियर सिटीजन एक्ट के मामले लम्बित होने से त्वरित न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि वृद्धापेंशन बढ़वाने के बाद रेल किराया छूट की पुनः बहाली एवं आयुष्मान योजना की उम्र सीमा 60 साल कराना अब हमारा मुख्य एजेंडा है। इसके लिए हम केंद्र सरकार के समक्ष आंदोलन को तेज करेंगे। मुखिया अशोक भारद्वाज ने बुजुर्गों के लिए हर सेवा में सहयोग करने का आश्वासन दिया। धरना के उपरांत बीडीओ एवं सीओ को नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया वही संघ सदस्य शंभूलाल एवं गरजन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर यमुना शुक्ला, नगीना सिंह उर्फ नागेश्वर सिंह, बबन सिंह, सचितानंद सिंह, रमाशंकर पांडेय, बिहारीलाल पाल, सन्तन सिंह, सूर्यनाथ सिंह, शिवमूरत सिंह, कुशुम देवी, बसन्ती त्रिपाठी, बद्रीनारायण सिंह, शिवपूजन शर्मा, विमल पांडेय, द्वारिका चौबे, गोविंद पांडेय, डॉ.नारायण पांडेय, दिवाकर तिवारी, राजाराम बिन्द, जयराम चौबे, अयोध्या प्रजापति, दयानंद दुबे, टेंगर पासवान, मुखदेव तिवारी, इमरान खान, राही शाहाबादी, रामएकबाल चौबे, विनोद सिंह, कन्हैया मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।


## कार्यालय– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा
## विकास भवन–बी0 पुराना समाहरणालय परिसर, प्रथम तल

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या MDM/GARHWA/01/2024-25

| क्र0 | विभाग का नाम | शिक्षा विभाग | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा | | | |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | 07.07.2025 से 14.07.2025 कार्यालय अवधि | | | |
| 3. | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 15.07.2025 अपराहन– 03:00 बजे तक | | | |
| | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | 15.07.2025 अपराहन– 03:30 बजे | | | |
| | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | जिला शिक्षा अधीक्षक विकास भवन–बी0 पुराना समाहरणालय परिसर, प्रथम तल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त–पदाधिकारी / कर्मी द्वारा कार्यालय परिसर में | | | |
| | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | कार्यालय सभागार | | | |
| | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
| 1 | Kitchen shed Work of M.S Sohbariya (Meral) Upg +2 HS Lawahikala (Dandai) Upg HS Soh (Garhwa) Upg P.S Kurkuta (Kandi) Upg +2 HS Bardiha (Bardiha) | 1862920 | 37300 | 5000 | 6 माह |
| 2 | Kitchen shed Work of M.S Bajarmarwa (Kharaundhi) M.S Amrora (Kharaundhi) M.S Bishunpur, (Nagar Untari) M.S Kushdand (Nagar Untari) M.S Bishunpura (Bishunpura) | 1862920 | 37300 | 5000 | 6 माह |
| 3 | Kitchen shed Work of MS DAUNADAG (RANKA), UPG +2 HS BAIRIYA & UPG +2 HS UDAYPUR (RAMKANDA) | 1117745 | 22600 | 2500 | 4 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोटः– Updated Character PAN, GST Return File Latest, जिस संवेदक के नाम से पंजीकरण प्रमाण–पत्र है उसी नाम से बैंक ड्राफ्ट / डी0डी0 मान्य होगा। स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत स्थानीय संवेदकों को ही प्राथमिकता दी जायेगी।

DSE MDM/GARHWA/01/2024-25

जिला शिक्षा अधीक्षक
गढ़वा

PR 356558 Human Resource Developement(25-26)#D


# दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** रोहतास व कैमूर जिलों को जोड़ने वाली सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर के किनारे की सड़क अब जानलेवा है जो गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। लगभग 3 किलोमीटर लंबा यह मार्ग, लांजी पुल से सबार पुल तक वर्षों से मरम्मत की बाट जोह रहा है। सड़क की जर्जर स्थिति ने दोनों जिलों के हजारों ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क की दुर्दशा का आलम यह है कि वाहन तो दूर, अब पैदल चलना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। बरसात में यह रास्ता कीचड़ और दल-दल से भर जाता है जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां 10 मिनट में दूरी तय होती थी, अब घंटे भर का समय लग जाता है। यह मार्ग चेनारी, बेलवा, रामपुर और आसपास के 100 गांवों को जोड़ता है जहां से किसान, छात्र-छात्राएं, दुकानदार और दैनिक यात्री प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। खासकर रामपुर प्रखंड के हजारों छात्र चेनारी पढ़ने आते हैं और व्यापारिक आवागमन भी इसी मार्ग से होता है, लेकिन सड़क की बदहाली ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस सड़क का निर्माण वर्ष 2011-12 में जल संसाधन विभाग द्वारा करवाया गया था। वर्षों तक इसका रखरखाव न होने के कारण आज यह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। विभाग ने अब यह मामला ग्रामीण कार्य विभाग को सौंप दिया है और सड़क निर्माण की प्रक्रिया वहां शुरू होने की प्रतीक्षा में है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जहां कैमूर जिले की ओर जाने वाली नहर पथ पर पक्की और अच्छी सड़क है, वहीं रोहतास की यह सड़क उपेक्षा की मार झेल रही है।

**सड़क की हालत इतनी खराब है कि बाइक से भी आना-जाना खतरे से खाली नहीं**

बुजुर्गों और बच्चों को तो सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। यह मार्ग दोनों जिलों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन वर्षों से उपेक्षित है। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता साधु शरण सिंह ने कहा विभाग में बजट की कमी है, इसलिए प्रस्ताव तैयार कर ग्रामीण कार्य विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू होगा।


## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

पलामू जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि सरकार द्वारा विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया है :–

(Rate in Rs.)

| Sl No | Company Name | Urea | DAP | MOP | SSP | Complex | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ind./Imp. | Ind./Imp. | | | | 20:20:0:13 | 16:16:16 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1300.00 | - | - | - | 1720.00 |
| 2 | NFL | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/ KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1525.00 | 540.00 | 1325.00 | - | 1400.00 | 1650.00 | 1725.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1535.00 | 565.00 | - | 1475.00 | - | - | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1350.00 | - | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 550.00 | - | - | - | - | - |
| 11 | BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | BEC | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - |

नोट :
1. यूरिया प्रति बोरी 45 Kg. Pack Size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg. Pack Size की होती है।
2. यदि किसी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय, पलामू तथा संयुक्त कृषि निदेशक, पलामू में उसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी बिक्रेता द्वार जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर अनुदानित (यूरिया / डी0ए0पी0 को छोड़कर) उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित बिक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के सुसंगत धाराओं के तहत सख्त कारवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 356528 Agriculture(25-26).D

# श्रवण कुमार ने किया 32 लाख की योजनाओं का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं नालंदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रवण कुमार ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेन प्रखंड में लगभग 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास योजनाओं का उद्घाटन किया।

मंत्री ने ग्राम कुतलुपुर में कुल चार योजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें शामिल हैं:

अनिल पासवान से सुबोध पासवान तक 8.47 लाख रुपये की लागत से पीसीसी ढलाई कार्य।

विलास प्रसाद के घर से बच्चू राम होते हुए राजकुमार राम तक 9.85 लाख रुपये की लागत से पीसीसी ढलाई।

बृजनंदन प्रसाद शिक्षक के घर से मुसहरी होते मध्य विद्यालय तक 9.75 लाख रुपये की लागत से पीसीसी निर्माण।

महेंद्र प्रसाद के घर से बच्चू राम तक 4.20 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण कार्य। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र और टिकाऊ विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि नालंदा विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत में पक्की सड़कों का जाल बिछाया गया है और सभी गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है।



### बेन प्रखंड में सड़कों व नाले के निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हजारों गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने, हर घर नल का जल योजना से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, तथा जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत तालाबों, आहर-पइन की सफाई और संरक्षण कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार की प्राथमिकता ग्रामीणों को सड़क, पानी, बिजली, आवास, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराना है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और विकास में भागीदार बनें। कार्यक्रम में अरविन्द पटेल, संतोष कुमार, कुमुद कुमार, सुनील पासवान, लक्ष्मण प्रसाद, अनिल पासवान, अभिमन्यु कुमार, टुनटुन सिंह, संतोष बारा, उपेंद्र कुमार, राजेश सिंह, विनोद पासवान, उमेश मांझी, सुनील मांझी, अशोक पासवान, उदय पासवान, महेंद्र महतो, विरमणी प्रसाद सहित जदयू के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भड़काऊ बयान देने के आरोप में शमीम अख्तर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के खासगंज निवासी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश सचिव शमीम अख्तर को पुलिस ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयान देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शमीम अख्तर ने अपने फ़ेसबुक प्रोफाइल से लाइव आकर एक वीडियो में आपत्तिजनक और उकसाऊ भाषा का प्रयोग किया था। लगभग आठ मिनट की इस लाइव प्रसारण में उन्होंने बिहारशरीफ में मोहर्रम जुलूस को लेकर भ्रामक और भावनात्मक बयान देते हुए पूर्व में रामनवमी के अवसर पर हुई घटना को इसका कारण बताया।

## मुशहरी गांव में शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड कीर्तन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड के डिहरी पंचायत स्थित मुशहरी गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-20 किनारे नवनिर्मित मंदिर में शुक्रवार को सात दिवसीय भक्ति अनुष्ठान के छठे दिन 24 घंटे के अखंड कीर्तन की शुरुआत की गई। गांववासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजक मनीष कुमार और अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में यहां पुराना जगदंबा मंदिर था, जिसे नेशनल हाईवे को फोरलेन में विस्तारित किए जाने के दौरान तोड़ना पड़ा था। इसके बाद ग्रामवासियों के प्रयास से यहां भव्य मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया, जहां अब भक्ति अनुष्ठान आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पहले दिन 201 महिला श्रद्धालुओं द्वारा कलश शोभायात्रा के साथ हुई थी। शुक्रवार को मां जगदंबा, हनुमान जी के कंधे पर बैठे श्रीराम, लक्ष्मण एवं शबरी माता की प्रतिमाओं की विधिवत प्राणप्रतिष्ठा की गई। इसके उपरांत मंदिर परिसर में मंडप बनाकर 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। हरे राम, हरे कृष्ण के संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस आयोजन में मन्नू यादव, सतीश, सुबोध, कृष्णा, जयराम, राजेश्वरी, टुन्नी, मणिकांत, रंजीत सहित समस्त ग्रामवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## सहायिका की संदिग्ध मौत के बाद गोवा चक का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-18 बंद, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के गोवा चक गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 18 में सहायिका की संदिग्ध मौत के बाद ताला लटका हुआ है। करीब एक सप्ताह से बंद पड़े इस केंद्र के कारण छोटे बच्चों की देखभाल और पोषण से जुड़ी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। मिली जानकारी के अनुसार, केंद्र में कार्यरत सहायिका कलवा देवी का शव 2 जुलाई को उनके घर से बरामद किया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद 3 जुलाई को मृतका के पुत्र ने सरमेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें आंगनबाड़ी सेविका दायमुनी कुमारी, उनके पति और पुत्र को नामजद आरोपित बनाया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से आंगनबाड़ी केंद्र बंद पड़ा है। गांव के लोगों का कहना है कि इस घटना ने बच्चों की शिक्षा और पोषण पर गंभीर असर डाला है। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि दोषियों को सजा मिले और निर्दोषों को न्याय। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। जल्द ही पूरे मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र को पुनः सुचारू करने की मांग भी तेजी पकड़ने लगी है।

## प्रोफेसर के घर 20 लाख की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, जेवरात समेत सामान बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना अंतर्गत बसारबीघा मोहल्ला स्थित रिटायर्ड प्रोफेसर अजीत कुमार पोद्दार के घर में हुई करीब 20 लाख रुपये की चोरी का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, गैस सिलेंडर और अन्य घरेलू सामान की बरामदगी की गई है।

थानाध्यक्ष राजमणि ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रोफ़ेसर पोद्दार और उनकी पत्नी मार्च महीने में इलाज के लिए दिल्ली गए थे। करीब दो माह बाद 24 मई को जब वे लौटे, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और नकदी, आभूषण सहित कीमती सामान चोरी हो चुका था। इस संबंध में प्रोफ़ेसर ने थाना में आवेदन देकर लगभग 20 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। छानबीन के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोगल कुआं बौलीपर निवासी रामचंद्र राम के पुत्र कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की और उसकी निशानदेही पर चोरी गए गैस सिलेंडर, सोने-चांदी के गहने और अन्य घरेलू सामान बरामद किए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में यह भी सामने आया कि चोरी के गहने खंदकपर स्थित साईं ज्वेलर्स में बेचे गए थे। इस आधार पर पुलिस ने दुकान संचालक को भी पूछताछ के लिए थाना बुलाया है।



## प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति बनने पर हिसुआ में हर्ष की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के पूर्व प्राचार्य प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना का कुलपति नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की अधिसूचना राज्यपाल सह कुलाधिपति के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू द्वारा गुरुवार को जारी की गई। प्रो. सिंह का कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से आगामी तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है।

उनकी इस प्रतिष्ठित नियुक्ति पर टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा, सभी शिक्षक व कर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। डॉ. शर्मा ने दूरभाष के माध्यम से प्रो. उपेंद्र सिंह को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



कॉलेज के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह मूल रूप से नालंदा जिले के तेल्हारा गांव के निवासी हैं। वे जनवरी 2015 से दिसंबर 2015 तथा जुलाई 2016 से दिसंबर 2018 तक टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में प्राचार्य पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद उनका स्थानांतरण टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में हो गया था। उनकी उपलब्धि पर कॉलेज परिवार में उत्साह का माहौल है। कुलानुशासक प्रो. सुंदर शर्मा, उप-कुलानुशासक डॉ. स्वर्गेश कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. रजनीश देव, लेखापाल सह मगध प्रक्षेत्र कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव डॉ. शेखर, प्रधान सहायक राजेश कुमार, अनिल कुमार, सिंधुकांत, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, शंकर कुमार, दीपक कुमार, रौशन कुमार समेत अनेक शिक्षक व कर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके कार्यकाल को विश्वविद्यालय के लिए लाभकारी बताया।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनीं आमजन की समस्याएं, कई मामलों का मौके पर निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों ने अपनी समस्याएं रखीं। दरबार में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। जिला पदाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर शिकायतकर्ताओं को राहत भी प्रदान की गई। जनता दरबार में सिरदला थाना क्षेत्र के ग्राम राजन की मंजूषा पांडेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की। नारदीगंज प्रखंड के ग्राम बरियो निवासी शैलेन्द्र कुमार ने पशु शेड निर्माण में अनियमितता का मुद्दा उठाया। बुंदेलखंड थाना अंतर्गत मधुवन बाड़ा, गया रोड की पुष्पा कुमारी ने जन्म प्रमाण पत्र की त्रुटियों से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। नवादा सदर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल रोड निवासी दिनेश कुमार ने नगर परिषद के प्रधान लिपिक के खिलाफ शिकायत की। नवादा अंचल के अमरपुर गांव की विपती देवी ने भूमि बंदोबस्ती की मांग रखी। रोह अंचल के ओम प्रकाश ने बंटवारे से संबंधित समस्या उठाई। वारिसलीगंज प्रखंड के मुड़लाचक के हरिनारायण चौधरी ने भूमि मापी से जुड़ा आवेदन प्रस्तुत किया।

डीएम रवि प्रकाश ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर कुछ मामलों को वहीं पर सुलझा दिया, जबकि शेष मामलों को विभागीय निष्पादन के लिए अग्रसारित कर दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए। डीएम ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम जनता को शासन से सीधे जोड़ना और उनकी शिकायतों का पारदर्शी एवं समयबद्ध निपटारा करना है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे हर शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

इस मौके पर अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभु शरण पांडेय, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, स्थापना शाखा प्रभारी डॉ. राजकुमार सिंहा, वरीय उपसमाहर्त्ता मनोज चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बुनियाद केंद्र रजौली में 57 मरीजों की हुई नेत्र जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बुनियाद केंद्र रजौली में नेत्र सहायक सुमन सौरभ के द्वारा प्रखंड क्षेत्र से आए हुए 57 मरीजों का नेत्र जांच की गई। बुनियाद केंद्र के प्रभारी केंद्र प्रबंधक सह सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट गौरव कुमार ने बताया कि रजौली प्रखंड एवं सिरदला क्षेत्र के दर्जनों गांवों से कुल 57 मरीज बुनियाद केंद्र रजौली पहुंचे थे। बुनियाद केंद्र में पहुंचे सभी मरीजों का नेत्र सहायक सुमन सौरव के द्वारा नेत्र जांच किया गया। नेत्र जांच करने के बाद मरीज को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। साथ ही 55 लोगों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया एवं 2 मरीजों को मोतियाबिंद होने के कारण उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया।

मौके पर केयर गिवर जुली कुमारी, कार्यपालक सहायक शशि कुमार, कार्यालय सहायक बलेंद्र कुमार, मंटू कुमार के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय शिक्षा समिति व शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** एलआईसी एचएफएल सीएसआर के सहयोग से भारतीय जन उत्थान परिषद द्वारा नवादा जिले के पाकरीबरावां एवं काशीचक ब्लॉक के 32 विद्यालयों में 'साथी परियोजना' का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत इन विद्यालयों में सोलर पावर स्मार्ट क्लासरूम्स की स्थापना की गई है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और डिजिटल सीखने के साधन उपलब्ध कराए जा सके।

शुक्रवार को पकरीबरावां प्रखंड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज में कृष्ण मिंज द्वारा विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को स्मार्ट क्लास के उपयोग एवं तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही शिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से स्मार्ट क्लासरूम्स के प्रभावी उपयोग, स्मार्ट टीवी की सुरक्षा हेतु विशेष कैबिनेट्स के प्रबंधन तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पाठ्यक्रम के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री का परिचय कराया गया। प्रमुख उपस्थितियों में प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, शिक्षिका फरहत जहां, अर्चना भारती, शची कुमारी, विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष सविता देवी, सचिव सतौलवा देवी, ग्रामीण प्रतिनिधि ललिता कुमारी, मारो देवी, शारदा शर्मा, सेमपुल देवी, रीता देवी, विभा कुमारी तथा इम्पी कुमारी शामिल थीं। परियोजना समन्वयक सुमित शेखर ने कहा यह परियोजना केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति का हिस्सा है। 'साथी परियोजना' के माध्यम से हम बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने के साथ-साथ उनके समग्र विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। इस पहल में विद्यालय शिक्षा समितियों की सक्रिय भागीदारी से परियोजना की सफलता में अहम योगदान मिला है। स्मार्ट क्लासरूम्स के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर समझदारी, इंटरैक्टिव शिक्षा और अद्यतनीकृत ज्ञान के स्रोत प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे शिक्षा में नवाचार और समकालीन तकनीकी का उपयोग सुनिश्चित हो रहा है।



## 8 जुलाई को पंचायत स्तर पर निकाली जाएगी साइकिल रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश इकाई की ओर से शुक्रवार को वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, विधान परिषद के उप नेता ललन सर्राफ, विधान परिषद के उप सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद रविंद्र कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम को पार्टी पूर्ण समर्थन देती है और सभी कार्यकर्ताओं को इसमें 100% लक्ष्य प्राप्ति हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से उन मतदाताओं तक पहुंचना जरूरी है जो अब भी जागरूकता की कमी से जूझ रहे हैं। इस अभियान की निगरानी के लिए पूर्व सांसद अनिल हेगड़े और विधान पार्षद रविंद्र कुमार सिंह को विशेष दायित्व सौंपा गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने निर्देश दिया कि सभी विधानसभा प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, संगठन प्रभारियों और बीएलए-1 को अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलए-2 की नियुक्ति अविलंब पूरी करनी होगी।



उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान 77,895 मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 98,498 की जा रही है, जिसके लिए 20,603 नए मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 की नियुक्ति आवश्यक है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 8 जुलाई 2025 को सभी पंचायतों में जदयू कार्यकर्ता साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करेंगे और उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

जिला जदयू अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने बताया कि नवादा जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 की नियुक्ति पूरी कर जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंप दी गई है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बार-बार निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, नवादा बीएलए-1 जयशंकर चंद्रवंशी, रजौली बीएलए-1 दीपक कुमार मुन्ना, वारसलीगंज बीएलए-1 शशि कुमार शेष, गोविंदपुर बीएलए-1 शिववालक प्रसाद कुशवाहा, साथ ही विभिन्न विधानसभा प्रभारियों व मीडिया सेल जिला अध्यक्ष प्रिंस प्रभात डांगी की उपस्थिति रही।

बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक लागू कर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में योगदान दें।

## गरीबों को हक दिलाने की लड़ाई लड़ रही है हम पार्टी, मांझी नहीं आंधी हैं : डॉ. संतोष

### रजौली में कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले लघु जल संसाधन मंत्री– अपने अधिकारों के लिए पहाड़ का सीना चीर देते हैं हम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली। बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि हम पार्टी गरीबों, वंचितों और शोषितों की आवाज है। उन्होंने कहा कि हम किसी से डरने वाले नहीं हैं, हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे। मांझी कोई नाम नहीं, एक आंधी है, जो व्यवस्था की नींव हिला सकती है। वे शुक्रवार को रजौली के घसियाडीह में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुटता की अपील करते हुए कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक बंटे रहेंगे। हमें एक मुट्ठी में बंधकर दिल्ली तक अपनी आवाज उठानी है। डॉ. सुमन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा, ह्लपहले हमारे समाज के लोग वर्दी और सूट-बूट वालों को देखकर डर जाते थे। लेकिन अब युवा जाग चुके हैं। उनमें हौसला है, आत्मविश्वास है। हमें डरना नहीं, लड़ना है, संघर्ष करना है और अपने हक को छीन कर लेना है। उन्होंने महादलित समाज के प्रतीक पर्वत पुरुष दशरथ मांझी को याद करते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने 22 वर्षों में पहाड़ काटकर रास्ता बनाया, उसी जज्बे के साथ हमें भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। मांझी एक प्रेरणा हैं, एक आंदोलन हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए हम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, टिकारी विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। जीतन राम मांझी जैसे जननेता के बिना एनडीए की ताकत अधूरी है। मगध क्षेत्र में उनकी भूमिका निर्णायक है।

कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में हम पार्टी की पकड़ मजबूत हो रही है। सम्मेलन में स्थानीय नेताओं और पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

## शराब व बाइक जब्त, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने की दिशा में रजौली पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए 25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब की ढुलाई में प्रयुक्त एक बाइक को भी जब्त किया गया है। हालांकि, तस्कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रजौली थाना क्षेत्र के लालू मोड़ के पास छापेमारी की गई। पुलिस की दबिश की भनक मिलते ही शराब कारोबारी मौके से भागने में सफल रहा। तलाशी के दौरान घटनास्थल से 25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई, साथ ही एक बिना नंबर की बाइक भी जब्त की गई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। गौरतलब है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, और प्रशासन शराब के अवैध व्यापार पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है।

## 37 फरार अपराधी गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अपराध पर शिकंजा कसते हुए नवादा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर 37 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 3 जुलाई को जिले भर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अपराधियों में लूट के 2, साइबर अपराध के 2, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के 3, अवैध खनन से जुड़े 3, मद्य निषेध उल्लंघन के 5 तथा अन्य 22 आरोपी शामिल हैं। इसके अलावा 34 मामलों में वारंट का निष्पादन भी किया गया।

शराब बरामदगी में भी पुलिस को सफलता मिली है। अभियान के दौरान 20 लीटर देशी महुआ शराब और 25 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। वाहन जांच के दौरान 85 वाहनों की जांच की गई, जिसमें ट्रैफिक उल्लंघन पर 31 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

अन्य जब्त सामग्रियों में 10 ट्रैक्टर, 3 मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल फोन, 8 फर्जी डेटा शीट, 2 अपहृता, 5 सिम कार्ड, 220 रुपये नकद भी शामिल हैं। एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने के लिए संकल्पित है। पुलिस लगातार गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई कर रही है, खासकर वे अपराधी जो वारदातों को अंजाम देकर जिले से बाहर छिपे रहते हैं, उन्हें भी चिह्नित कर धर-पकड़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नवादा पुलिस के सतत प्रयासों का परिणाम है और आने वाले दिनों में ऐसी कार्रवाइयां और भी तेज की जाएंगी ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके।

# पितृपक्ष मेले में नहीं हो तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** गयाजी में आगामी पितृपक्ष मेला-2025 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। गया विधायक और राज्य सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी के साथ विभिन्न योजनाओं और जनसुविधाओं को लेकर चर्चा की। बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, रोपवे परियोजना, घाटों और तालाबों के सौंदर्यीकरण, तथा पर्यटन विकास से जुड़ी कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला गया की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रमुख पर्व है और इसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मेला को उज्जैन महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयासों की बात कही। शहर की भीड़भाड़ से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक जाम के स्थायी समाधान, अंडरग्राउंड केबलिंग, साइनेज लगाने, गयाजी के चार ऐतिहासिक दरवाजों के जीर्णोद्धार, तथा घाटों और पार्कों के विकास जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बोधगया से गया होते हुए चाकंद तक फ्लाईओवर निर्माण, मेट्रो रेल परियोजना, रेलवे स्टेशन से रेल ओवरब्रिज, और शहर में प्रस्तावित विभिन्न भवनों के निर्माण को लेकर भी मंत्री ने प्रगति की जानकारी ली। इसके अलावा गयाजी बस स्टैंड, कालरा अस्पताल, लेप्रोसी अस्पताल, संवास सदन और जेल प्रेस के सामने स्थित जमीन के उपयोग जैसे स्थानीय विकास कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने स्पष्ट किया कि जनसुविधाओं से जुड़े इन सभी प्रस्तावों पर तेजी से कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि मेला सफलतापूर्वक संपन्न हो और आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। बैठक में गया शहर को पर्यटन, संस्कृति और आधुनिक नगरीय विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में संकल्प व्यक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री से मिले पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रो. सिंह को कुलपति पद की नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि प्रो. सिंह अपने प्रशासनिक अनुभव और शिक्षण क्षेत्र में गहन समझ के साथ विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान द्वारा प्रो. सिंह की कुलपति पद पर नियुक्ति की गई है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया शहरी विकास व विद्यालय भवन निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता मंत्री एवं गया विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना एवं बिहार शिक्षा परियोजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 03, डेल्हा में पच्चीस लाख उनसठ हजार तीन सौ बाइस रुपए की लागत से बनने वाले पथ एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को सड़क एवं जल निकासी की सुविधा सुलभ हो सकेगी। इसी क्रम में वार्ड संख्या 01, खरखुरा स्थित आर आर +2 उच्च विद्यालय में चार कमरों वाले नव भवन निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। मंत्री ने कहा कि नया विद्यालय भवन तैयार हो जाने से छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा और पठन-पाठन में सुविधा बढ़ेगी। स्थानीय नागरिकों, विशेषकर वार्ड संख्या 03 के निवासियों ने पथ एवं नाली निर्माण कार्य की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की और मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के प्रति आभार जताया। वहीं मौके पर मगध प्रमंडल विपणन सहकारी संघ अध्यक्ष वसंत जी परमार, मगध सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, अशोक गुप्ता, गोपाल चंद्रवंशी, प्रदेश नेत्री निशु कुमारी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष करुणा सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमर शेखर, आईटीसेल संयोजक वेद प्रकाश, नीलम मिश्रा, निर्मला देवी, धर्मेंद्र कुमार, बंटी वर्मा, महेश शर्मा, विक्की सिंह, धीरेन्द्र कुमार, दिवाकर जी, विनोद पासवान, पवन कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अनुकम्पा के आधार पर आश्रित को दिया गया नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सरकार के अवर सचिव, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के निदेशानुसार शुक्रवार को गया जिला के 03 चौकीदार संवर्ग को अनुकम्पा के आधार पर उनके आश्रित को नियुक्ति पत्र जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में दिया गया। विदित हो कि 3 लाभार्थी जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है जिनमें अनिल पासवान, पिता-स्व0 सुरेश पासवान, मृत्यु की तिथि-22.06.2023 ग्राम-रंगा बिगहा, डाकघर-मऊ, थाना-टिकारी, जिला-गया।जय प्रकाश पासवान, पिता-स्व0 बिन्देश्वर पासवान, मृत्यु की तिथि-19.01.2024 निवासी ग्राम-सुरौंधा, डाकघर-पाई बिगहा, थाना-मेन, जिला-गया।संजय कुमार, पिता-स्व0 कारू पासवान, मृत्यु की तिथि-11.06.2024 निवासी ग्राम-परसिया, डाकघर-नगवां, थाना-इमामगंज, जिला-गया।

## एसएसपी ने पुलिस केंद्र पहुंच मॉक ड्रिल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को पुलिस केंद्र, गया में आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत दंगा एवं भीड़ नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस अवसर पर एसएसपी स्वयं पुलिस केंद्र पहुंचे और मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), मेजर सार्जेंट तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे। इस पूर्वाभ्यास के दौरान जवानों को एंटी-राइट गन, टियर गैस, वाटर कैनन सहित अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पुलिस दल, सिविल पुलिस दल, फायर फाइटिंग टीम, लाठी बल, चिकित्सकीय दल तथा आरक्षित बल समेत विशेष टीमों का गठन कर, उग्र भीड़ को नियंत्रित करने की विभिन्न रणनीतियों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर एसएसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भीड़ नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था के संधारण में और अधिक दक्षता लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

## शराबी पति ने पत्नी के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कोंच बहादुरपुर गांव में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की जिसके बाद पत्नी ने कांड संख्या 359/25 दर्ज कराकर पति को जेल भिजवा दिया। इस तरह की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में धुत पति द्वारा की जाने वाली मारपीट के कारण होती है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति जय मंगल साव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। ऐसी घटनाओं पर पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटता है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करता है।

# आत्मनिर्भर भारत की लक्ष्य प्राप्ति में सीयूएसबी दे रहा योगदान : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय लगातार प्रयासरत है और राष्ट्र स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय में पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ - साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की भी पढ़ाई होती है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ - साथ कौशल का विकास किया जा रहा है जिससे वे विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में अपना योगदान दे सकते हैं। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय की वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। कुलपति ने कहा कि सीयूएसबी का ध्यय 'कैंपस फॉर कम्युनिटी है जिसका उद्देश्य परिसर के विद्यार्थियों के साथ आसपास के गांवों के साथ समस्त मगध छेत्र के किसानों एवं युवाओं के कौशल को विकसित करना है। मेरा यह मानना है कि विश्वविद्यालयों की स्थापना वहां के क्षेत्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से होता है। विश्वविद्यालय का यह दायित्व है कि वह क्षेत्र की आवश्यकता आधारित पाठ्यक्रम शुरु करे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर सीयूएसबी ने इस छेत्र की आवश्यकतानुसार कौन से पाठ्यक्रम शुरू किए हैं? दो वर्ष पूर्व बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई जिसके अंतर्गत छात्रों को हॉर्टिकल्चर, मशरुम फार्मिंग, मधुमक्खी पालन, गोपालन, धानरोपण आदि के साथ कृषि एवं पशुधन से सम्बंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है। आसपास के गांव के लोग भी विश्वविद्यालय परिसर में आकर कृषि और पशुधन से संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में भविष्य एग्रो-टूरिज्म के तहत विशेष संग्रहालय स्थापित करने की योजना है जिसमें कृषि से जुड़े यंत्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि इसी अकादमिक सत्र से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है जो युवाओं के लिए डिजिटल भारत में करियर के नया द्वार खोलेगा। पिछले अकादमिक सत्र में विश्वविद्यालय ने 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीबीए एलएलबी के साथ 12 नए 5-वर्षीय इंटीग्रेटेड यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों को शुरू किया। इस वर्ष विश्वविद्यालय यूजी स्तर पर कुछ नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने जा रहा है जिनमें 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड यूजी-पीजी इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन शामिल हैं। कैंपस प्लेसमेंट पर पूछे गए सवाल के जवाब में कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने कहा कि मास्टर आफ सोशल वर्क पाठ्यक्रम में 99 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है वहीं अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का भी विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों में प्लेसमेंट हुआ है।

## डीएम ने तीन सौ से अधिक मामले को गंभीरतापूर्वक सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित जिले के डीएम का जनता दरबार में डीएम शशांक शुभंकर ने सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक लगातार उपस्थित लगभग 300 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में डीएम द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा डीडीसी, अपर समाहर्ता, एसडीओ संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच कराने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को डीएम ने उप विकास आयुक्त/ डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में डीएम ने संबंधित सीओ तथा थानाध्यक्ष एवं एसडीओ तथा डीएसपी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें।

## मोहर्रम को लेकर एसडीओ व डीएसपी ने संवेदनशील इलाकों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मोहर्रम पर्व को लेकर संवेदनशील इलाके एवं अन्य जगहों का शेरघाटी के एएसपी शैलेंद्र सिंह, एसडीओ मनीष कुमार, बीडीओ स्नेहिल आनंद, कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार, सीओ ऊषा कुमारी ने लिया जायजा। एसडीओ मनीष कुमार ने कहा कि जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती रहेगी। साथ ही मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे नगर परिषद की ओर से लाइट की व्यवस्था रहेगी पूर्व में जो क्षेत्र संवेदनशील है उस जगह पर कैमरे लगाए जाएंगे। उसी रूट से ही जुलूस निकाला जाए अगर कोई भी व्यक्ति अन्य देशों का झंडा लेकर घूमता है तो कार्रवाई की जाएगी किसी भी हाल में भड़काऊ भाषण अथवा गाना नहीं बजे जो निर्धारित समय है। उसी समय पर संपन्न कराएं। शुमाली मुहल्ला में जिस समय गोल उठेगा बड़ी गाड़ी या छोटी गाड़ी मुख्यमार्ग से न जाकर रिंग रोड से जायगा।

## गन्दगी की सोशल मीडिया पर आयी तस्वीर तो गया नगर निगम ने चंद घंटे में सफाई कर बनाया खूबसूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया नगर निगम स्वच्छ गयाजी और सुंदर गयाजी बनाने में कृत संकल्पित है। इसी क्रम में सोशल मीडिया एक्स (ट्विटर) के माध्यम से एक व्यक्ति ने गंदगी की तस्वीर पोस्ट कर शिकायत प्रेषित किया। बताया गया कि यह गन्दगी की तस्वीर भुसुंडा मोड़ स्थित की है। चंद घंटे में हीं नगर निगम के द्वारा पहल करते हुए उपरोक्त स्थान की पूर्ण रूप से सफाई करा दी गई एवं सोशल मीडिया के माध्यम से उस व्यक्ति को सूचित भी कर दिया गया। लेकिन ध्यान देने वाली यह बात है कि सूचित करने के साथ साथ निगम ने ये संदेश भी दिया कि निगम की जिम्मेदारी सफाई करवानी थी जो निगम ने किया। परन्तु, अब इस जगह को इस तरह से साफ रखने की जिम्मेवारी वहां के स्थानीय लोगों की है।यह शहर आपका है। सफाई को अपनाइएगा तभी बीमारी भी भगा पाइएगा। साथ में शहर की छवि भी सुधरेगी। निगम ने हीं शिकायतकर्ता से चुनौती के माध्यम से अपील की, अब इस सफाई को बरकरार करके दिखाइए। साथ ही नगर निगम प्रशासन ने अपील करते हुए कहा कि जिस तरह से हम अपने घर को स्वच्छ रखने में प्रबंधन करते हैं और जिम्मेदारी से काम करते हैं। ठीक उसी तरह शहर को सुंदर व स्वच्छ रखने में भी हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। इस संबंध में नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि यह एक सबसे बड़ी चुनौती है निगम के लिए की लोग 24 घंटे गंदगी सड़क पर या इधर उधर फेंकते रहते हैं जब निगम के द्वारा सुबह कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी जाती है तो उसमें सभी कचरे को नहीं डाला जा रहा है। अपने मन के हिसाब से कचरा जब मन तब फेंका जाता है। इस व्यवहार को बदलने की जरूरत है। वहीं इसके अलावा नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के समस्त अस्पताल परिसरों में एंटी-लार्वासाइड का सघन एवं व्यापक छिड़काव कराया गया।


### शपथ पत्र

मैं रीना देवी (RINA DEVI) उम्र-45 वर्ष पति सिकन्दर कुमार साकिन-सनथुआ थाना-रिसियप जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक सत्य एवं निष्ठा के साथ निम्न बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
मेरी पुत्री कक्षा नवम ए की छात्रा है जिसका नाम पुष्पांजली कुमारी है जिसके रिपोर्ट कार्ड में माता का नाम REENA DEVI अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा आधार कार्ड सं.- 226738941189 है जिसमें मेरा अंकित नाम RINA DEVI है जो कि सही एवं सत्य है। मैं उक्त शपथ पत्र अपने पुत्री के रिपोर्ट कार्ड में REENA DEVI को सुधार कर RINA DEVI करना है।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-14652- दिनांक-2/7/25 है।

शपथकर्ता
रीना देवी



### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,जिला नियोजनालय,गढ़वा

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–10 जुलाई–2025**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–10.07.2025 को पूर्वाह्न–10.30बजे से 4.00 अपराहन् तक टाउन हॉल भवन,चिनियां मोड़, गढ़वा में''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2025''आयोजन किया जा रहा है।
रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Freedom Employability Academy, Garhwa | Teacher | 15 | Graduation (Any Stream) | - | - | 18-45 yr | 14500 (Gross Salary) | Garhwa |
| 02 | Fusion Finance Ltd, Garhwa | Relationship Officer/Senior Relationship Officer | 30 | 12th Pass | - | 0-5 yr | 18-35 yr | CTC upto 13200+4000 (Fuel+Allowances) | Garhwa, Palamu |
| 03 | Mahiya Infratech Pvt. Ltd, Garhwa | Multi-Tasking Staff (MTS) | 02 | Graduation | ADCA, Tally and English Knowledge | 1 year | 18-30 yr | 10000-12000/- | Jharkhand |
| 04 | Dinkar Prabhakar Janseva Trust, Garhwa | District Coordinator | 01 | Post-Graduation | Male | 2 Years | 25-35 yr | 20000-30000 | Garhwa |
| | | Block Coordinator | 20 | Post-Graduation | - | - | 22-35 yr | 15000-25000 | |
| | | Surveyor | 80 | 12th Pass | - | - | 20-40 yr | 12000-20000 | |
| | | Counsellor | 1 | Graduation (Psychology) | - | - | 21-35 yr | 10000-15000/- | |
| | | Computer Operator | 1 | 12th Pass | ADCA | - | 21-35 yr | 8000-12000/- | |
| 05 | SIS Ltd. Belchampa | Security Guard | 100 | 10th Pass | - | - | 19-40yr | 15000-22500/- | All India |
| | | Security Supervisor | 20 | Graduation | - | - | 21-37yr | 27000-32000/- | |
| | | Dog Handler | 50 | 10th Pass | - | - | 21-40yr | 15000-22000/- | |
| | | Cash Custodian | 50 | 11th Pass | - | - | 18-33 yr | 13000-19000/- | |
| 06 | Life Insurance Corporation of India, Garhwa | Normal Agent / Insurance Advisor | 100 | 10th Pass | Exam Fee 750 Rs. | - | 18yr | As Per Commission + Allowances | Garhwa |
| 07 | Sakshi Skill Centre, Garhwa | Mobilizer | 02 | Graduation | - | 1 year | 25 yr | 13000-15000/- | Garhwa |
| | | Trainer (Electronics) | 01 | ITI or Diploma in Electronics | - | 1 year | 25 yr | 13000-15000/- | |
| | | Trainer (GDA) | 01 | B.Sc. (Nursing) or Diploma in GNM | - | 1 year | 25 yr | 13000-15000/- | |
| | | Guard | 01 | 10th Pass | Male only | 1 year | 25 yr | 8000-10000 | |
| 08 | Grameen Siksha avam Prashikshan Foundation, Jamtara | Assembly Line Operator | 150 | 10th Pass | ITI, Diploma | - | - | 17000-21000/- + Free Room | Rajkot, Gujrat |
| 09 | ASK Automotive Ltd, Maharashtra | Associate | 100 | 10th Pass | - | - | 18-35 yr | 20168/- (12 hrs) | Bengaluru |
| | | Machine Operator | 100 | ITI, Diploma | - | - | 18-35 yr | 21770-23085/- (12 hrs) | |
| 10 | Svatantra Micro Finance Pvt. Ltd. Garhwa | Field Officer | 50 | 10th Pass | Bike and DL | - | 18-27 yr | 15003/- ctc + Incentive | Garhwa Palamu |
| | | Relationship Officer | 20 | 10th Pass | Bike and DL | - | 18-35 yr | | |
| 11 | CAIT EDUSYS PVT LTD. | Cashier | 15 | 12th | B.Com | - | 18-30 yr | 17000/- | Pune / Delhi |
| | | Production / Quality (M/F) | 5 | Graduation/ITI | - | - | 18-30 yr | 19500/- | |
| | | NATS Trainee | 35 | 10th Pass | - | - | 18-30 yr | 20000/- | |
| | | Data Operator | 20 | ITI | - | - | 18-35 yr | 16000/- | |
| 12 | Atmasamman Foundation, New Delhi | Trainee | 30 | 10th Pass | - | - | 18-30 yr | 19500/- (12 Hrs) | Bengaluru |
| 13 | SK Safety Wings Pvt. Ltd, Telangana | Associate | 50 | 10th Pass | English Reading | - | 18-34 yrs | 18700-22000/- + PF+ESIC | Chennai, Bengaluru |
| 14 | Goodwill India Management Group of Comapany | Store Keeper | 10 | 10th Pass | - | - | 18-35 yr | 11500-32700/- | Garhwa |
| | | Supervisor | 5 | 12th Pass | - | - | 18-30 yr | | |
| | | Receptionist | 20 | 12th Pass | - | - | 18-35 yr | | |
| | | Computer Operator | 30 | Diploma in Computer | - | - | 18-35 yr | | |
| 15 | Orbel Electronics India Pvt. Ltd | Supervisor | 10 | Graduation | ITI | - | 22-35 yr | 14700-16500/- | Ahmedabad |
| | | HR Manager | 20 | Graduation | - | - | 18-35 yr | 17000/- | |
| | | Computer Operator | 20 | 12th Pass | Computer Knowledge | | 18-40 yr | 16500/- | |
| 16 | DSETS Pvt. Ltd, Haryana | NAPS Trainee | 100 | 10th Pass | - | - | 18-22 yr | 16000-27000/- | Haryana, Rajasthan |
| 17 | AISECT, Garhwa | Trainer (Electrician) | 5 | ITI, Diploma in Electronics | - | 2 years | 20 yrs or above | 10000-15000/- | Meral, Garhwa |
| | | Trainer (GDA) | 04 | B.Sc (Nursing) or Diploma in GNM | - | 2 years | 22 yrs or above | 10000-18000/- | |
| | | Trainer (Self Employed Tailoring) | 02 | 10th Pass | Sewing Diploma | 2 years | 22 years or above | 10000-15000/- | |
| | | Trainer (Account Assistant) | 02 | B.Com | M.Com | 2 years | 22 years or above | 10000-15000/- | |
| | | Trainer (Computer) | 03 | ADCA | PGDCA | 1 years | 22 years or above | 12000-17000/- | |
| | | Trainer (Beautician) | 02 | 10th Pass | Diploma in Beautician | 2 years | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Driver | 02 | 10th Pass | Driving Licence | 2 years | 21-40 yr | 9000-13000/- | |
| | | Cook | 02 | 8th Pass | - | 2 years | 21-40 yr | 10000-18000/- | |
| 18 | Seva Sahyog Securities and Facility Management Pvt. Ltd, Saraikela | Security Guard | 75 | 10th Pass | - | - | 18-45 years | 10000-18000/- | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supervisor | 5 | Graduation | - | 1 year | 22-45 years | 15000-20000/- | |
| | | Area Manager | 2 | Graduation | - | 5 years | 18-45 years | 20000-25000/- | |
| | | Field Officer | 03 | Graduation | Computer Knowledge | 1 years | 22-45 years | 15000-25000/- | |
| | | Marketing Executive | 05 | MBA in Marketing | Computer Knowledge | 02 Yr | 30-50 years | 16000-25000/- | |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधियों के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तो के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan. jharkhand. gov.inपर उपलब्ध है।

**नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।**

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी,गढ़वा


**PR 356569 Labour Employment and Traning(25-26).D**

संपादकीय

# मप्र भाजपा– युवा हाथों में कमान

भाजपा विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्विरोध मप्र भाजपाध्यक्ष चुने जाने से जहां पार्टी की राज्य इकाई को नया नेतृत्व मिल गया है, वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सत्ता के साथ-साथ संगठन पर भी पकड़ मजबूत हो गई है, क्योंकि हेमंत सीएम की पहली पसंद माने जा रहे थे। साथ ही उन्हें संघ नेता सुरेश सोनी का समर्थन भी मिला। भोपाल में पार्टी की एक जुलाई की बैठक में जो हुआ, वह तयशुदा स्क्रिप्ट के मुताबिक ही था। इस पद के लिए हवा में चाहे जितने नाम तैर रहे हों, दावेदारियां की जा रही हों, लेकिन अंदरखाने तय हो गया था कि हेमंत खंडेलवाल को ही अध्यक्ष बनाना है। आलाकमान ने भी हेमंत को अध्यक्ष बनाकर यह संदेश दे दिया कि राज्य में मुख्यमंत्री की पसंद को उसकी भी हरी झंडी है। खुद सीएम ने हेमंत के नाम का प्रस्ताव किया। चूंकि प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव में और किसी ने नामांकन नहीं भरा, इसलिए हेमंत निर्विरोध चुन लिए गए। हेमंत खंडेलवाल के पक्ष में यूं तो कई बातें हैं, लेकिन उसमे सबसे बड़ी बात उनका 'लो प्रोफाइल' होना है। वो खुद कभी लाइम लाइट में नहीं रहे, जबकि पार्टी के कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी उन्होंने बखूबी निभाई, लेकिन विवादों से दूर रहे। इसके अलावा उनका उस वैश्य समुदाय से होना, जो भाजपा का कोर वोटर रहा है, भी महत्वपूर्ण है। अविभाजित मप्र में लखीराम अग्रवाल आखिरी नेता थे, जो प्रदेश अध्यक्ष बने थे और वैश्य समुदाय से थे। तीसरा कारण हेमंत का भाजपा व संघ से पुराना जुड़ाव है। वो बैतूल के पूर्व भाजपा सांसद विजय खंडेलवाल के बेटे हैं। हालांकि कुछ लोग इसे परिवारवाद के आईने में भी देख रहे हैं। हेमंत सुशिक्षित, कुशल व्यवसायी भी हैं। चौथे, वो अध्यक्ष पद के तमाम दूसरे दावेदारों की तुलना में युवा हैं। लिहाजा इसे पार्टी द्वारा युवाओं को आगे बढ़ाने के रूप में भी देख जा रहा है। पहले वो सांसद रहे और अब विधायक हैं। हालांकि उन्हें चुनाव में एक बार हार का भी सामना करना पड़ा। हेमंत खंडेलवाल का कार्यकाल तीन साल का होगा। शुरू के डेढ़ साल उनके सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं होगी। क्योंकि राज्य में स्थानीय निकायों और पंचायतों के चुनाव 2027 में होने हैं। इसका लाभ यह है कि हेमंत संगठन को मजबूत करने पर पर्याप्त ध्यान दे सकते हैं। उनकी असली परीक्षा 2027 में ही शुरू होगी, जब स्थानीय निकायों के बाद अगले विधानसभा और फिर लोकसभा के चुनाव होंगे। हेमंत खंडेलवाल को कमान सौंपे जाने से पार्टी को तबका खुश है, जो समर्पित ढंग से काम करता है। अलबत्ता प्रदेश अध्यक्ष पद के जो प्रबल दावेदार थे, उन्हें जरूर निराशा हाथ लगी है। इनमें पहला नाम पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का है, जो विधानसभा चुनाव में हारने के बाद किसी सम्मानित पुनर्वास की उम्मीद पाले हुए थे। अध्यक्ष के निर्वाचन के समय कतिपय बड़े नेताओं का नदारद रहना, इस बात का संकेत है कि हेमंत खंडेलवाल को सभी का विश्वास जीतने में काफी ऊर्जा लगानी पड़ेगी। यद्यपि मुख्यमंत्री और आलाकमान के वरदहस्त के चलते यह काम बहुत मुश्किल नहीं होगा। अब निवर्तमान अध्यक्ष वी.डी.शर्मा के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दावेदारों में एक नाम उनका भी है। यह भी चर्चा थी कि उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में लिया जा सकता है। लेकिन कोई भी सूचना अधिकृत नहीं है। बहरहाल मप्र में भाजपा का संगठन शुरू से बहुत मजबूत रहा है। इसे और सुगठित और सक्रिय करने की जिम्मेदारी अब हेमंत खंडेलवाल पर है। साथ ही वो पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाज भी उसी शिद्दत के साथ सुनेंगे, उनसे कार्यकर्ताओं की यह अपेक्षा बिल्कुल जायज है।

# आतंक पर दोहरे रवैये को लेकर राजनाथ का प्रहार



एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें 'शंघाई फाइव' से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया। भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया।

**योगेश कुमार गोयल**

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं था बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है।

भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह द्वारा की गई टिप्पणी कि 'आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है' और 'जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए', सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई 'टीआरएफ' (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। यह हाल के वर्षों का सबसे भीषण आतंकी हमला था। भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इंकार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है। एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें 'शंघाई फाइव' से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया। भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद कहकर गुमराह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इन्कार करना पड़ा।


यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो। बिश्केक (2019) और अस्ताना (2024) में भी भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं हो सकता। हालांकि उस समय भारत ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे परंतु इस बार की परिस्थिति अलग थी। इस बार एक ऐसा हमला हुआ था, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई और उसे एससीओ की बैठक में पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया। भारत का यह कड़ा रुख केवल एससीओ तक सीमित नहीं है। हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। भारत का यह स्पष्ट संदेश था कि अब वह आतंकवाद के केंद्रों को उनकी सीमा में घुसकर खत्म करने से भी नहीं हिचकिचाएगा। यह संदेश भी चीन और पाकिस्तान के लिए था कि भारत अब केवल शब्दों में नहीं बल्कि कार्यों में भी आक्रामक कूटनीति अपना रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भी स्पष्ट किया कि विश्वास-निर्माण तभी संभव है, जब चीन एलएसी पर अतिक्रमण की अपनी नीतियों को छोड़े और भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले। दोनों पक्षों ने सैन्य हॉटलाइन बहाल करने पर विचार किया लेकिन भारत ने यह भी जता दिया कि यह केवल दिखावटी बातचीत नहीं होनी चाहिए। भारत के इस सख्त रुख का एक और आयाम है, बिना उलझाव के संरेखण की नीति। भारत न किसी गुट का हिस्सा बनना चाहता है, न किसी के हितों का औजार। वह केवल अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर बहुपक्षीय मंचों पर भाग लेता है और किसी भी ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करता, जो उसकी संप्रभुता, सुरक्षा या वैचारिक सिद्धांतों से टकराव रखता हो। यह नीति भारत को एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और रणनीतिक रूप से परिपक्व राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत वैश्विक समर्थन जुटाने की दिशा में भी काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति में भारत लगातार मांग करता रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और टीआरएफ जैसे संगठनों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। चीन ने कई बार तकनीकी आपत्ति लगाकर इन प्रयासों को विफल किया है लेकिन भारत ने अपने प्रयासों को कभी धीमा नहीं किया। एससीओ की इस बार की बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भारत अब 'सामूहिक सहमति' की कीमत पर अपने 'राष्ट्रीय हितों' की बलि नहीं चढ़ाएगा।

भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को नाम लेकर नहीं लताड़ा जाएगा, तब तक कोई संयुक्त घोषणापत्र केवल कागज का एक टुकड़ा ही रहेगा। भारत के लिए यह रुख न केवल सम्मान का विषय है बल्कि वैश्विक मंचों पर उसकी विश्वसनीयता और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाता है। आज भारत को वैश्विक मंचों पर सुना जा रहा है क्योंकि वह केवल बातें नहीं करता बल्कि अपने रुख पर अडिग भी रहता है। बहरहाल, अंततः, भारत ने एससीओ के मंच से जो सख्त संदेश दिया है, वह केवल पाकिस्तान या चीन के लिए नहीं बल्कि उन सभी देशों के लिए भी है, जो आतंकवाद पर मौन साधे रहते हैं या अपने आर्थिक, कूटनीतिक हितों के कारण उसे नजरअंदाज करते हैं। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद अब केवल एक देश की समस्या नहीं है, यह वैश्विक मानवता के लिए खतरा है और इसके खिलाफ कूटनीतिक मंचों से लेकर वास्तविक जमीनी कार्रवाई तक निर्णायक लड़ाई लड़ी जानी चाहिए।

अध्यात्म

## अगर हम बुरी आदत छोड़ने का संकल्प कर लेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी



गुरु नानक जी यात्राएं करते रहते थे और जहां ठहरते थे, वहीं उनके उपदेश सुनने काफी लोग पहुंचने लगते थे। एक गांव में नानक जी ठहरे हुए थे, वहां एक डाकू रोज उनके उपदेश सुनने आने लगा। डाकू बहुत ध्यान से नानक जी की बातें सुनता था। एक दिन वह अकेले में गुरुनानक के पास पहुंच गया और अपने बारे में बताया कि मैं एक डाकू हूं। आपके उपदेश सुन रहा हूं। मैं गलत काम छोड़ना चाहता हूं, आप बताएं ये कैसे होगा? नानक जी ने कहा कि इसका तो एक ही तरीका है, तुम्हें खुद सोचना है और ये बुरी आदतें छुट जाएंगी। बार-बार सोचो मुझे बुराई छोड़नी है, मुझे बुराई छोड़नी है तो ये आदत छूट जाएगी। गुरु नानक जी की बातें सुनकर डाकू उस समय तो चला गया, लेकिन कुछ दिन बाद वह वापस आया और बोला कि मेरी बुरी आदतें तो छुट ही नहीं रही हैं। गुरुनानक ने कहा कि अब से एक काम करना जब भी कोई बुरा काम करो तो रोज उस काम के बारे में किसी न किसी को जरूर बताना। डाकू ने सोचा कि ये भी करके देख लेते हैं। ये तो वैसे भी बहुत आसान बात है। कुछ दिनों के बाद वह डाकू फिर से नानक जी के पास पहुंचा। नानक जी ने उसे देखते ही पूछा कि तुम्हारी बुरी आदतें दूर हुई या नहीं। डाकू बोला कि आपने जो तरीका बताया था, वह तो बहुत मुश्किल था। रोज-रोज अपने गलत काम दूसरों को बताना बहुत मुश्किल है। रोज-रोज ऐसा करके मेरे मन पर बोझ बढ़ने लगा। मैं अपने गलत काम दूसरों को बताकर तंग हो गया था तो मैंने संकल्प ले लिया कि अब से मैं गलत काम करूंगा ही नहीं। संकल्प लेने के बाद से मैंने कोई गलत काम नहीं किया और मेरी बुरी आदतें दूर हो गईं।

**सीख**

हमें बुरी आदतें छोड़ने के लिए मजबूत संकल्प करना होगा। अगर संकल्प मजबूत नहीं होगा तो आदतें और ज्यादा बिगड़ती रहेंगी।

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के विकसित भारत ञ्च2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त?वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है।

हम अक्सर कहते हैं- ÷सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत।÷ और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए। आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है।

जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है ङ्कऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है।

मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत?वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।

जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, ÷मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूँ।÷ इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है।

इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल?यावस?था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है।

देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष?पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है।

10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प?लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत?वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है।

लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है।

पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है।

एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है। मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है।

पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

ये लक्षित प्रयास ठोस नतीजे दे रहे हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एच एम आई एस) की नवीनतम रिपोर्ट से पता चलता है कि जन्म के समय लिंगानुपात (एसआरबी) 918 (2014-15) से बढ़कर 930 (2023-24) हो गया है, जिसमें 12 अंकों का शुद्ध सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। मातृ मृत्यु दर 130 प्रति 1000 जन्म (2014-16) से घटकर 97 प्रति 1000 जन्म (2018-20) हो गई है - जो हमारी सरकार के पिछले एक दशक के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करता है।

प्रत?येक बच?चा पोषित, सुरक्षित और संरक्षित वातावरण का हकदार है। हाल के वर्षों में, डिजिटल परिवर्तन ने बाल संरक्षण और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत, मंत्रालय ने केयरिंग्स पोर्टल (बाल दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली) के माध्यम से गोद लेने के इकोसिस?टम को मजबूत किया है। यह डिजिटल इंटरफ़ेस एक अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल गोद लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित करता है।

डिजिटलीकरण ने बाल देखभाल संस्थानों, पालन-पोषण केंद्रों और जेजे अधिनियम के तहत वैधानिक सहायता संरचनाओं की निगरानी में भी सुधार किया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा विकसित प्लेटफॉर्म बाल अधिकारों के उल्लंघन पर सक्रिय रूप से नज़र रख रहे हैं। इस बीच, मिशन वात्सल्य डैशबोर्ड विभिन्न बाल कल्याण हितधारकों के बीच अभिसरण और समन्वय को मजबूत करता है।

यह नया भारत है - जहाँ शासन प्रौद्योगिकी से मिलता है, और जहाँ नीति उद्देश्य से मिलती है। पिछले दशक में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन?द्र मोदी के ओजस?वी नेतृत्व में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने न केवल डिजिटल परिवर्तन को अपनाया है - बल्कि इसका समर्थन भी किया है।

जैसे-जैसे हम अमृत काल में आगे बढ़ रहे हैं, मंत्रालय प्रत्येक महिला और प्रत्येक बच्चे का राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़कर नेतृत्व करना जारी रखेगा। प्रौद्योगिकी, पारदर्शिता और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहाँ सशक्तिकरण महज नारा भर नहीं है - बल्कि प्रत्येक भारतीय के लिए वास्तविकता है।

**(लेखिका केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए सुख-समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी शौक मौज की चीजों में वृद्धि होगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतनी होगी।

**वृषभ**
किसी शारीरिक समस्या के आने से थोड़ी टेंशन रहेगी। आपने यदि परिवार में किसी सदस्य से कोई वादा किया था, तो उसे भी समय रहते पूरा करने की कोशिश करें।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक समस्याएं फिर उठाऐंगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव करने की सोच सकते हैं।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपको कोई मन मुताबिक काम मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपके आसपास के लोगों को इससे समस्या खड़ी हो सकती है।

**कन्या**
आप अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे न हटे। आपको अपने समय का सदुपयोग करना होगा। आप इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत ना करें।

**तुला**
परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में समस्या आने से भागदौड़ भी अधिक करनी होगी। आप बेवजह के कामों पर खर्च करने से बचे।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप अपनी छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को यदि पढ़ाई मे समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**कुंभ**
धन को लेकर कोई समस्या आपको घेरे हुए थी, तो वह भी दूर होगी। बिजनेस कर रहे लोग किसी डील को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी फाइनल हो सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ावों का सामना करना पड़ेगा। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाये।

# सिमरिया सिक्सलेन सड़क पुल का बना दूसरा लेन

## इस सप्ताह से इसपर दौड़ने लगेंगी गाड़ियां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** जिले के औटा-सिमरिया सिक्सलेन सड़क पुल की दोनों लेन बनकर तैयार हो गई है। इसी सप्ताह से इसपर गाड़िया दौड़ेगी। सिक्सलेन सड़क पुल के हाथीदह जंक्शन के पास निर्माणाधीन दूसरी लेन के आरओबी का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है। मंगलवार को आरओबी के पश्चिमी भाग पर सड़क के कालीकरण का कार्य अंतिम चरण में चल रहा था। पुल निर्माण से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि हाथीदह जंक्शन के पास बची एक लेन के आरओबी का निर्माण के बाद अब सड़क निर्माण को लेकर कालीकरण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही एनएचएआई के अधिकारियों के द्वारा जांच करने के बाद दो-चार दिन के भीतर ही हाथीदह जंक्शन के पास पुल की दूसरे लेन से भी वाहनों का अवागमन शुरू कर दिया जाएगा। विदित हो कि एक लेन का आरओबी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाने की वजह से हाथीदह जंक्शन के पास निर्माणाधीन आरओबी के केवल एक साइड पूर्वी छोड़ से ही वनवे व्यवस्था के तहत पिछले माह तीन जून 2025 से ही आधिकारिक तौर पर पुल पर से वाहनों का आवागमन शुरू करवाया जा चुका है। दूसरी लेन के आरओबी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाने की वजह से ही रामपुर-डुमरा रेलमार्ग के पास आरयूबी तथा इसी जगह रामपुर-औटा-सिमरिया सिक्सलेन सड़क पुल के हाथीदह जंक्शन के पास दूसरे लेंन के आरओबी बनकर हुआ तैयार। डुमरा न्यू रेलवे मार्ग के पास वनवे व्यवस्था से वाहनों का आवागमन करवाना पड़ रहा था। पुल निर्माण से जुड़े अधिकारी ने बताया कि अब केवल औटा-सिमरिया सिक्सलेन सड़क पुल का उद्घाटन केवल औपचारिकता ही रह गई है। इसी माह जुलाई 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा किए जाने की पूरी संभावना है।

## माले ने दिया धरना

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोइलवर के दर्जनो परिवार का वैकल्पिक व्यवस्था किए बगैर अतिक्रमण मुक्त करने के फरमान के खिलाफ समाहरणालय के समक्ष भाकपा माले व खेमाग्रस ने एक दिवसीय धरना शुक्रवार को दिया। अध्यक्षता प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर व संचालन भोला यादव ने किया। धरना में रेलवे की जमीन पर सालों से बसा किन्नर समाज भी शामिल हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज मंज़िल ने कहा कि कोईलवर नगर पंचायत के गरीबों को अतिक्रमण के नाम पर जमीन खाली करने का तुगलकी फरमान रेलवे विभाग द्वारा जारी किया गया है। जिसमें सैकड़ों लोगों का भविष्य संकट में पड़ गई है। यहां तक कि कई अपने रैयती जमीन में बसे लोगों को भी नोटिस जारी कर दिया है। इस दौरान किन्नर समुदाय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खुशबू किन्नर ने कहा कि हमलोग 20 साल से ज्यादा समय से कोईलवर में रेलवे की ज़मीन पर जोकि सोन नदी के किनारे स्थित है बसे हुए हैं, हमलोगों हमेशा से भेदभाव के शिकार रहे हैं, हमलोगों का घर उजड़ जाएगा। हम लोग कहां

# आरा डेयरी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह

## विद्यार्थियों को दी गई सहकारिता की गहन जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकारिता सप्ताह के अवसर पर सुधा डेयरी, आरा द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, भोजपुर में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को सहकारिता के मूल सिद्धांतों, कार्यप्रणाली और सामाजिक भूमिका से अवगत कराना था। डेयरी के प्रबंध निदेशक धनंजय कुमार ने सहकारिता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे यह प्रणाली व्यक्ति की कार्यशैली और जीवनशैली को सशक्त बना सकती है, जिससे एक समावेशी और समर्थ समाज का निर्माण संभव है। विद्यालय के प्राचार्य एम. एस. अहमद ने छात्रों से अपील की कि वे जीवन के हर क्षेत्र में सहकारी




मूल्यों को अपनाएं, जिससे सामूहिक प्रगति सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में सुधा डेयरी के कर्मियों – शिवशंकर श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार, कुमार अभिषेक आनन्द, शिफाली भारद्वाज, अनुराग प्रियदर्शी, उमा शंकर मिश्रा और उपेन्द्र प्रसाद भारती – ने भी सहभागिता की। इन सभी ने सहकारिता विषय पर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार सहकारी संस्थाएं विशेष रूप से दुग्ध उत्पादन एवं विपणन के क्षेत्र में किसानों को सशक्त बना रही हैं। सुधा डेयरी मॉडल के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि कैसे दूध संग्रहण से लेकर उपभोक्ता तक की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, सहभागिता और सामूहिक उत्तरदायित्व का निर्वहन होता है। अंत में, डेयरी प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों के बीच उपहार भी वितरित किए गए। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सहकारिता को समझने के प्रति अपनी गहरी रुचि दिखाई।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**नावकोठी।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में शुक्रवार को बखरी एवं चेरिया बरियारपुर विधानसभा से जुड़े बीएलओ की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ चिरंजीव पांडे ने किया। उन्होंने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की मतदान केंद्रवार समीक्षा की तथा इस कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया की गणना प्रपत्र को मतदाता से भराकर लेने के बाद द्रुतगति से उसे अनलाइन भी करना है। विगत 10 दिनों में अनलाइन प्रपत्र जमा करने का डाटा नगण्य है। 25 जुलाई तक इस कार्य को पूर्ण करना भी है। सभी बीएलओ को वर्ष 2003 के मतदाता सूची की एक-एक प्रति उपलब्ध कर दी गयी है। 1987 के पूर्व जन्म लिए मतदाता को सिर्फ 2003 के मतदाता सूची का छाया प्रति देना है। उसके बाद जन्म लिए मतदाताओं को उनके माता-पिता के पहचान सत्यापित करने के लिए वर्णित मतदाता सूची का छाया प्रति लेने निर्देश चुनाव आयोग ने दिया है। इस अवसर पर क्षेत्र में हो रहे कठिनाईयों के सवाल पर भी उन्होंने साफ स्पष्ट गाइडलाइन से अवगत कराया। इस अवसर पर विभाकर कुमार, रविंद्र कुमार, कन्हैया कुमार, धर्मशील कुमार, राम बहादुर यादव, मुकेश कुमार, मो इमरान, मो मोसिम, मो महबूब आलम, पंकज कुमार, ललन पासवान, इंद्रदेव मोची, संतोष कुमार, राधारमण पोद्दार, संजय पासवान आदि मौजूद थे।

# जल निकायों को बहाल करने में सामुदायिक भागीदारी जरूरी : निदेशक

## बरौनी रिफाइनरी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित वेबिनार से जुड़े कई लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी मे चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत 4 जुलाई को एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के तालाब पुरूष के रूप में लोकप्रिय प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रामवीर तंवर शामिल हुए। सत्र में जल संरक्षण और तालाब पुनर्जीवन के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने 80 से अधिक मृत तालाबों को पुनर्जीवित किया है, गाजियाबाद नगरपालिका द्वारा नामित स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्यरत है, और कर्मवीर चक्र पुरस्कार से सम्मानित हैं। वेबिनार की शुरुआत अतिथि वक्ता के परिचय और कार्यकारी निदेशक




सत्य प्रकाश के उद्घाटन सम्बोधन के साथ हुई। जिसमें कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं और कोर ग्रुप) संजय रायजादा, सभी मुख्य महाप्रबंधकगण, रिफाइनरी डिवीजन के अन्य कर्मचारी और बीआर डी ए वी तथा केवी बीआर स्कूल के बच्चे ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुये थे। श्री प्रकाश ने जल निकायों को बहाल करने में सामुदायिक भागीदारी, संधारणीय प्रथाओं और निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर दिया। वेबिनार एक प्रेरक अनुभव था। जिसने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में छोटे लेकिन सार्थक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री तंवर ने समुदाय-संचालित, पर्यावरण-अनुकूल तरीकों का उपयोग करके बेजान और प्रदूषित तालाबों को स्वच्छ, संपन्न जल निकायों में बदलने की अपनी प्रेरक यात्रा साझा कर सरल लेकिन प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से भारत भर में अपने काम की विभिन्न तकनीकों और वास्तविक जीवन के उदाहरणों का प्रदर्शन किया।बरौनी रिफाइनरी स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, वेबिनार, स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित कर रही है ताकि एक बेहतर उद्देश्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर समाज की परिकल्पना कर सके।

## एक नजर

### समस्याओं लेकर एसडीएम से मिले लोजपा नेता

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी प्रखंड क्षेत्र में जर्जर सड़क एवं सड़क पर बने जलजमाव की गंभीर समस्या को लेकर लोजपा आर के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य पंकज पासवान ने बखरी एसडीएम सौरभ कुमार सन्नी से मिलकर ज्ञापन सौपा। शुक्रवार को पंकज पासवान ने अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर राटन पंचायत में सड़क पर जल जमाव एवं जर्जर सड़क की समस्याओं को लेकर आवेदन के दिये। उन्होंने आवेदन के माध्यम से क्षेत्र कि समस्या से एसडीएम को अवगत करते हुए कहा कि बागरस ढाला से बखरी खगड़िया पथ से बभाईन, ईमली स्टेशन एवं शुम्भा जाने वाली सड़क, एवं राटन पंचायत अंतर्गत गुमतीपार सुदाम महतो के घर से जयकांत यादव के घर तक सड़क काफी जर्जर हो गयी है। इतना ही नहीं इस खतरनाक हो चूके जर्जर सड़क पर जल जमाव की गंभीर समस्या बनी रहती है। इस खतरनाक और जलजमाव वाली सड़कों पर यातायात करने वाले वाहन एवं राही मुसाफिर छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी होती रहती है। सड़क पर जमे पानी के कारण आने जाने वाले लोगों को गंदे से फजीहत झेलनी पड़ती है। यह सड़क वर्ष 2022 में संवेदक मेसर्स ब्रदर्स बिल्डर के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम के तहत बनाया गया था लेकिन बहुत जल्द ही यह सड़क जर्जर हो गयर। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने समस्या को दूर करने का आश्वासन दिये हैं।

### मारपीट का मामला दर्ज

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के राजापुर सिकरहुला गांव से दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया है कि जमीनी विवाद को लेकर थाना क्षेत्र के राजापुर सिकरहुला गांव में बीते दिनों मुन्नी देवी पति रविन्द्र मोहन और राखी देवी पति विजय कुमार सिंह के परिवार वालों के बीच लड़ाई हुई थी जिसमें कुछ लोग जख्मी भी हुए हैं। जिसको लेकर दोनों पक्षों की ओर से करीब आधे दर्जन लोगों को नामजद किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से दिए गए आवेदन के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बालगोविन्द धाम में नये पंचांग का वितरण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मटिहानी प्रखंड के सोनापुर गाँव स्वित बाबा बालगोविन्द धाममें एक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन सहित कई अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव पर क्षेत्र 125 विद्वत ब्राह्मण पंडितों के बीच क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता रामपुकार सिंह द्वारा नये वर्ष के पंचांग का वितरण किया गया। मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री महंथ ने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य करने से मन को संतुष्टि मिलती है। पंचांग हमारी सभ्यता और संस्कृति का परिचायक है। जिससे शुभ कार्यो की सीद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर मंडलाधीश महंथ रामानुज दास, प्रखंड व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय प्रकाश अर्फ पप्पु, मंतेशर सिंह उर्फ मंटुन, अनिल सिंह, वरीय अधिवक्ता राम शेखर सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, पशुपति नाथ शमी, संत सबरी लाल सिंह और मुचुन सिंह सहित दर्जनों धर्मावलम्वी उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर प्रशासन सक्रिय

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में मुहर्रम में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय है। इसके लिए थाने के विभिन्न गांवों में रेड, छापामारी तेज कर दी गई। पूर्व से शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर है। हुड़दंगिओं पर नकेल कसने हेतु 90 व्यक्तियों पर बीएनएस के धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि एसडीएम मंझौल के न्यायालय में 37 तथा एसडीएम बखरी के न्यायालय में 53 व्यक्तियों पर उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। सभी आरोपित ने बेल बांड भरकर जमानत ली है तथा शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का सहयोग का भरोसा दिया है।

### एटीएम कार्ड बदलने वाला बदमाश धराया

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर सगुना मोड स्थित एचडीएफसी बैक के एटीएम के पास से एक एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार के पास से विभिन्न बैक के एटीएम कार्ड , एक हीरो कंपनी का कीपैड बरामद किया गया है. गिरफ्तार सत्येंद्र कुमार राय भबुआना, चरपोखरी आरा भोजपुर जिले का निवासी है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि गुरूवार को गुप्त सूचना मिला कि सगुना मोड स्थित एटीएम के पास एक युवक बहुत सारा एटीएम के साथ खडा है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करने पहुंची तो पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस ने खदेड कर पकड लिया।

# सिमरिया धाम में द्वादश कुंभ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** ग्रीष्मकालीन नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि शुक्ल पक्ष को सिद्धाश्रम से श्रद्धालुओं की टोली रथ के साथ संपूर्ण सिमरिया धाम क्षेत्र का परिक्रमा करते हुए राम जानकी घाट पहुंचे। सारे धर्मावलंबियों के साथ-साथ पूज्य गुरूदेव स्वामी चिदात्मन महाराज ने गंगा में डुबकी लगाई और उन्होंने कहा कि लगातार अमावस्या तिथि से लेकर जो श्रद्धालु भक्त जन लगातार 9 दिनों तक संपूर्ण क्षेत्र का परिक्रमा करते हुए गंगा में डुबकी लगाते हैं। उनके सारे भक्तों की मनोरथ पूर्ण हो जाती है। भारत एक महान देश है जहां वेद का अनुसंधान होता आया है। जहां की परंपरा विश्व के लिए अनुकरणीय है। जिसने संपूर्ण विश्व को अपना परिवार माना है। शक्ति प्रदान यह भारत देश जिसका उद्देश्य रहा है मातृ देवो भव, पितृ देवो भव,आचार्य देवो भव, अतिथि देवो भव, साथ ही साथ यहां की परंपरा इस प्रकार की रही है जिससे हमारा मानसिक, शारीरिक सब प्रकार के पाप ताप दूर होते हैं। साथ ही साथ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में इसका अनुकरणीय वर्णन है इसलिए वेद को समझने के लिए पुरानों की रचना हुई। महाकाव्य की रचना हुई। इतिहास पुराण के माध्यम से हम वेद को समझने का प्रयास करते हैं। इस महान देश भारत में हर प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था है। द्वादश कुंभ निर्धारित है एक राशि पर जब सूर्य चंद्रमा और बृहस्पति का योग होता है तब कुंभ का योग कहलाता है। इस समय मिथुन राशि पर सूर्य चंद्रमा और बृहस्पति के योग से अमावस तिथि से हम लोग लगातार कुंभ स्नान करते आ रहे हैं।एकादशी तिथि से लेकर गुरु पूर्णिमा तक लगातार 5 दिन का यह कार्यक्रम सब प्रकार से सफल हो और साथ ही साथ यहां के शासक माननीय नितीश कुमार बिहार सरकार को भी साधुवाद यह जानकर खुशी हुई कि मां जानकी का प्राक्टय् स्थल पुनौरा धाम (सीतामढ़ी) और सिमरिया धाम को पर्यटक विभाग में हस्तांतरित करने की स्वीकृति मिली। यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई साथ ही यहां के संत समाज तीर्थ पुरोहित सभी में एक आशा की किरण जागी। आने वाले भविष्य में आशा कि किरण दिखाई दे रहा है कि सिमरिया का अब सर्वांगीण विकास निश्चित होगा। मौके पर सिद्धाश्रम के व्यवस्थापक रविंद्र ब्रह्मचारी, मीडिया प्रभारी नीलमणि, निपेनदर सिंह, कौशलेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, रितेश कुमार, तरुण कुमार, पप्पू त्यागी अरविंद चौधरी,आचार्य नारायण झा पं नारायण झा, पं रमेश झा, पं दिनेश झा, श्याम झा, राम झा, लक्ष्मण झा रजनीश कुमार राजा झा हंस झा कृष्ण झा आदि मौजूद थे।

# जदयू ने लिया 'बूथ जीतो चुनाव जीतो' संकल्प

**विधानसभा चुनाव को लेकर लक्ष्य निर्धारित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड जदयू के तत्वावधान में प्रखंड के नूरजूमापुर व सालेहचक पंचायत में जदयू की पंचायत व बूथ इकाई की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। इसमें पार्टी के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता, बूथ कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य सहित पार्टी के समर्थक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार व वरिष्ठ जदयू नेता मृत्युंजय कुमार ने की। संचालन प्रखंड अध्यक्ष आनंदी महतो ने किया। बैठक में पंचायत व बूथों के मतदाताओं, बूथ पर पार्टी की वास्तविक स्थिति की समीक्षा के साथ साथ अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लक्ष्य का निर्धारण किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो-चुनाव जीतो का संकल्प दिलाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमर कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने लालू प्रसाद यादव के जंगलराज व नीतीश कुमार के सुशासन व ऐतिहासिक विकास को अंजाम देने वाली सरकार को देखा है। विधानसभा प्रभारी पवन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल सामाजिक न्याय के साथ बिहार का तेजी से बिहार का विकास किया। बल्कि बिहार व बिहार वासियों में बिहारियत का स्वाभिमान जगाया। बिहार की गौरवपूर्ण ऐतिहासिक विरासत को भी संरक्षित व संवर्धित किया। जदयू नेत्री फातमा खातून ने कहा कि देश में किसी नेता ने सच्चे मायने में महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन की दिशा में सार्थक प्रयास किया तो वे नीतीश कुमार है। नीतीश ने महिलाओं को नौकरी व चुनाव में आरक्षण देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता अस्मतुल्ला बुखारी, जिला महासचिव मृत्युंजय कुमार, प्रखंड अध्यक्ष आनंदी महतो, अनूसूची जाति प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज दास, प्रखंड प्रवक्ता मो. बेलाल, मुकेश तांती, मो. शहजाद आदि ने संबोधित किया। मौके पर सुजीत निराला, पूर्व सरपंच मो. आलमगीर, मो. आजाद, घनश्याम कुमार आदि मौजूद थे।

# पुलिस की कार्यशैली पर बिफरे भाकपा विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बखरी में इन दिनों लॉ इन ऑडर का सवाल हो उत्पन्न हो गया है क्योंकि अपराधी बेलगाम हो गये हैं। 70 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या हो जाती है। हथकड़ी लगा अपराधी थाना से फरार हो जाता है। ये सब पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। उक्त बातें शुक्रवार को बखरी सूर्यनारायण सिंह स्मारक भवन में आयोजित भाकपा अंचल कमिटी की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सूर्यकान्त पासवान ने कही। उन्होंने आगे कहा कि अवैध शराब कारोबार का धंधा रूकने का नाम नहीं ले रहा। अपराधी पर भी लगाम लगाना बखरी पुलिस के लिए चुनौती बनती दिख रही है। वहीं विधायक ने भाजपा सरकार पर भी हमलवार होते हुए कहा कि देश मे श्रमिक कानून में फेरबदल कर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा कल कारखानों सहित विभिन्न प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मी के हक अधिकार की कटौती की गयी है। जिसे लेकर देश मे 9 जुलाई को सभी मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों द्वारा आम हड़ताल किया जा रहा है। जिसे महागठबंधन समर्थन करेगा। वही सीपीआई बखरी अंचल प्रभारी राजेन्द्र सहनी ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों का नाम काटने की साजिश सरकार के द्वारा की जा रही है। निम्नवर्ग के लोग जो दूसरे राज्य में रहकर मजदूरी कर रहे उनका नाम वोटरलिस्ट हटाने के लिये एनडीए सरकार द्वारा इतना बड़ा तिकड़म किया जा रहा है। अंचल मंत्री शिव सहनी द्वारा बखरी अंचल सम्मेलन का सफल आयोजित के लिये सिमरी शाखा को धन्यवाद दिया साथ ही बैठक में भाग ले रहे सभी नव चयनित अंचल परिषद सदस्यों का स्वागत किया। संजय महतों की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सहायक अंचल मंत्री जितेन्द्र जीतू, सुरेश सहनी, बलराम स्वर्णकार, त्रिवेणी महतों, राधा पासवान विजय मुखिया, सुमित कुमार, अशोक केशरी, मो. जैनुल, राजीव राय, सावित्री देवी सहित आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया। बैठक के अंत मे निर्णय लिया कि बरौनी पाइप लाइन को स्थानांतरित करने की साजिश के खिलाफ एवं श्रमिक कानून में किये जा रहे फेरबदल के विरुद्ध 7 जुलाई को बखरी में नौजवानों द्वारा थाली पीट कर 9 जुलाई के आम हड़ताल का संदेश दिया जाएगा।

# आपसी सहयोग एवं सामंजस्य के साथ मनाएं मुहर्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अररिया जिले में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला पदाधिकारी अररिया अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अररिया अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व सामाजिक सद्भाव और त्याग का प्रतीक है। इसे आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ मनाएं। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की, कि किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी



आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। जिनमें साफ-सफाई, आवश्यकता अनुसार जुलूस मार्ग में कच्ची सड़क का निर्माण कार्य, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सहित सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष एवं शांति समिति सदस्यों के द्वारा दिये गये सुझाव के आलोक में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मोहर्रम कमेटी को अपने वालंटियर के लिए एक ड्रेस कोड का भी निर्धारण करने का अनुरोध किया गया। पुलिस अधीक्षक ने शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व के अवसर पर जुलूस के लिए लाईसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य है। केवल लाईसेन्स में चिह्नित रूट/मार्ग से ही जुलूस निकालेंगे। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और ध्वनि शक्ति भी निर्धारित मानक के अनुरूप ही बजेगा। इसका सख्ती से अनुपालन करें। सभी जुलूस सीसीटीवी/वीडियोग्राफी की निगरानी में रहेंगे। सोशल मिडिया पर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्ता अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया एवं फारबिसगंज, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजन एवं मुहर्रम कमिटी के प्रतिनिधि एवं जन प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# जैन कॉलेज में प्रदर्श कला प्रशिक्षुओं को मिला पाठ्यक्रम का सर्टिफिकेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** एचडी जैन कॉलेज के प्रदर्श कला विभाग के द्वारा सत्र 2019-20 के प्रशिक्षुओं को एक वर्षीय पाठ्यक्रम का सर्टिफिकेट शुक्रवार को प्रदान किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य डा नरेंद्र कुमार ने उतीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कला के क्षेत्र में इस कोर्स के माध्यम से स्किल डवलप कर आप अपने क्षेत्र में प्रभावी ढंग से उत्कृष्ट कार्य कर सकेंगे। सर्टिफिकेट प्रोग्राम के तहत विशेषज्ञों द्वारा अनुकूलित प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वही प्रदर्श कला विभाग की को-ऑर्डिनेटर डॉ तबस्सुम बानो ने कहा कि जैन कॉलेज में गायन, वादन, नृत्य एवं अभिनय विधा में एक वर्षीय पाठ्यक्रम के तहत सर्टिफिकेट कोर्स में अगले सत्र के लिए जल्द नामांकन शुरू किया जायेगा। इस विभाग द्वारा पूर्व में भी विश्वविख्यात कलाकारों द्वारा वर्कशॉप करवाया गया है एवं भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कई योजनाओ पर कार्य हो रहा है। सत्र 19-20 में सूरज कांत पांडेय ने टॉप किया एवं कुल 21 छात्रों का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। संचालन समन्वयक डा तबस्सुम बानो एवं धन्यवाद ज्ञापन डा प्रीति रंजन ने किया।

# मुहर्रम में असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर : श्रीकांत शास्त्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुहर्रम पर्व के मद्देनज़र शांति एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की, जिसमें पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल समेत प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



बैठक में सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि इस वर्ष मुहर्रम पर्व 6 व 7 जुलाई को मनाया जाएगा। पर्व के दौरान परंपरागत ताजिया, झंडा, हथियारों के साथ जुलूस और युद्धक प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए, प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की रणनीति तैयार की है।

डीएम श्रीकांत शास्त्री ने स्पष्ट किया कि बिना विधिवत अनुमति के कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। सभी आयोजनों को समय सीमा में पूर्ण करना होगा। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और जुलूस में बाइक या अन्य दोपहिया वाहनों का उपयोग वर्जित किया गया है। उन्होंने कहा कि अफवाहें और सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री के ज़रिए साम्प्रदायिक तनाव फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय रहेगा।

पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। सभी संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। थाना प्रभारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों के साथ समन्वय कर शांति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। 5 से 7 जुलाई तक दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अतीत में साम्प्रदायिक तनाव से जुड़े लोगों को



चिह्नित कर उन पर सतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।

बैठक में सभी समुदायों से सौहार्दपूर्ण सहयोग की अपील करते हुए डीएम ने कहा कि मुहर्रम का पर्व भी रामनवमी की तरह शांतिपूर्वक संपन्न हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है, लेकिन इसमें नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, दाउदनगर एसडीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पर्यटन कैलेंडर में शामिल हो सकता है श्री कल्पवृक्ष धाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल श्री कल्पवृक्ष धाम को अब बिहार के पर्यटन मानचित्र पर पहचान मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। इस धाम को पर्यटन विभाग के वार्षिक कैलेंडर में शामिल किए जाने की दिशा में सकारात्मक पहल शुरू हो गई है। औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर सिंह द्वारा की गई मांग पर संज्ञान लेते हुए पर्यटन विभाग, बिहार के निदेशक उदयन मिश्रा ने जिला पदाधिकारी से श्री कल्पवृक्ष धाम की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। पर्यटन विभाग की इस सक्रियता से क्षेत्र के श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों में उत्साह का माहौल है। उल्लेखनीय है कि श्री कल्पवृक्ष धाम न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर भी है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां लगने वाला मेला



सैकड़ों वर्षों से स्थानीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक बना हुआ है। यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील है और इसके संरक्षण एवं संवर्धन की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर श्री कल्पवृक्ष धाम को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में स्थान मिल जाता है, तो इससे न केवल क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया संबल प्राप्त होगा। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन द्वारा भेजे जाने वाले रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर टिकी है।

# अवैध बालू खनन रोकने को लेकर हसपुरा में चला सघन वाहन जांच अभियान

## खनन पर रोक के बावजूद ट्रैक्टरों से जारी थी बालू ढुलाई, पुलिस ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** सोन नदी में बालू खनन पर लगे प्रतिबंध के बावजूद हसपुरा थाना क्षेत्र के कनाप रोड सहित कई इलाकों में ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध बालू की ढुलाई की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हसपुरा पुलिस ने शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई पीएसआई सुगंध कुमार एवं एएसआई मोहम्मद इम्तियाज के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ की गई। हसपुरा शहर के कनाप रोड स्थित पुल के पास ट्रैक्टरों की जांच की गई और खनन नियमों के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखी गई। पीएसआई सुगंध कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून से सोन नदी के सभी बालू घाटों पर खनन पर रोक है, जो अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। इसके बावजूद ट्रैक्टरों से अवैध रूप से बालू ढुलाई की जा रही थी। पुलिस को मिली सूचना के बाद यह अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कनाप रोड, हसपुरा-मेहंदिया रोड, पचरूखिया रोड, देवकुंड रोड और चौराही रोड सहित विभिन्न स्थानों पर ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों की जांच की गई। परिवहन विभाग के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बालू माफियाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि दुर्घटना की स्थिति में जानमाल का नुकसान रोका जा सके। इस अभियान से अवैध खनन पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की गंभीरता एक बार फिर सामने आई है।

# नक्सली मामले का आरोपित रवीन्द्र कुमार उर्फ रंजन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा थाना पुलिस और एआरजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में नक्सली गतिविधियों से जुड़े एक महत्वपूर्ण आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार सुबह सटीक सूचना के आधार पर उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वां गांव से रविंद्र कुमार उर्फ रंजन को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित रविंद्र कुमार पर गया जिले के गुरुआ थाना में नक्सली कांड संख्या 232/25 के तहत गंभीर आरोप दर्ज हैं। उसकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद उसे



विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत गुरुआ थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। उपहारा थाना प्रभारी मनेश कुमार ने बताया कि यह गिरफ्तारी नक्सली नेटवर्क पर करारा प्रहार है। पुलिस लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चला रही है और नक्सलियों एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है।

# विक्कू हत्याकांड का मुख्य आरोपित कमलेश यादव गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** बंदेया थाना क्षेत्र के चर्चित विक्कू उर्फ मुकेश हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फरार चल रहे मुख्य आरोपित कमलेश यादव को बंदेया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने प्रेस वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को झिकटिया नहर के पास से एक युवक का शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान लाला अमौना (थाना-दाउदनगर) निवासी विक्कू उर्फ मुकेश के रूप में हुई थी। इस संबंध में मृतक की मां सविता कुंवर ने अज्ञात के0 विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी।



पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मृतक की पत्नी पूजा देवी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब इस मामले में शामिल दूसरा आरोपित कमलेश यादव, पिता मेघन यादव, निवासी ग्राम कर्मा मसूद (थाना रफीगंज) को दाउदनगर अनुमंडल क्षेत्र में एक गुमटी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि प्रेम-प्रसंग के चलते पूजा देवी ने अपने प्रेमी कमलेश यादव के साथ मिलकर अपने पति विक्कू की हत्या की साजिश रची थी। घटना वाले दिन विक्कू को स्कॉर्पियो से कुचलकर मार डाला गया और इसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। गौरतलब है कि मृतक की पत्नी पूजा देवी चार बच्चों की मां है और उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की नृशंस हत्या कर दी थी। हत्या में प्रयुक्त स्कॉर्पियो को पुलिस पहले ही जब्त कर चुकी है।

गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान में बंदेया थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल शामिल थे।

# रक्तदान एक जुनून है, इंसानियत निभाने का जरिया : बमेंद्र कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** चकुआ गांव निवासी समाजसेवी एवं पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक-सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने अपने पिता स्व. इंद्रदेव सिंह की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सदर अस्पताल के रक्त अधिकोष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन, समाजसेविका विजेता पटेल, रक्त अधिकोष तकनीशियन रवि कुमार और स्वयं बमेंद्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि धन चाहे जितना भी हो, वह आपको अमर नहीं बना सकता। किसी जरूरतमंद की मदद कर, भूखे को भोजन देकर, प्यासे को पानी पिलाकर, और अपने रक्त का अंश देकर किसी की जान बचाना ही सच्चा मानव धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान को हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी माननी चाहिए। बमेंद्र ने



बताया कि उनके पिता स्व. इंद्रदेव सिंह रेल विभाग में अधिकारी थे और जीवनभर समाजसेवा से जुड़े रहे। उन्हीं की प्रेरणा से वे भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय हुए। उन्होंने अपनी पत्नी किरण के साथ मिलकर मरणोपरांत नेत्र, किडनी और लिवर दान का संकल्प भी लिया है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रवि रंजन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बमेंद्र सिंह और उनकी टीम 'पथ प्रदर्शक' का रक्तदान के क्षेत्र में योगदान अत्यंत सराहनीय है। खुद विशेष बीमारी के कारण रक्तदान करने में असमर्थ होते हुए भी वे निरंतर युवाओं को इसके लिए प्रेरित करते रहते हैं। शिविर में विद्या विवेक, संतोष कुमार, रविकांत कुमार, अजय स्वर्णकार, धनंजय कुमार, शाहनवाज आलम, मनोज सोनी, अरुण सिंह सहित कुल 10 युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। कार्यक्रम में जनसेवा और मानवता के भाव को समर्पित माहौल देखने को मिला।

# चलती ट्रेन से गिरा युवक, गंभीर हालत में अस्पताल रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज स्टेशन के निकट धावा नदी के पास एक युवक चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रफीगंज रेलवे पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में भर्ती कराया। घायल युवक की पहचान बिहार के मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोबारकचक गांव निवासी असगर अली के 26 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शेरू के रूप में हुई है। चलती ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े होने के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ा। सीएचसी रफीगंज के डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि युवक को सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। उसे 10 से अधिक टांके लगाए गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मारपीट में बाइक सवार जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देव-मदनपुर रोड़ में गुरुवार की रात में एक चालक को अपराधियों ने लोहे की रॉड से माथे पर प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घायल बनौखर निवासी जयराम सिंह के पुत्र मृत्युंजय कुमार सिंह का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में किया गया। मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। जख्मी मृत्युंजय कुमार सिंह ने चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। उसने आरोप लगाया है कि वे औरंगाबाद से बाइक द्वारा अपने घर जा रहे थे। इस दौरान देव रोड़ में पहले से घात लगाए कार सवार बनौखर निवासी स्व. मनोज सिंह के पुत्र रौशन कुमार सिंह ने बाइक रोकवाया। इसके उसने बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। बाइक उठाने का प्रयास ही कर रहे थे कि गाड़ी में बैठे देव निवासी सदानंद शर्मा के पुत्र लल्दु कुमार, बनौखर निवासी राजेश शर्मा के पुत्र तेज प्रताप शर्मा एवं मनोज सिंह के पुत्र रितिक कुमार कार से उतरे तथा हाथ में लिए लोहे का रॉड से माथे पर प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# जिला परिषद् की सामान्य बैठक सम्पन्न, पूर्व के निर्देशों की समीक्षा एवं नई योजनाओं का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, जहानाबाद डॉ. प्रीति के नेतृत्व में तथा जिला परिषद अध्यक्षा रानी कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में 21 फरवरी, 2025 को संपन्न पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही षष्ठम् राज्य वित्त आयोग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला परिषद क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का चयन किया गया। बैठक के दौरान जिला परिषदीय भूमि के बेहतर उपयोग और राजस्व वृद्धि हेतु माल भवन, विवाह भवन, दुकान आदि निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला निबंधन कार्यालय)
Email: aurangabad@yahoo.com

**अत्यावश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2013 के नियम–6 (2) (छः) ,समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति, औरंगाबाद की अध्यक्षता में दिनांक– 25.06.2025 को जिला मूल्यांकन समिति, औरंगाबाद की बैठक की कार्यवाही के आलोक में कुल–29 मौजों जिसमें देव अंचल अन्तर्गत कुल 02 मौजा, रफीगंज अंचल अन्तर्गत कुल–12 मौजा एवं औरंगाबाद अंचल अन्तर्गत कुल–12 मौजा अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों के सभी श्रेणी के एम0भी0आर0 में 05% की वृद्धि एवं ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत सभी श्रेणी के एम0भी0आर0 में 40% की वृद्धि करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है, का ड्राफ्ट न्यूनतम निर्धारित मूल्य जिला के वेबसाईट https://Aurangabad.bih.nic.in पर प्रकाशित किया गया है एवं इसकी आपत्ति विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जिला अवर निबंधक, औरंगाबद के समक्ष की जा सकेगी।

जिला अवर निबंधक–सह–सचिव,
जिला मूल्यांकन समिति, औरंगाबाद

समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष,
जिला मूल्यांकन समिति,
औरंगाबाद

PR- 007734 ( Excise ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर विद्यालय में आयोजित हुआ आत्मोदय अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि को 'आत्मोदय अभियान' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, उप-प्राचार्य संजीव कुमार, तथा समन्वयक सूची कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. सिंह ने स्वामी विवेकानंद को एक महान युगद्रष्टा संत बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर हम जीवन में सफलता पा सकते हैं। उनका साहित्य सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार करता है। विद्यालय में पिछले दो दशकों से स्वामी जी की पुण्यतिथि को आत्मोदय अभियान के रूप में मनाया जाता रहा है। इस अभियान के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राएं आसपास के यारी, लालबिगहा, दधपा, नरसी, महुआवां, बसडीहा, आनंदपुरा आदि गांवों में जाकर वृक्षारोपण करते हैं और स्थानीय नागरिकों को पर्यावरण, जल, मृदा संरक्षण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जागरूक करते हैं।



इस अवसर पर छात्रों के बीच संभाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि शिक्षा मनुष्य का सबसे बड़ा गहना है। अगर शिक्षा सशक्त हो, तो समाज की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः संभव है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद समूह के विद्यालय स्वामी जी के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने पर्यावरण संकट की ओर इशारा करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जल स्तर में गिरावट, प्रदूषण जैसी समस्याएं केवल सरकारी प्रयासों से हल नहीं होंगी। इसके लिए आम जनता की भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से छात्रों के बीच आम, आँवला, महोगनी, कटहल, नींबू, शरीफा और बेल जैसे पौधों का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें पौधों के संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। समन्वयक सूची कुमारी ने कहा कि निजी स्वार्थ का त्याग कर ही कोई व्यक्ति महान बनता है। हमें विवेकानंद के मार्गदर्शन में भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# मुहर्रम को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** मुहर्रम पर्व को लेकर क्षेत्र में अमन-चैन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम हिलसा शहर में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च हिलसा थाना परिसर से आरंभ होकर सिनेमा मोड़, बिहारी रोड, दक्षिण कोयरी टोला, उत्तरी कोयरी टोला, गबरापर, बरुन तल, काली स्थान, रामबाबू हाई स्कूल, दरगाह रोड, स्टेशन रोड, योगीपुर रोड होते हुए पुनः थाना परिसर पर आकर संपन्न हुआ।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी - 300 - डब्ल्यूसी-9-2025-26 दिनांक:02.07.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, नियंत्रण भवन, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता - 700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी - 9-2025-26; कार्य का नाम:** "सियालदह मंडल में बॉन्डिंग एवं अर्थिंग सिस्टम के प्रावधान" के संबंध में 25 केवी ओएचई, पीएसआई और संबद्ध विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,22,07,301.00, **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य, **बयाना राशि:** रु.2,11,000.00, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **समापन की तिथि एवं समय:** 24.07.2025 15:00 बजे। समय-समय पर जारी निविदा सूचना एवं शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-109/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई.निविदा सूचना संख्या : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–इपीसी–डीओएस–01

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है :

ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–इपीसी–डीओएस–01 (दो पैकेट प्रणाली), कार्य का नाम : अर्थवर्क, कंबलिंग, ब्रिज कार्य, पी. वे. कार्य और अन्य सहायक सिविल इंजीनियरिंग कार्य (बीसीजे स्थान की सेंटर लाइन से चेनेज 1088 से 10196 तक ) 2×25 टीआरडी सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग; विभिन्न विद्युत उल्लंघनों को हटाने/संशोधित करने सहित विद्युत (सामान्य) कार्य 11 केवी/33 केवी एच. टी. और एल.टी. ओवरहेड लाइनें (बीसीजे स्टेशन की सेंटर लाइन से चैनेज 1088 से 10196 तक) और सीपीबीएच में मौजूदा ई आई में परिवर्तन से जुड़े एसएंडटी कार्य और प्रस्तावित संरेखण के आईआर हिस्से में आने वाले एसएंडटी के संबद्ध उपयोगिता शिफ्टिंग कार्य, पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू डिवीजन के तहत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर जीसी लाइन पर चिरैला पौथु (बीसीजे स्टेशन की सेंटर लाइन से चैनेज 10196) से बीडी लाइन पर न्यू सोन नगर (बीसीजे स्टेशन की सेंटर लाइन से चैनेज 1088) तक सोन नगर बायपास लाइन के निर्माण के संबंध में। अंकलित मूल्य (रु.) : ₹77,99,62,930.15, बोली प्रतिभूति (रु.) : ₹40,49,800/–, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 365 दिन। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 02.09.2025, 16:15 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा की बोली प्रारंभ तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/
पूमरे/डेहरी ऑन सोन

पीआर/0528/डीओएस/कॉन/टी/25–26/60



**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला कल्याण शाखा)

**नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के बालकों के लिए संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, ग्राम– कर्मा भगवान औरंगाबाद में स्वीकृत छात्रबल 100 के विरूद्ध 68 सीट पर नामांकन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के समुदाय के छात्रों को निःशुल्क आवासन की सुविधा के साथ–साथ प्रतिमाह रू0 1000/– अनुदान, प्रमिताह 15 कि0ग्रा0 खाद्यान्न, डिजिटल अध्ययन केन्द्र एवं पुस्तकालय आदि की सुविधा उपलब्ध है। उक्त छात्रावास में नामांकन हेतु आवेदन–पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालयय, औरंगाबाद सूचना प्रकाशन की तिथि से अगले **पन्द्रह(15)** दिनों तक प्रत्येक कार्यदिवस में आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए छात्र/अभिभावक प्रत्येक कार्यदिवस को 10:00 AM बजे से 5:00 PM बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में सम्पर्क कर सकते हैं।

**नामांकन की शर्ते :–**

1. आवेदक **पिछडा एवं अति पिछडा वर्ग** का छात्र हो।
2. बिहार राज्य का निवासी हो।
3. औरंगाबाद स्थित किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकित हो।
4. अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथामिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. आवेदन–पत्र, विहित–प्रपत्र में हस्तलिखित/टंकित होना चाहिए।
2. आवेदन–पत्र के साथ सभी वांछित प्रमाण–पत्रादि (आवेदन–पत्र के निम्नभाग में अंकित संलग्न किया जाना आवश्यक है।

आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही–सही भरा हुआ होना चाहिए, अपूर्ण भरे हुए आवेदन–पत्र एवं वांछित अनुलग्नक नहीं संलग्न किये गए आवेदन–पत्र रद् कर दिये जायेगें। निर्धारित समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र में दी गई सूचना गलत पाये जाने पर गलत सूचना अंकित करने वाले छात्रों का नामांकन रद्द करने का अधिकार नामांकन समिति को होगा।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR- 007736 ( Welfare ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# लोगों ने दो चोरों को बांधकर पीटा

## फुलवारीशरीफ के नोहसा में चोरी की कोशिश नाकाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** थाना क्षेत्र के नोहसा स्थित उस्मान नगर कॉलोनी में बीती रात चोरी की कोशिश नाकाम कर दी गई। लंदन निवासी डॉ. शाकिर नज़की के बंद मकान में घुसने की कोशिश कर रहे दो चोरों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। घटना रात करीब 2:00 बजे की है जब कॉलोनी के कुछ लोगों ने ताला तोड़ने की आवाज़ सुनी. आसपास के लोगों ने एक-दूसरे को कॉल कर मौके पर पहुंचना शुरू किया। चारों तरफ से लोगों ने घर को घेर लिया और दोनों चोरों को पकड़कर पिलर से बांध दिया. इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई. फुलवारी शरीफ थाना की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों चोरों को हिरासत में लिया।

थानाध्यक्ष गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में एक का नाम मोहम्मद सोनू है, जो भागलपुर का रहने वाला है. दूसरा आरोपी मोहम्मद नसीम पटना सिटी के मुसल्लहपुर हाट का निवासी है. दोनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उस्मान नगर और आस-पास के मोहल्लों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं. लोग रात को चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं. जरा सी आहट होते ही लोग सतर्क हो जाते हैं. इसी सजगता के चलते इस बार चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया।

# शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है मुहर्रम

## ताजिया को फाईनल टच देने मे जुटे अकीदतमंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मोहर्रम शांति और अमन का पैगाम है. इस दिन को लोग शहादत के रूप में मनाते हैं. मोहर्रम मातम का महीना भी माना जाता है। मसौढ़ी में ताजिया जुलूस को लेकर ताजीया को फाइनल टच देने में जुटे हैं। खलीफा - मोहम्मद खुर्शीद आलम ने बताया कि ताजिया पैगंबर मोहम्मद साहब के वारिस इमाम हुसैन के शोक का प्रतीक है. जिसे पूरे शिद्दत के साथ सभी अल्लाह के बंदे इसे बनाते हैं। मोहर्रम के दिन हर मुस्लिम मोहल्ले से अखाड़ा निकाला जाता है। मोहर्रम में ताजिया का खास महत्व माना गया है, क्योंकि ताजिया शोक का प्रतीक है. मसौढ़ी हूसैनाबाद मे जोर शोर से ताजिया बनाया जा रहा है। जदयू



अलपसंख्यक नेता मो. मेराज ने कहा कि इमाम हुसैन मदीना से इराक आए थे। कर्बला की जंग में वह अपने 72 साथियों के साथ शहीद हो गये थे। तकरीबन 8000 सैनिकों की फौज उन पर टूट पड़े. उसी कुर्बानी से अब तक इस्लाम धर्म मानने वाले लोग मोहर्रम को मातम के रूप में मनाते हैं. वहीं शिक्षक मों मंजर शादाब ने कहा कि मोहर्रम का पैगाम शांति और अमन ही है, जो युद्ध रोक देता है। मौके पर खलीफा - मोहम्मद खुर्शीद आलम, मोहम्मद अजहरुद्दीन उर्फ बबन, गोल्डन भाई, रहमान, मिनहाज, दानिश, मुर्तजा, तहसीन, सोनू, शमशेर, शौकत, गोरख, अखलाक, बादशाह, रुस्तम, सरफराज, चुन्नू जी, बउआ, प्रिंस, बड़े मियां, फैजान, इम्तियाज, दिलशाद, अली, अरमान, रहमान, शामिल रहे।

## एक नजर

### बाइक एवं मोबाइल की लूट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है, ऐसे में बीते बुधवार की दोपहर दरधा पुल के पास में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने घेकर बाइक एवं मोबाइल लूट ली। पुनपुन के घुडदौड निवासी सन्नी कुमार ने धनरूआ थाने में आवेदन देकर गुहार लगाया है कि अज्ञात अपराधी द्वारा हमारा बाइक और हमारे दोस्त का मोबाइल लूट लिया है। हम पुनपुन से धनरूआ किसी काम के लिए आए हुए थे और वापस जब लौट रहे थे उसी दरमियान दरधा नदी पुल के पास कुछ बाइक सवार अपराधी आए और घेर कर हमारा ब्ले रंघ का बजाज पल्सर गाड़ी को लूट लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि घटना की पूरी तरह से जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### पुनपुन में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पैमार घाट गांव में हत्या का प्रयास और एससी एसटी एक्ट मामले का फरार आरोपी को पुनपुन पुलिस ने शुक्रवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम सोनू कुमार पिता रामजुन चौहान बताया जाता है। प्रभारी इंचार्ज ने बताया कि मारपीट की घटना हुई थी जिसमें तीन लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए थे और इस पूरी घटना में वादी मनीष कुमार ने 7 नामजद और छह अज्ञात पर केस दर्ज किया था। इसी मामले मे फरार नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।

### माता विंध्यवासिनी पूजा समारोह में पहुंचे सत्येंद्र बहादुर

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार के दिन बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के पछियारी मलाही स्थित माँ विंध्यवासिनी मंदिर में आयोजित पूजा समारोह पूर्व कंग्रेस प्रत्याशी सत्येंद्र बहादुर पहुंचे। इस दौरान पूजा अर्चना कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही अपने समर्थकों से मिलते हुए बाढ़ के राजनीतिक परिवेश पर वार्ता की और हर दुख सुख में साथ निभाना का वादा करते हुए कंग्रेस का हाथ आपके साथ का नारा लोगों ने बुलंद किया सत्येंद्र बहादुर ने कहा कि बिहार में कंग्रेस की सरकार बनते ही माई बहन योजना लागू कर दी जाएगी जिसके लिए जिसके तहत गरीबी रेखा से आने वाली महिलाओं को प्रति महीना ढाई हजार रुपए सरकार की ओर से मिलेगी यह योजना कई राज्यों में चल रही है। सत्येंद्र बहादुर ने गरीब एवं असहाय लोगों के बीच निशुल्क दवा वितरण भी किया जिसको लेने के लिए दर्जनों स्थानीय लोग और महिलाओं ने इसका लाभ उठाया।

### चोरी का ई रिक्शा काटते बदमाश गिरफ्तार

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोंदी वार्ड नंबर 5 निवासी सोन परवीन के घर के सामने से अपराधी ने ई रिक्शा चोरी कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की जानकारी के आधार पर चोरी की ई रक्शा को कटर से काटते हुए जमुनीचक गांव में बरामद किया है। मौके पर लाल कोठी निवासी बदमाश को पकड़ा गया है। इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि थाने के सामने से ई रिक्शा को चोरी करते हुए बदमाश लेकर गए जिसका सीसीटीवी फुटेज मिला है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है ।

### कलेक्शन एग्जीक्यूटिव की ग्राहक ने की पिटाई

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलाही विंध्यवासिनी मंदिर के पास कर्ज का तगादा करने के लिए गये महिंद्रा फाइनेंस बाढ़ ब्रांच के कलेक्शन एग्जीक्यूटिव शुभम मिश्रा को ग्राहक जितेंद्र कुमार सिंह और उसके समर्थकों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस संबंध में शुभम मिश्रा ने बताया कि जितेंद्र कुमार सिंह ने कंपनी से स्कॉर्पियो लोन पर लिया था। इसका बकाया मांगने के लिए वह ग्राहक के घर गए थे। इसी दौरान जितेंद्र सिंह ,उसके दो पुत्र एवं महिलाओं ने उन पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने पिस्तौल निकाल कर उन्हें धमकी भी दी। मारपीट कर बेहोश कर दिया और उनका मोबाइल भी तोड़ दिया।

# स्कूल मर्ज करने को लेकर छात्रों व अभिभावकों का फूटा आक्रोश

## 7 जुलाई से स्कूल में करेंगे तालाबंदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबलपुर के छात्र-छात्राओं में इन दिनों गुस्सा उबाल पर है और शुक्रवार के दिन घंटो अभिभावक के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए हैं, जिससे पठन पाठन बाधित रही। दरअसल बताया जाता है कि पीएम श्री योजना के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय अकौना में उत्क्रमित मध्य विध्यालय सब्लपुर मे मर्ज कर दिया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कहा है कि यह गलत दूरी दिखाकर उसे अकौना में मर्ज कर दिया गया है, जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय नूरीचक अकौना हाई स्कूल इससे नजदीक है। परंतु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी



के स्थानीय प्रतिवेदन के आधार पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबलपुर को संविलयन किया गया है। सबलपुर से अकौना विद्यालय की दूरी लगभग 4 किलोमीटर है इसके अलावा रास्ता भी सुनसान होने के कारण अप्रिय घटना होने की संभावना है। जिसको लेकर छात्राओं और अभिभावकों में काफी आक्रोश है इसके अलावा चेतावनी दी है कि गलत संविलियन को रद्द करते हुए पुनः कक्षा 6 से 8 के बच्चों की पढ़ाई की इसी गांव में व्यवस्था की जाए नहीं तो विद्यालय में आगामी 7 जुलाई से विद्यालय से तालेबंदी रहेगी, सबलपुर गांव के स्थानीय लोगों में चंद्रदेव प्रसाद यादव, रंजीत कुमार, कमलेश कुमार, नागेंद्र यादव, विनय यादव आदि लोगों ने कहा कि सबलपुर गांव से अकौना बहुत दूरी है कैसे बच्चे जाएंगे, इसी गांव में पढ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिए। कक्षा 6 से 8 की पढ़ाई इसी विद्यालय हो। इसके अलावा स्कूल के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने भी कहा कि सबलपुर से अकौना हाई स्कूल की दूरी 4 किलोमीटर है जाने में परेशानी होगी, बहरहाल प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार मंडल ने कहा की ग्रामीणों की मांग को जिला में भेज दी गई है विभाग से बात की जा रही है। गौरतलब है की लगभग 50 छात्र छात्र हैं जिन्हें अकोला हाई स्कूल में टैग किया गया है जिसका इन दोनों विरोध चल रहा है।

# धनरूआ में यात्रियों से भरी ऑटो और बस में टक्कर, पांच जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना गया स्टेट हाईवे-1, पर धनरूआ थाना क्षेत्र के चनाकी गांव के पास एक यात्रियों से भरा हुआ ऑटो में बस ने ठोकर मार दी जिसमें ऑटो पर सवार पांच लोग गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं, जिसे आनन फानन में धनरूआ सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार करते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी चालक धर्मवीर कुमार (बडकी सिमहाडी) ने बताया कि यात्रियों को लेकर मसौढ़ी से पभेड़ी जा रहे थे, उसी दौरान चनाकी के पास में अचानक एक बस विपरीत दिशा में बस आकर ठोकर मार दी, जिससे ऑटो पलट गई और पांच लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए हैं, जख्मी में धनरूआ



अस्पताल के ही एएनम शिखा कुमारी, स्कूल शिक्षिका अस्मिता कुमारी, के साथ मुकेश कुमार (पथरहट) लोटन बिंद (सिम्हरी) राकेश कुमार (पभेडी) है। गंभीर रूप में जख्मी लोगों का पटना रेफर किया गया है। धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने बताया कि कुल पांच लोग जख्मी हालत में आये थे जिसे प्राथमिक उपचार कर पटना रेफर किया गया है।

# पीएमआई ने भारत में तंबाकू के अवैध व्यापार को समाप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) की भारतीय कंपनी, आईपीएम इंडिया, ने विश्व नकली-विरोधी दिवस पर अवैध तंबाकू व्यापार को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस तीन-तरफा प्रयास का लक्ष्य राजस्व हानि को रोकना, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करना और उत्पाद की गुणवत्ता सुरक्षित करना है। भारत सरकार के हाल के पैक-लेवल ट्रैक एंड ट्रेस (टीएंडटी) तकनीक लागू करने के महत्वपूर्ण निर्णय के साथ, पीएमआई की प्रतिबद्धता नियमों को मजबूत करने और नकली तंबाकू उत्पादों से निपटने के लिए एक सहयोगी भविष्य की ओर इशारा करती है। पीएमआई के अनुमान के मुताबिक, कुल सिगरेट बिक्री का 14-15% (चीन और अमेरिका को छोड़कर) काले बाजार से आता है। भारत में लगभग 120 मिलियन लोग तंबाकू का सेवन करते हैं, और यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ता अवैध सिगरेट बाजार है, जहां तस्करी की गई सिगरेट घरेलू सिगरेट उद्योग का एक-चौथाई हिस्सा हैं। आईपीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक नवनील कर ने कहा, ल्लपीएमआई भारत में अवैध तंबाकू व्यापार को रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### युवक ने दी जान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दाउदपुर मोहल्ले में एक युवक ने फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान दाउदपुर निवासी गोरख राम उर्फ अभय राम का पुत्र अजीत कुमार उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक के पिता गोरख राम ने थाने में यूडी केस दर्ज कराया है। दरअसल बताया जाता है कि अजीत कुमार सुखा नशा का आदी था, इसी को लेकर बराबर परिवार वालों के साथ वाद विवाद डांट फटकार होते रहती थी, लगातार हो रहा है डांट फटकार से तंग आकर पारिवारिक कला में कई दिनों से तनाव में चल रहा था उसके बाद शुक्रवार को अपने घर में पंखे से लटक कर इस आत्महत्या कर ली, इसकी जानकारी घंटों बाद परिवार वालों को मिली।

# बैंक व आभूषण दुकानों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बैंक, आभूषण दुकानों और एटीएम पर गलत निगाहें डालने वालों की अब खैर नहीं है। वहां लगे गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे से दुकानों के अंदर तथा आसपास के रास्ते से आते-जाते लोगों की रिकॉर्ड होने वाली हरकतों का सुक्षमता के साथ पुलिस अध्ययन करने में जुटी हैं। ऐसे में शुक्रवार को पुनपुन के केवड़ा थाना अंतर्गत बाजारों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी- 2 कन्हैया कुमार ने कई जगहों पर एटीएम बैंकिंग क्षेत्र और आभूषण दुकान की निरीक्षण किया। इसके साथ ही आभूषण दुकानदारों को



कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आभूषण दुकान में काम करने वाले सभी स्टाफ को सत्यापित करने के बाद ही उन्हें काम पर रखें और जैसे ही कोई किसी तरह की सूचना मिले तुरंत स्थानीय केवड़ा थाने की पुलिस को सूचना दें इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई, ग्राहकों के बीच जांच की गई है। उसके बाद कई बैंकों में जाकर वहां के सीसीटीवी के निरीक्षण किया गया मौके पर केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार पूरी टीम के साथ मौजूद रहे।

### मैट्रिक की छात्रा लापता

**बाढ (नबिटा संवाददाता)।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में सर्टिफिकेट लाने स्कूल गयी मैट्रिक की छात्रा लापता हो गई है। परिजनों ने गांव के ही युवक पर उसे गायब करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि-पत्र**

**सं.–डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2025–26/05, विषय** – डीडीयू मंडल के अन्तर्गत वरीय सेक्शन ए०सी० के अधीन पूरे मंडल के रनिंग रूम के सं. 555, 556 एवं 17 (पुराने एवं नये), 1102 डीडीयू, भभुआ, सासाराम, डेहरी एवं गया में 284 अदद् एयरकंडीशनर की व्यवस्था करने एवं साथ साथ पाँच वर्ष हेतु अनुरक्षण करने के संबंध में।, **कार्य करने की कुल लागत** : रु. 623357.54 के स्थान पर **कार्य के कुल लागत : रु. 6233577.54 पढ़ा जाय।** अन्य नियम एवं शर्त्तें पूर्ववत् ही रहेंगी।

**सहायक विद्युत अभियंता (सा०).**
कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा०). पू.म.रे., डी.डी.यू
पीआर/0532/डीडीयू/जीएस/सी/25–26/20


# दलित वंचितों को वोट से वंचित करने का आरोप

## मसौढ़ी में बसपा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में शुक्रवार को बसपा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजू दास ने की। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय प्रदेश प्रभारी सुरेश राम, प्रदेश महासचिव राजकुमार राम, व्यास मुनि दास और जनार्दन कुमार, अलख निरंजन शामिल रहे। केंद्रीय प्रदेश प्रभारी सुरेश राम ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी के बूथ स्तर तक विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीतिक तैयारी को धार देना था। प्रदेश महासचिव राजकुमार राम ने कहा की चुनाव आयोग दलित वंचितों को वोट के अधिकार छिनना चाह रही है। एक महीने में मतदाताओं को अपना प्रमाण पत्र



देना पड़ रहा है कैसे होगा। वहीं, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी सुरेश राम ने कहा कि कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज के लाखों लोगों को जमीन, शिक्षा और नौकरी मिली थी। इन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब बहुजन समाज को 5 किलो अनाज से नहीं, अनाज वाले उद्योग और रोज़गार से जोड़ना है। सम्मेलन जहां एक ओर पार्टी की चुनावी तैयारियों को नई दिशा देने वाला रहा। वहीं, दूसरी ओर कार्यकर्ताओं में नए उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। बैठक में गंगा विष्णुदास, कृष्ण दास, वीरेंद्र बिंद, कौशल कुमार, धर्मवीर कुमार आदी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बहुजन सरकार बनाने और बिहार बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधानसभा कमिटी, प्रखंड कमिटी, बूथ कमिटी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 'बूथ जीतो-चुनाव जीतो' के महामंत्र से जदयू कार्यकर्ता उत्साहित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** जनता दल यूनाइटेड द्वारा चलाए जा रहे 'नीतीश का काम - नीतीश का नाम' अभियान के तहत आज फुलवारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के उड़ानटोला, मुस्तफापुर, छोटकी सपहुआँ, बड़की सपहुआँ, अबगिला, मोहनपुर, तेतरी महादलित टोला सहित दर्जनों गांवों में संघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं जदयू एससी/एसटी प्रकोष्ठ के राज्य संयोजक अरुण मांझी ने जनता से अपील की कि वे आगामी 'मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025' में बढ़-चढ़कर भाग लें और बीएलओ से संपर्ककर सुनिश्चित करें कि किसी का भी नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए.

उन्होंने कहा की बूथ स्तर की मजबूती ही हमारी चुनावी सफलता की कुंजी है इसलिए सभी कार्यकर्ता 'बूथ जीतो - चुनाव जीतो' के महामंत्र को अपनाएं और गांव-गांव, घर-घर तक एनडीए सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएं. उन्होंने नीतीश सरकार द्वारा चलाई जा रही लोकहितकारी योजनाओं जैसे महादलित विकास मिशन, छात्रवृत्ति योजना, जल-नल योजना, महिला सशक्तिकरण योजना, सड़क व स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार आदि की जानकारी भी लोगों को दी. इस अवसर पर मुखिया चिपुरा पंचायत सतीश सिंह, पूर्व मुखिया रंभु सिंह, भाजपा नेता अशोक सिंह, जद यू0 नेता सुमित कुशवाहा, छोटू सिंह, सुबोध सिंह, सतीश सिंह, भवानी सिंह, कलु सिंह, बलिराम पासवान, विशुनदेव मांझी, जगेन्दर पासवान, बालम मांझी, रूपेश मांझी, बिजेंद्र मांझी, मानकी मांझी, सोनु मांझी, महेन्द्र राम, सीता देवी, एवं राकेश कुमार सिंह के साथ-साथ जनता की भारी भागीदारी देखी गई।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा–07–25–26

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना सं. – पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा– 07–25–26, 1. कार्य का नाम : पटना के दीघा घाट स्थित पाटलीपुत्रा रेल परिसर में मौजूदा ब्लॉक– "सी" (भूतल + 5 मंजिला) संरचना के उपर 28 टाईप –6 आवासों का निर्माण कार्य, 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹31,16,52,908; 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹17,08,300/– ; 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 24.07.2025, चौदह तीस बजे। 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई– निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/0534/सीओएन–एमएचएक्स/कॉन/टी/25–26/40



**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. एच डब्ल्यूएच-IV-01-25-26 (खुला) दिनांक: 02.07.2025,** उप मुख्य अभियंता/सीओएन/IV, पूर्व रेलवे, 371 आई, तेलकोलघाट, हावड़ा - 711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु मुहरबंद निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** रेलवे बोर्ड के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी सहित अंतिम स्थान सर्वेक्षण का संचालन करना, जिसमें आधुनिक सर्वेक्षण तकनीकों जैसे हवाई या स्थलीय लाईडार और/या ड्रोन फोटोग्रामेट्री का उपयोग करना शामिल है। रेलवे की रैखिक परियोजनाओं के लिए भू-तकनीकी जांच, सिग्नलिंग कार्य, विद्युत कार्य और चौथी लाइन/फ्लाईओवर लाइन/बाई-पास लाइन के निर्माण के लिए परिचालन कार्य (i) खाना-सैंथिया चौथी लाइन (84.10 किमी), (ii) मसाग्राम फ्लाईओवर (5 किमी), (iii) कटवा बाईपास जो बर्धमान-कटवा सिंगल लाइन को कटवा-अजीमगंज लाइन (10 किमी) से जोड़ता है और (iv) खाना जंक्शन में तलित स्टेशन को जोड़ने वाला बर्धमान बाईपास। पूर्व रेलवे पर बर्धमान-कटवा सिंगल लाइन (10 किमी) के साथ बर्धमान मुख्य लाइन; **निविदा मूल्य:** रु. 1,84,73,466.60; **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य। **बयाना राशि (रु.):** 2,42,400.00; **समापन अवधि:** 09 (नौ) महीने; **समापन तिथि:** 25.07.2025 को 12 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई/टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और यदि कोई मैन्युअल ऑफ़र प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(HWH-175/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर फेसिलिटेशन सेंटर बना प्रखंड सभागार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची की शुद्धता को लेकर अभियान शुरू हो चुका है. प्रखंड सभागार को फसेनिटेंशन सेंटर बनाया गया है। बीडीओ विभेष आनंद ने बताया कि एसडीओ दिव्या शक्ति के निर्देश पर फ़ेसिलिटेंशन सेंटर प्रखंड सभागार को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड सभागार में बीएलओ और पर्यवेक्षक एन्यमरेंशन फार्म को अपलोड करेंगे. उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य समय से पूरा करने व फार्म के संग्रहण, अपलोडिंग और रिपोर्टिंग में तेजी लाने को कहा। उन्होंने सभी बीएलओ को दिन की प्रथम पाली में अपने-अपने बूथ पर फार्म वितरण व संग्रहण और द्वितीय पाली में प्रखंड मुख्यालय जाकर भरे हुए प्रपत्र का अपलोडिंग करने का टास्क दिया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़ में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** कृषि विज्ञान केद्र, बाढ़, पटना में दिनांक 30.06.2025 से 04.07.2025 तक मशरूम उत्पादन विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र के डाध रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के निर्देशन में केन्द्र के प्रांगण में कुल पाँच दिनों तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गया। जिसका प्रशिक्षक डाध पुष्पम पटेल, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) थी। वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डाँ रीता सिंह ने मशरूम उत्पादन विषय के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि मशरूम औषधीय एवं पोषक तत्वों से प्रचुर होता है। मशरूम उत्पादन घरेलु महिलायें भी अपनाकर अच्छी पौष्टिकता के साथ-साथ आय के साधन के रूप में भी अपना सकती है। उन्होंने यह भी बतलाया कि मशरूम उत्पादन इकाई बहुत ही कम स्थान लेकर किसानों को अधिक मुनाफा करा सकता है। केन्द्र की वैज्ञानिक (उद्यान) डाध पुष्पम पटेल प्रशिक्षणार्थियों को दुधीया, ओएस्टर, पुआल एवं बटन मशरूम के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत रूप से बतलाया जैसे कंपोस्ट की तैयारी, केसींग मिट्टी तैयार करने की विधि, के साथ-साथ इसके मार्केटींग एवं इसके मूल्य वर्धित उत्पाद आदि के बारे में जानकारी दी गई।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-नीलामी/2025** **दिनांक : 03.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी श्रेणी :** पार्सल स्थान का पट्टा (एसएलआर); **ई-नीलामी सूची क्रम.: एएसएन-पीएआरसी-180725; ई-नीलामी प्रारंभ तिथि/समय:** 18.07.2025, 11:00 बजे। **क्रम सं. एवं ट्रेन सं. एवं एसएलआर** क्रमानुसार : **(1);** 12942 आसनसोल-भावनगर (आरएसएलआर-1)। **(2);** 12361 आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (आरएसएलआर-1)। **(3);** 19436 आसनसोल-अहमदाबाद (आरएसएलआर-1)। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-108/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बच्चे की मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड बेतिया मुख्य मार्ग में मेला चौक के समिप सड़क दुघर्टना में एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान मैनाटांड के अफजल अंसारी का पुत्र अली अंसारी 5 वर्ष बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तेज गति से आ रहे ई रिक्शा ने उक्त बच्चे को ठोकर मारी दी। जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन इलाज के लिए मैनाटांड अस्पताल लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए डाक्टरी ने बेतिया रेफर कर दिया। बेतिया ले जाने के क्रम में रास्ते में बच्चे की मौत हो गई।

### पुरानी रंजिश को ले विवाद में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई विवाद में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि शिकारपुर थाना के रखही गांव के नसीरूद्दीन अंसारी ने आवेदन पर लंगड़ी बासठा के हबीबूल्लाह मियां कलिमुल्लाह मियां,बजमूल होदा फकरूल होदा व जफरूल होदा के खिलाफ एफआईआर दर्ज पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मारपीट में 11 पर मुकदमा

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना के पकुहवा में कोर्ट परिवाद के आधार पर 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि रूदल यादव के आवेदन पर सीपाही यादव शंभू यादव अमीरका यादव समेत ग्यारह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### छात्रा ने की आत्महत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के न्यू बस स्टैंड बालकृष्ण कॉलोनी वार्ड 25 में गुरुवार की रात घर में पंखे से लटक इंटर की छात्रा नंदिनी वर्मा (17) ने आत्महत्या कर लिया है। नंदिनी बालकृष्ण कॉलोनी निवासी संजय कुमार वर्मा की पुत्री थी। वह इंटरमीडिएट की छात्रा थी। विगत छह दिन से वह नगर के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने जाती थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम करा रही है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### एसडीपीओ ने की थानाध्यक्ष के साथ बैठक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना के थानाध्यक्ष के साथ एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक के दौरान एसडीपीओ श्री सिंह ने अनुमंडल के सभी थानों के थानाध्यक्ष को क्राइम से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही अपने अपने क्षेत्र में मोहर्रम जुलूस निकालने से पहले शांति बहाल रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकालने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सीमावर्ती थाना क्षेत्र में गश्ती तेज करने असमाजिक तत्वों और जेल से छुटे अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नजर रखने तथा उन्हें प्रतिदिन थाने पर तलब करने का निर्देश दिया। मौके पर शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर अनुज कुमार समेत सभी थाना के थानाध्यक्ष मौजूद रहें।

### मोहर्रम जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोहर्रम जुलूस को शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। पुलिस असमाजिक तत्वों को चिन्हित कर करवाई कर रही है। सभी को नोटिस दिया जा चुका है। इसके अलावा मोहर्रम जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया की आपत्तिजनक खेल या प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा। पूरे जुलूस का वीडियोग्राफी किया जाएगा। जुलूस का अनुज्ञप्ति और अनुज्ञप्तिधारी का नाम पता और मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज फोटो सहित सभी विवरणी थाने में जमा कराएंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मार्गो का सत्यापन कर चौकीदार और दफादार की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### स्वच्छता पर्यवेक्षकों से शो कॉज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पांच पंचायतों में जल प्रबंधन का सर्वेक्षण में लापरवाही को लेकर पांच स्वच्छता पर्यवेक्षकों से बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि ग्रे वॉटर मैनेजमेंट (जीडब्ल्यूएम) जल प्रबंधन का सर्वेक्षण कार्य शत प्रतिशत नही करने वाले स्व्च्छता पर्यवेक्षको से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बीसी राम विनय प्रसाद ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के मामले स्पष्टीकरण के साथ उनके दो दिन के मानदेय कटौती की अनुशंसा भी की जा रही है। बीसी ने बताया कि इसमें रखही चंपापुर के बीरबल यादव, नौतनवा के मुकेश यादव, मलदहिया पोखरिया के अविनाश पासवान,भसुरारी के पर्यवेक्षक दिवाकर कुशवाहा, तथा भभटा के सुमन कुशवाहा शामिल हैं। बीसी ने बताया कि जल प्रबंधन स्वच्छता अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर प्रखंड प्रशासन की ओर से कार्यवाही की गई है।

### एकमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी राहुल शंकर, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि व क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। बैठक में आगामी मोहर्रम त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। एकमा सीओ राहुल शंकर व थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि मोहर्रम के ताजिया जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इस अवसर पर आपसी समन्वय व भाईचारे से त्योहार मनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाने का भी आश्वासन दिया गया। बैठक में योगेन्द्र शर्मा, बलिराम ठाकुर, सुरेश राय, कन्हैया राय, पवन कुमार, बच्चा सिंह, मोहम्मद मुस्लिम मियां, मोहम्मद नाजिम अंसारी, मोहम्मद रफी, परवेज अख्तर, फूल मोहम्मद अंसारी, रफीक अंसारी, कियामुद्दीन अंसारी आदि अन्य लोग शामिल थे।

### जिलाधिकारी ने लोक शिकायत के 12 मामलों की सुनवाई

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सारण अमन समीर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में 12 मामलों की सुनवाई की। इसमें 4 मामलों में अंतिम आदेश पारित किया गया जबकि 8 मामलों में अगली तिथि के लिए निर्देश दिए गए। तरैया के एक मामले में अंचलाधिकारी द्वारा अस्पष्ट प्रतिवेदन देने और कार्य में शिथिलता बरतने पर उन पर ₹1000 का आर्थिक दंड लगाया गया। डीएम ने कहा कि लोक शिकायतों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी सजग, संवेदनशील और सक्रिय बने रहें।

### मुहर्रम पर्व को लेकर मशरक में फ्लैग मार्च

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु मशरक में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। एसडीओ निधि राज, डीएसपी अमरनाथ, सीओ सुमंत कुमार, इंस्पेक्टर मनीष कुमार साहा और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार के नेतृत्व में यह मार्च नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरा। अधिकारियों ने शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### बोलेरो की टक्कर से वृद्ध घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के दलित टोला गांव में एक अनियंत्रित बोलेरो ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान किशुनपुरा निवासी भोथा राम (75) के रूप में हुई है। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता जताई है।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तरैया थाना परिसर में मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ पंकज कुमार सिंह, बीडीओ विभु विवेक और थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में गांव के प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए।

# बड़हरिया में लटकते 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आया टेम्पो, चालक की मौत

**बिजली विभाग की लापरवाही से गई एक बेकसूर की जान, गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम**

नवविहार टाइम्स ब्यूरो।

**बड़हरिया।** बड़हरिया में एक दर्दनाक हादसे में टेंपू चालक की मौत हो गई। हादसा थाना के ठीक पीछे हुआ, जहां सवारी स्टैंड पर लटकते हुए 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार की चपेट में एक टेंपू आ गया। इस घटना में टेंपू चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खानपुर गांव निवासी भोला साह के पुत्र 30 वर्षीय सोमारी साह के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौजूद स्थानीय लोग और टेंपू चालकों ने गुस्से में आकर सड़क जाम कर दिया। बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आक्रोशित लोगों का



कहना था कि कई बार तार को ठीक करने की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब एक घंटे बाद थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा के समझाने के बाद जाम हटाया गया।

**बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप, फोन तक नहीं उठा रहे थे अधिकारी**

स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों का कहना था कि तार कई दिनों से लटक रहा था, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद जब अधिकारियों को फोन किया गया तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा।

**मृतक सोमारी साह के हैं तीन छोटे बच्चे, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। सोमारी साह के तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू कुमार सोनी ने कहा कि यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही से हुई है। उन्होंने प्रशासन से मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

**एफआईआर के बाद मिल सकता है मुआवजा, पुलिस करेगी कार्रवाई**

थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा आवेदन देने के बाद बिजली विभाग के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही मृतक के परिवार को चार लाख रुपये मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया है।

**लोगों की मांग – जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्रवाई**

घटना से नाराज स्थानीय लोगों और चालकों की मांग है कि इस मामले में बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। साथ ही पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की तत्काल जांच कर लटकते तारों को हटाया जाए।

## गांजा कारोबारी को चार वर्ष की सजा, 40 हजार जुर्माना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रतिबंधित गांजा की बिक्री करते हुए गांजा के साथ पकड़े गए एक कारोबारी को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वासधर दुबे ने दोषी पाते हुए उसे चार वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है एवं उसके ऊपर चालीस हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना का भुगतान नहीं करने पर उसे 6 महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सजायाफ्ता गुलाम मियां बालकृष्ण कॉलोनी बस स्टैंड बेतिया का रहने वाला है। एनडीपीएस एक्ट के विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि घटना वर्ष 2019 की है। नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बालकृष्ण कॉलोनी में गुलाम मियां अपने घर में गांजा रखकर उसकी बिक्री कर रहा है ।

## केवीके में बकरी पालन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में बिगत मंगलवार से शुरू हुए चार दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को सफलता पूर्वक किया गया।यह प्रशिक्षण विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने और उन्हें आधुनिक पशुपालन तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक



एवं प्रधान डॉ.अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन एक अत्यंत लाभकारी एवं कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है। इस व्यवसाय को अपनाकर ग्रामीण युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गोकुल मिशन माधोपुर से आमंत्रित वैज्ञानिक डॉ. राजीव कुमार अस्थाना और डॉ. रंजन कुमार ने प्रतिभागियों को बकरी पालन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।उन्होंने बताया कि बकरी पालन में उन्नत नस्लों का चयन, संतुलित आहार एवं पोषण प्रबंधन, रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार, नियमित टीकाकरण,उचित आवास व्यवस्था तथा विपणन रणनीतियों का विशेष महत्व होता है। प्रतिभागियों को इन विषयों पर गहन जानकारी दी गई ताकि वे व्यवसाय को व्यावहारिक रूप से आरंभ कर सकें।कार्यक्रम के समापन सत्र में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.जगपाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए और युवाओं से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतारें और बकरी पालन जैसे लाभकारी व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनें।समापन अवसर पर केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डॉ. सौरभ दुबे, श्री राम रंजन एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। सभी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि इससे उन्हें बकरी पालन के क्षेत्र में स्वरोजगार के नए अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई है।

## पर्यावरण प्रदूषण विश्व के समक्ष एक चुनौती : डॉ सत्य प्रकाश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यावरण प्रदूषण से आज पूरा विश्व जूझ रहा है। यह विश्व के समक्ष एक चुनौती है। इसका नियत समय पर समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाली पीढ़ी को हम स्वस्थ्य वातावरण नहीं दे सकेंगे। दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा पर्यावरण प्रदूषण आतंकवाद से भी कहीं ज्यादा भयावह है। आतंक से एक दो देश प्रभावित है लेकिन पर्यावरण प्रदूषण से पूरा विश्व। बैरिया प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, बथना में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में पहुंचे गोपालगंज के पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश ने पौधा लगाते हुए कही। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण मित्र व ग्रीन मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ सत्य प्रकाश, प्रधानाध्यापक दिनेश्वर मिश्र, वरीय शिक्षक प्रमोद राम ने पौधा लगाकर किया। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने के लिए फलदार, छायादार और लंबी आयु के पौधे लगाए।

## हत्या कर सड़क किनारे फेंका मिला युवक का शव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पर्वतिया टोला निवासी रघुनाथ राम के पुत्र चुन्नीलाल राम की मारपीट व गला दबाकर हत्या कर दी गई है। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे बेतिया-मोतिहारी मुख्य पथ के समीप बरवत लच्छु जानेवाली सड़क किनारे लोगों ने शव देखा। सड़क किनारे शव देखते ही सनसनी फैल गई। वहां लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसडीपीओ विवेक दीप व मुफस्सिल थाना के दारोगा संतोष कुमार तिवारी मौके पर और शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के सिर पर जख्म का निशान मिला है। मृतक की पत्नी चांदनी देवी ने बताया जगदीशपुर कपूरी चौक के विशाल कुमार गुरुवार की दोपहर उसके पति



को फोन कर बुलाए थे। विशाल कुमार पर्वतिया टोला के एक निजी विद्यालय में शिक्षक है। चांदनी देवी ने बताया कि पति के घर से जाने के बाद वह उनके पास फोन की थी। तब उन्होंने कहा था कि खेत में काम कर रहे हैं 10-15 मिनट में आ रहे हैं। बाद में फोन करने पर फोन नहीं लग रहा था। रात में दो बार घंटी हुई। उसके बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। एसडीपीओ ने बताया कि युवक की हत्या की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले की सुक्ष्मता से जांच की जा रही है।

## मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिक अब आरओ के पानी से बुझाएंगे प्यास

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों को अब शुद्ध पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। नगर पंचायत द्वारा लगभग तीन लाख रुपये की लागत से वाटर एटीएम की स्थापना कराई जा रही है। ताकि नागरिकों को साफ और शुद्ध पानी आसानी से मिल सके। इसकी जानकारी देते हुए नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने बताया कि पहले चरण में नगर पंचायत क्षेत्र के दस स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित कर दिया गया है। इसके बाद दूसरे चरण में शेष दस स्थानों पर भी एटीएम लगाए जाएंगे। तीसरे चरण के तहत सभी नल-जल टंकियों के पास वाटर एटीएम की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वाटर एटीएम में दो नल लगाए गए हैं। एक से शुद्ध ठंडा पानी और दूसरे से सामान्य पानी उपलब्ध होगा, जिससे नागरिक अपनी सुविधा अनुसार पानी प्राप्त कर सकेंगे। विशाल कुमार ने यह भी जानकारी दी कि पहले चरण में जिन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई जा सकी थी, वहां भी जल्द ही स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। ताकि लोगों को रात्रि में भी समुचित प्रकाश मिल सके और वाटर एटीएम का लाभ निर्बाध रूप से लिया जा सके। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आने वाले समय में सड़क और नाली की समस्याओं का समाधान, पइन व पोखरों का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। जिससे नगर पंचायत क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके।

**मांझी में वाटर एटीएम लगाने की योजना पर तेजी से हो रहा है कार्य**

## सरकारी कार्यालयों की सफाई का जिम्मा अब जीविका दीदियों के कंधों पर, 80 से अधिक महिलाओं को मिला रोजगार

**छपरा (सारण)/नबिटा ब्यूरो।** सारण जिले में अब सरकारी कार्यालयों की साफ-सफाई का जिम्मा जीविका दीदियों ने संभाल लिया है। मंगलवार से जिले के विद्युत आपूर्ति अंचल छपरा, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पूर्वी और पश्चिमी के कार्यालयों में जीविका दीदियों द्वारा सफाई कार्य की शुरूआत की गई। फिलहाल छपरा सदर में दो, जबकि तेलपा और शीतलपुर में तीन-तीन जीविका दीदियाँ कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई का कार्य कर रही हैं। इस पहल से इन महिलाओं को सीधे रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। बिहार सरकार के हालिया निर्णय के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जीविका दीदियाँ जल्द ही सफाई कार्य शुरू करेंगी। इससे जहां कार्यालयों में स्वच्छता कायम होगी, वहीं स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसर भी मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्थानीय रोजगार के अवसरों की मांग उठाई थी, जिस पर सरकार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।

# मालमलिया चौक पर खून की होली: धारदार हथियार से तीन युवकों की हत्या, दो गंभीर घायल

**मामूली विवाद ने लिया खूनी मोड़, चौक में पसरा सन्नाटा, दहशत में लोग ● परिजनों की चीत्कार से गूंजा इलाका, बाजार बंद, मालमलिया बना छावनी**

नव विहार टाइम्स ब्यूरो।

**बसंतपुर/ भगवानपुर।** सिवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के मालमलिया चौक शुक्रवार को उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जब एक मामूली विवाद ने हिंसक और खूनी रूप ले लिया। देखते ही देखते हथियारबंद बदमाशों ने धारदार हथियार से तीन युवकों की निर्मम हत्या कर दी, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ ही देर में चौक वीरान हो गया। तीन की जान गई, दो जूझ रहे जिंदगी से अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत गंभीर, सदर अस्पताल किया गया रेफर

**मृतकों की पहचानः** मुन्ना सिंह - पिताः सूचित सिंह, निवासीः कौरिया बाइस्टोली, रोहित सिंह -पिताः अखिलेश सिंह, कन्हैया सिंह -पिताः राजनारायण सिंह।

**गंभीर घायलः** करण कुमार -पिताः सूरज सिंह, रौशन कुमार -पिताः टुनटुन सिंह। दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल से सिवान सदर अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बात बहस से शुरू हुई, कुछ ही मिनटों में हो गया कत्लेआम। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- पहले कहासुनी हुई, फिर बरसने लगे हथियार। स्थानीय लोगों के अनुसार, मालमलिया चौक पर पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही पलों में खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि हमलावर पहले से घात लगाए बैठे थे और मौके मिलते ही धारदार हथियारों



से हमला बोल दिया। हमला इतना तेज था कि तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**पुलिस बल तैनात, लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रोक**

हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। मालमलिया चौक को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बाजार बंद करा दिया गया है और चौक क्षेत्र में आम लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। घटनास्थल पर सीनियर पुलिस अफसरों की मौजूदगी बनी हुई है।

**कहा- दोषियों की जल्द गिरफ्तारी हो, नहीं तो करेंगे आंदोलन**

घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचे। वहां का मंजर बेहद दर्दनाक था झ हर ओर चीख-पुकार, चीत्कार और मातम पसरा हुआ था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए, वरना वे उग्र आंदोलन करेंगे।

**एसपी ने कहा-रंजिश की आशंका, जल्द होंगे गिरफ्तार**

हत्या के पीछे पुरानी दुश्मनी का अंदेशा, पुलिस जुटी जांच में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बहुत जल्द सभी दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जांच में जुटी पुलिस, सीसीटीवी खंगाले जा रहे**

एफएस एल टीम भी घटनास्थल पर पहुँची, सबूत जुटाने में लगी पुलिस की टीम घटनास्थल पर मौजूद है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। स्थानीय थाने के अलावा अन्य थानों की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है।

## एचपी इन्टरप्राइजेज का उद्घाटन

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कैथवलिया जाने वाली मुख्य सड़क में बिजय गुप्ता के मकान में एचपी इन्टरप्राइजेज इलेक्ट्रिक स्कूटी मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन सभापति सीता देवी, उपसभापति प्रतिनिधि धीरज सिंह उर्फ लड्डू सिंह, पूर्व मुखिया संजय कुमार, प्रोपराइटर हिमांशु कुमार उर्फ रिषी कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। प्रोपराइटर हिमांशु उर्फ रिषी कुमार ने बताया कि हमारे इस एचपी इन्टरप्राइजेज शोरूम में ठकुराल कंपनी का ई रिक्शा, एवं मेसटरौन कंपनी का स्कूटी मिलता है।

## छपरा-आनंद विहार के बीच 5 और 12 जुलाई को होगा अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन

**पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष पहल**

**छपरा/सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा छपरा और आनंद विहार टर्मिनस के बीच अनारक्षित विशेष गाड़ी 05317/05318 का दो फेरे के लिए संचालन किया जा रहा है। यह विशेष गाड़ी 5 और 12 जुलाई 2025 (शनिवार) को छपरा से तथा 6 और 13 जुलाई 2025 (रविवार) को आनंद विहार टर्मिनस से चलाई जाएगी। 05317 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस (विशेष गाड़ी): यह गाड़ी छपरा से शाम 7:45 बजे प्रस्थान करेगी और क्रमशः सीवान (21:05), देवरिया सदर (22:10), गोरखपुर (23:35), बस्ती (00:50), गोण्डा (02:25), सीतापुर (05:10), सीतापुर सिटी (05:30), शाहजहाँपुर (06:10), बरेली (07:20) और मुरादाबाद (09:00) होते हुए अगले दिन दोपहर 12:30 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। 05318 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा (विशेष गाड़ी): यह गाड़ी आनंद विहार टर्मिनस से दोपहर 3:00 बजे प्रस्थान करेगी और मुरादाबाद (19:20), बरेली (20:50), शाहजहाँपुर (22:02), सीतापुर (00:20), गोण्डा (03:05), बस्ती (04:50), गोरखपुर (06:10), देवरिया सदर (07:25), सीवान (08:30) होते हुए सुबह 10:00 बजे छपरा पहुंचेगी।

**Affidavit**

I, hitherto known as Rahul Kumar s/o Pawan Kumar Vill- Chhoti Keshopur, Post- Jamalpur, Thana - Jamalpur Dist.- Munger Bihar 811214 have changed my name and shall hereafter be known as Roshan Kumar. Affidavit no. 6489 dated 05.06.2025

# गोरेयाकोठी में एफसीआई के तेज रफ्तार ट्रक ने ली मैकेनिक की जान

**उपेंद्र यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत, ग्रामीणों ने भाग रहे चालक को दबोच पुलिस को सौंपा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

**गोरेयाकोठी (सीवान)।** गुरुवार देर रात गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार एफसीआई ट्रक ने 32 वर्षीय फ्रिज मैकेनिक उपेंद्र यादव को कुचल दिया। जोरदार टक्कर के बाद उपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक मुस्तफाबाद गांव का रहने वाला था और घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था।



**सामने से टक्कर, सड़क पर गिरे ही टूट गई सांसें**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उपेंद्र जैसे ही गोपालपुर मोड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एफसीआई की ट्रक ने तेज रफ्तार में उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उपेंद्र सड़क पर गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे सीवान सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**ग्रामीणों का गुस्सा फूटा, चालक को दौड़ा कर पकड़ा**

हादसे के बाद जब चालक ट्रक लेकर भागने लगा तो आक्रोशित ग्रामीणों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। इसके बाद उसे गोरेयाकोठी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**एफसीआई की ट्रक जब्त, चालक पर प्राथमिकी दर्ज**

सूचना मिलते ही गोरेयाकोठी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

**परिवार का सहारा छिना, गांव में मातम का माहौल**

मृतक उपेंद्र यादव अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। गांव में उसकी मौत से मातमी सन्नाटा छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा और गोपालपुर सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

**एसडीपीओ ने दी जानकारी, ट्रक की रफ्तार ही बनी मौत की वजह**

महाराजगंज एसडीपीओ राकेश रंजन ने बताया कि बीती रात एफसीआई की ट्रक से सड़क हादसा हुआ था, जिसमें एक युवक की जान चली गई। प्रारंभिक जांच में ट्रक की तेज गति और चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना गया है। ट्रक जब्त कर लिया गया है और चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# टोटो और बाइक की टक्कर में एक की मौत, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थानक्षेत्र के दाउदनगर- पचरुखिया एनएच 120 पथ में उच्छाहल बिगहा मोड़ के समीप टोटो और बाईक की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकी पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का सीएचसी हसपुरा में प्राथमिक इलाज के उपरांत मगध मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल गयाजी में उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सुबह लगभग 11 बजे दाउदनगर के तरफ से एक टैम्पो गोह के तरफ जा रही थी। दूसरे तरफ से एक बाईक पर सवार तीन लोग दाउदनगर की ओर जा रहे थे।


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

जैसे ही दोनों उच्छाहल बिगहा मोड़ के पास पहुंचे आमने- सामने से जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर इतना जबदस्त था की टोटो और बाईक दोनों के परखच्चे उड़ गए। घटना को देख ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा लाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा के बाद सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में टोटो पर सवार 24 वर्षीय मुन्ना कुमार एवं 22 वर्षीय संतोष कुमार दोनों दाउदनगर के लीलाचक के निवासी है। 50 वर्षीय रणविजय महतो दाउदनगर मखरा के है जबकि 62 वर्षीय राजा रविदास गोह के पोखराहा गांव के है। वहीं बाईक सवार 22 वर्षीय संतोष कुमार एवं 35 वर्षीय पिंटू कुमार गोह के जाजापुर गांव के है। घायलों में मुन्ना कुमार व पिंटू कुमार की स्थिति काफी गंभीर थी। जानकारी मिली की पिंटू कुमार की मौत गयाजी जाने के क्रम में रास्ते में ही हो गयी। जिसकी पुष्टि मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकिसकों ने कर दिया।

## स्पर्शाघात से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विद्युत तार की चपेट में आने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना माली थाना क्षेत्र के सिमरा उचित भान गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सतेंद्र मेहता की 50 वर्षीया पत्नी मालती देवी के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह वह घर से मुंग तोड़ने बधार में गई थी। जहां पहले से टूट कर गिरा 11000 केवीए के हाई टेंशन विद्युत तार उसे दिखाई नहीं दिया और पैर अचानक विद्युत के तार पर चला गया। वह करंट के चपेट में आकर झुलसने लगी। आसपास के लोगों ने जब उसे देखा तो किसी तरह तार से अलग किया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दीं। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनता दरबार का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 13 परिवादियों ने अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। नागरिकों द्वारा भूमि विवाद, सड़क और जल निकासी की समस्या, नाली-गली की स्थिति, बहाली में अनियमितता तथा अतिक्रमण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। हसपुरा प्रखंड के ग्राम पचरूखिया, पोस्ट धमनी निवासी विकास कुमार ने भूमि क्रय-विक्रय रोक सूची से नाम हटाने का अनुरोध किया। वहीं देव प्रखंड के ग्राम ढिबरा, पंचायत बनुआं से आए सुनील भुईया एवं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ढिबरा से महादलित टोला तक बनने वाली स्वीकृत सड़क का निर्माण संवेदक द्वारा किसी अन्य स्थान पर कर दिया गया है। रफीगंज प्रखंड के ग्राम भेटानियों निवासी उदित कुमार ने टोला सेवक एवं शिक्षा सेवक के चयन में गड़बड़ी की शिकायत की। औरंगाबाद प्रखंड के ग्राम करेजा निवासी सिकंदर कुमार ने घरेलू जल निकासी की समस्या को सामने रखा, जबकि बारून थाना क्षेत्र के सिरिस टोले, भोपतपुर की रजनी देवी उर्फ राजपति देवी ने पुनपुन नदी के कटाव से अपने घर को हो रहे खतरे की ओर ध्यान आकृष्ट किया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की



समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक परिवाद की निष्पक्ष जांच करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके। जनता दरबार की समाप्ति पर जिला पदाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन आमजन के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार जिले के नागरिकों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित हो चुका है, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

## विभिन्न कांडों में 33 आरोपित गिरफ्तार

**■ कानून-व्यवस्था मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : एसपी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाईयों को अंजाम दिया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 2, हत्या प्रयास में 4, शराब के शीर्ष कांडों में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 832 वाहनों की जांच की गई जिसमें 52000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 12 है। वहीं कुर्की निष्पादन संख्या 6 है। 16.4 लीटर देसी शराब एवं 1 ट्रैक्टर बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की मानें तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## प्रत्येक परिवार तक गणना प्रपत्र की सुलभता करें सुनिश्चित : डीएम

**■ जिलाधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता, निगरानी एवं पर्यवेक्षण का कार्य निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा देव एवं मदनपुर प्रखंडों के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों का भ्रमण



कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित प्रखंडों में कार्यरत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे गणना प्रपत्र की भौतिक जांच की गई तथा अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से गणना प्रपत्र की उपलब्धता, वितरण की प्रगति, प्रविष्टियों की गुणवत्ता, त्रुटिरहित विवरण सुनिश्चित करने की प्रक्रिया तथा पूर्ववर्ती मतदाता सूची से तुलना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक नामांकन से वंचित न रह जाए तथा प्रत्येक परिवार तक गणना प्रपत्र की सुलभता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न गांवों में स्वयं आम नागरिकों के घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया से अवगत कराया एवं समय पर पूर्ण एवं सही विवरण तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों से यह अपील की कि ''मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहभागी बनने का कर्तव्य भी है। सभी योग्य नागरिक अपने विवरण समय पर अपडेट कराएं एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें।'' जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक सभी बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक परिवार के सभी पात्र सदस्यों का विवरण संकलित किया जाना है। अंत में जिला प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों से यह अनुरोध किया गया कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क बनाए रखें। आवश्यक दस्तावेज एवं सही जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं तथा स्वयं एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर उठाएं जरूरी कदम : श्रीकांत शास्त्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की प्रवृत्ति, उनके कारणों तथा रोकथाम हेतु उठाए जा सकने वाले ठोस एवं प्रभावी उपायों पर गंभीरतापूर्वक विमर्श किया गया। बैठक के आरंभ में जिलाधिकारी द्वारा जिले में विगत महीनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार जून 2025 तक जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 206 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 118 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने इसे अत्यंत ही गंभीर और चिंताजनक बताया तथा संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभागीय समन्वय और कर्तव्यों के निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर आवश्यक संरचनात्मक सुधार जैसे- साईनेज, चेतावनी बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स एवं स्पीड ब्रेकर इत्यादि की शीघ्र स्थापना सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अभियंताओं को दिया। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की रोकथाम हेतु जिले में हेलमेट एवं सीट बेल्ट जांच अभियान को और अधिक सघन, सुनियोजित तथा




परिणामोन्मुख बनाने की आवश्यकता जताई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि परिवहन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निदेशों के आलोक में औरंगाबाद जिले में लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक तथा सभी थाना प्रभारी नियमित रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट की जांच कर रहे हैं। नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए शमन शुल्क की वसूली की जा रही है। माह अप्रैल से अबतक 2025 में विभाग द्वारा निर्धारित 1 करोड़ 91 लाख रूपये के राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध 3 करोड़ 51 लाख 90 हजार रूपये की राशि वसूली गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 184.24 प्रतिशत है, जो अभियान की सफलता को दर्शाता है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में संचालित वाहनों की सघन जांच की जा रही है, जिसके तहत अब तक 48 डिफाल्टर वाहनों पर शमन की कार्रवाई की गई है तथा यह प्रक्रिया सतत रूप से संचालित है ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हिट एंड रन मामलों की अद्यतन जानकारी साझा करते हुए यह बताया गया कि 1 अप्रैल 2022 से अब तक जिले में इस श्रेणी के अंतर्गत कुल 368 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 354 मामलों को जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर बीमा कंपनी को अग्रसारित किया गया है। इनमें से अब तक 259 लाभुकों के खातों में मुआवजा राशि का भुगतान हो चुका है। वहीं नन हिट एंड रन श्रेणी में जिले से कुल 145 मूल संचिकाओं को ट्रिब्यूनल कोर्ट, गया में भेजा गया है, जिनका निराकरण प्रचलन में है। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा सड़क सुरक्षा की दिशा में सामूहिक प्रयास, जन-जागरूकता अभियान, विभागीय समन्वय तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा सड़क सुरक्षा की दिशा में सामूहिक प्रयास, जन-जागरूकता अभियान, विभागीय समन्वय तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

## शांति भंग करने वाले तीन युवकों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुहर्रम को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में है ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न हो सके। गुरुवार को बड़ेम थानाध्यक्ष सिमरन राज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के दरिया गांव से कुछ युवकों के द्वारा इंस्टाग्राम पर अवैध हथियार के साथ पोस्ट डालकर मुहर्रम पर्व पर भय का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है और वह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है तथा इस कृत्य से शांति भंग होने की संभावना है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु औरंगाबाद पुलिस के द्वारा दरिया गांव पहुंचकर आस-पास के लोगों से पूछताछ किया गया। उक्त तीनों युवकों की पहचान रिजवान अंसारी, आरिफ राजा एवं मोदसीर के रूप में की गई। तत्पश्चात उक्त तीनों युवकों को हिरासत में लेते हुए विधिवत रूप से घर की तलाशी ली गई तो हथियार जैसा दिखने वाला तीन वस्तुओं को जब्त किया गया। जब्त वस्तुओं की गहनता से जांच पड़ताल की गई तो पाया गया कि लकड़ी को काट कर हथियार जैसा आकार बनाकर काले टेप से लपेटा गया था, जो सोशल मीडिया पर असली हथियार जैसा प्रतीत हो सके और लोगों के बीच भय का माहौल उत्पन्न किया जा सके।

## पटना विश्वविद्यालय में स्पॉट राउंड में नामांकन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी में अलग-अलग कॉलेज के ग्रैजुएशन रेगुलर और वोकेशनल कोर्स में एडमिशन के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट के अनुसार नामांकन के बाद भी खाली रह गई सीटों पर अब छात्र स्पॉट राउंड में एडमिशन करा सकते हैं। इसके लिए छात्र आज से स्पॉट राउंड में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद मेरिट लिस्ट यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर 8 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। स्पॉट राउंड में एडमिशन के लिए डिटेल्स और विभिन्न विषयों में खाली बचे स्थानों का सीट मैट्रिक्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसे देखकर ही नामांकन के लिए इच्छुक छात्र अपना फिर से विकल्प का चयन करेंगे। यदि किसी छात्र के पहले दिए आवेदन में कोई गलती हो तो स्टूडेंट को भी इसमें सुधारने का मौका दिया गया है। आवेदन के बाद स्टूडेंट्स प्रिंटआउट निकाल लेंगे। इसके बाद उन्हें निर्धारित समय पर स्पॉट राउंड में उपस्थित होकर अपने काउंसलिंग और एडमिशन प्रक्रिया में भाग लेना होगा। अब तक स्नातक रेगुलर और वोकेशनल कोर्स में 3400 एडमिशन हुए हैं। अभी करीब 1000 सीटें खाली हैं। दूसरी ओर बुधवार को सभी कॉलेजों में स्नातक का इंडक्शन मीट का आयोजन प्रिंसिपल और कॉलेज के शिक्षकों के द्वारा किया गया। इधर 3 जुलाई से कक्षाएं शुरू हो गई है। नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई शुरू हो गई है।

## रेस्टोरेंट ऑनर ने दी खुदकुशी की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर में बुधवार को कैंट रोड स्थित आशियाना महिंद्रा एनक्लेव के चौथे तल पर कैलम रेस्टोरेंट में आग लग गई थी। आग बुझाने के दौरान रेस्टोरेंट मालिक और उनके परिजनों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस हमले में 3 दारोगा घायल हो गए। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार की शिकायत पर पुलिस ने रेस्टोरेंट के एमडी मोहम्मद इरशाद आलम, उनके पुत्र समेत 26 नामजद और 15 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है। वहीं, घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रेस्टोरेंट में घरेलू गैस के इस्तेमाल और फायर सेफ्टी एनओसी की जांच कर रही है। इस मामले में दूसरी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। इधर, रेस्टोरेंट मालिक मोहम्मद इरशाद आलम ने एक वीडियो जारी कर आत्मदाह की धमकी दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आग लगने के दौरान पुलिस ने उनके और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बिना वारंट के उनके परिवार और कर्मचारियों को गिरफ्तार कर रही है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## पीरियड्स नहीं बनेगी महिला एथलीट्स के मेडल में बाधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में महिला खिलाड़ियों के लिए मेंस्ट्रुअल हेल्थ पॉलिसी बनाई जा रही है। बिहार पहला राज्य बनेगा जो महिला खिलाड़ियों के लिए यह पॉलिसी लाएगा। इसे लेकर आज 27 लोगों की कमेटी बैठी है, जो इस पॉलिसी को ड्राफ्ट करने के लिए सभी विषयों पर चर्चा कर रही है। इसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। इसमें ओलंपियन एथलीट, कोच, लीगल एक्सपर्ट, डाइटिशियन, साइकोलॉजिस्ट, प्रोफेसर, गाइनेकोलॉजिस्ट, सहित अन्य लोग मौजूद हैं। इसकी ड्राफ्टिंग होने के बाद इसे सरकार के पास पेश किया जाएगा और कैबिनेट से अप्रूवल मिलने के बाद लागू होगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने कहा कि जब फीमेल एथलीट्स पीरियड्स में होती है, तो उनकी ट्रेनिंग बाधित होती है, कंपटीशन में भी असर पड़ता है। इससे मानसिक और शारीरिक तनाव आ जाता है। आज का वर्कशॉप पॉलिसी ड्राफ्ट करने के लिए है। इसका नाम मेंस्ट्रुअल हेल्थ पॉलिसी फॉर वेलनेस ऑफ फीमेल एथलीट्स रखा गया है। इस पॉलिसी को ड्राफ्ट करने में आज एक कमिटी बिहार में बैठी है। यह जब लागू हो जाएगा, तो दूसरे राज्यों के लिए एक रोल मॉडल होगा। आज के वर्कशॉप के बाद जो रिजल्ट आएगा, उसके बाद 10 दिन तक रिव्यू कर फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। फिर इस पॉलिसी को प्रोपोजल के रूप में सरकार को पेश किया जाएगा, जिसके बाद कैबिनेट में अप्रूवल होकर यह लागू होगा। आज के कमिटी में शामिल ओलंपियन स्विमर माना पटेल ने कहा कि बिहार एक ऐसा स्टेट है जिसने यह पॉलिसी बनाने के बारे में सोचा है। मुझे 15 साल का एथलेटिक एक्सपेरिएंस है और मुझे पता है कि इस पॉलिसी की कितनी जरूरत है। हमारे स्पोर्टिंग सिस्टम में अब तक इसकी कमी रही है। आज कमिटी के सभी मेंबर ने मिलकर डिस्कशन किया है। फीमेल एथलीट्स के करियर को ध्यान में रखते हुए हम कोई भी फैसला लेंगे। वहीं, बिहार पुलिस अकादमी की डायरेक्टर आर. मलार विझी ने कहा कि यह एक ऐसा विषय है जिस पर मैंने भी कभी खुलकर बात नहीं किया है। यह एक ऐसा विषय है जिस पर हम यह नहीं सोचते हैं कि हमारी प्रोफेशनल लाइफ पर इसका क्या असर पड़ सकता है। मगर आज इसी चीज पर चर्चा करने हम बैठे हैं। बहुत सारी ऐसी महिला एथलीट है जो इसके कारण मेडल लेते-लेते रह जाती हैं, उनके लिए क्या सॉल्यूशन निकाला जाए इसके लिए आज हम लोगों ने खुलकर डिबेट किया है। रविंद्रन शंकरण ने बताया कि हम लोगों ने पिछले 1 साल से एक सर्वे किया था, जिसमें महिला खिलाड़ियों से बातचीत हुई। उससे हमें यह पता चला कि बिहार की 75% महिलाएं पीरियड्स के चलते खेल को छोड़ देती हैं।